आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

आयोग ने कहा आईकार्ड नहीं देख सकते पुलिसकर्मी फिर भी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 21 नवंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 40

www.janexpresslive.com/epaper



पी चिदंबरम की पोस्ट से मणिपुर कांग्रेस... 12

# सीएम योगी और अखिलेश के लिए 'साख का सवाल' बना उपचुनाव

## प्रदेश की सभी नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में कहीं बवाल, कहीं छिटपुट झड़प

- माननीयों के बिगड़े बोल, आरोप-प्रत्यारोप का दिनभर चला दौर

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

**राज्य मुख्यालय।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों का उपचुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए 'साख का सवाल' बन गया है। सत्ताधारी भाजपा उपचुनाव की सभी सीटों पर कमल खिलाकर लोकसभा चुनाव की हार की टीस भुलाना चाहती है, वहीं मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी लोक सभा जैसी ही जीत की उम्मीद पाले बैठी है। खैर जो भी हो, चुनाव परिणाम आने के बाद ये साफ हो जाएगा कि कहां साइकिल पंक्चर हुई और कहां कमल मुरझाया।



### शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत

कुंदरकी में 57.32 प्रतिशत
करहल में 53.92 प्रतिशत
कटेहरी में 56.69 प्रतिशत
गाजियाबाद में 33.30 प्रतिशत
सीसामऊ में 49.03 प्रतिशत
मीरापुर में 57.02 प्रतिशत
मंझवा में 50.41 प्रतिशत
खैर में 46.35 प्रतिशत
फूलपुर में 43.43 प्रतिशत

### सात पुलिसकर्मी सस्पेंड, सबसे ज्यादा मुरादाबाद में तीन

मतदान के बीच चुनाव आयोग ने सात पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। सबसे ज्यादा मुरादाबाद में तीन, कानपुर और मुजफ्फरनगर में 2-2 पुलिसकर्मी सस्पेंड कर दिए हैं। प्रमुख विपक्षी दल सपा ने आरोप लगाते हुए आयोग से शिकायत की थी कि वोटर आईडी चेकिंग करने के नाम पर मतदाताओं को वोट डालने से रोका जा रहा है। जिसके बाद चुनाव आयोग ने कार्रवाई की।

### करहल में दलित युवती की हत्या

वोटिंग वाले दिन बुधवार को तड़के में बंद बोरे में युवती का शव मिलने से तनाव पूर्ण माहौल हो गया। मृतका के पिता ने सपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी को वोट देने की बात कहने पर बेटी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। करहल सीट पर दोपहर तीन बजे तक 44.64 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

### सीसामऊ में बीजेपी प्रत्याशी की गाड़ी पर पथराव

उपचुनाव के दौरान सीसामऊ सीट पर इमली चौराहे के पास भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी की गाड़ी पर पथराव की घटना सामने आई है। सुरेश अवस्थी ने इस घटना के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह हमला जानबूझकर कराया गया है, ताकि भाजपा के चुनाव प्रचार को प्रभावित किया जा सके। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश देने के साथ ही क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है।

### कटेहरी में सांसद लालजी ने दिखाई आंखें, पुलिस अधिकारी से कहा चितकबरा

अंबेडकर नगर की कटेहरी विस सीट पर माननीय ने मर्यादा की सारी हदें पार कर दीं। मतदान के बीच मतदाताओं को रोकने की शिकायत पर सपा सांसद लालजी वर्मा ने एक पुलिस अधिकारी को खरी खोटी सुनाते हुए अपशब्द कहे। पुलिस इंस्पेक्टर को चितकबरा कहने पर बीजेपी एमएलसी हरिओम पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि सपा सांसद के बर्ताव से लगता है कि सपा पार्टी की मानसिक रूप से दिवालिया हो गई है।

### प्रदूषण बना बाधा, गाजियाबाद में सबसे धीमा मतदान

गाजियाबाद सीट के ज्यादातर पोलिंग बूथों पर सन्नाटा रहा। सुबह नौ बजे तक यहां इक्का-दुक्का वोटर ही नजर आए। दोपहर तीन बजे तक 27.44 प्रतिशत रहा जो प्रदेश की सभी नौ सीटों पर हुए मतदान से कम है। लोगों की मानें तो इसकी सबसे बड़ी एनसीआर में बढ़ता प्रदूषण है। पॉल्यूशन की वजह से लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। नौकरीपेशा युवा अपनी ड्यटी पर चले गए। छुट्टी न होने की वजह से भी पोलिंग बूथों पर भीड़ कम रही।

### खैर सीट: हाईटेंशन से हो रहे हादसे पर नाराज ग्रामीण ने किया चुनाव का बहिष्कार

खैर विधानसभा सीट पर सुबह से ही मतदाताओं को जोश देखने लायक रहा। छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण मतदान रहा। हालांकि यहां चमन नगरिया गांव के बूथ नंबर 308 पर ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार यह कहते हुए किया कि हाईटेंशन लाइन से हादसे हो रहे हैं। ग्रामीण मतदान स्थल पर घायल बच्चे को लेकर पहुंचे और हंगामा किया।

### 2027 के सीएम की कुर्सी का सेमीफाइनल है उपचुनाव

राजनीतिक गलियारों और चुनावी चौपालों पर चल रहीं चर्चाओं की मानें तो उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव का परिणाम साल 2027 का सेमीफाइनल है, जो प्रदेश की सत्ता के सिंहासन का रास्ता साफ करेगा। साफ शब्दों में कहें तो यह उपचुनाव अखिलेश यादव और योगी आदित्यनाथ के बीच अगले सीएम को लेकर आर-पार की जंग है, जो जीतेगा उसका राजनीतिक कद बढ़ेगा।

### कहीं पथराव तो कहीं झड़प

उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए नौ सीटों पर हो रहे मतदान के दौरान बुधवार को सुबह से शाम तक पुलिस से झड़प, दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी के साथ ही भाजपा और सपा समर्थक एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। करहल, मीरापुर, ककरौली, सीसामऊ और मुजफ्फरपुर में पुलिस से झड़प की खबरें सुर्खियों में रहीं। इस दौरान संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# 'मायावी' रहा मतदान, ये उपचुनाव आखिर किस पार्टी में फूंकेगा जान

*दोपहर तीन बजे तक सपा के कब्जे वाली सीट पर झमाझम और भाजपा के कब्जे वाली सीटों पर कम वोट पड़े*

- सपा के कब्जे वाली कुंदरकी, करहल और कटेहरी सीट पर मतदान ज्यादा हुआ
- बीजेपी के कब्जे वाली खैर, फूलपुर, गाजियाबाद सीट पर वोटिंग कम हुई
- उपचुनाव में जगह-जगह हंगामा हुआ सीसामऊ, मीरापुर और कुंदरकी सीट पर जमकर बवाल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी विधानसभा उपचुनाव को 2027 का सेमीफाइनल माना जा रहा है। बुधवार हुआ मतदान मायावी रहा। दोपहर तीन बजे तक सपा के कब्जे वाली सीट पर झमाझम, वहीं भाजपा के कब्जे वाली सीटों पर कम वोट पड़े। इसके बावजूद आकलन मुश्किल है कि इस उपचुनाव में बाजी कौन मारेगा। दोपहर तीन बजे तक सपा के कब्जे वाली कुंदरकी, करहल और कटेहरी सीट पर मतदान ज्यादा हुआ। जबकि बीजेपी के कब्जे वाली खैर, फूलपुर, गाजियाबाद सीट पर वोटिंग कम हुई। इसके अलावा आरएलडी के कब्जे वाली सीट पर मतदान ठीक-ठाक हुआ, जबकि निषाद पार्टी के कब्जे वाली सीट पर कम मतदान हुआ है। माना जा रहा है कि 9 विधानसभा सीटों पर हो रहो उपचुनाव से भले की सत्ता का फैसला न हो, लेकिन भविष्य की राजनीतिक दशा और दिशा तय होने वाली है। बीजेपी और सपा दोनों ने पूरी ताकत लगाई। उपचुनाव में जगह-जगह हंगामे हुए। सीसामऊ, मीरापुर और कुंदरकी सीट पर जमकर बवाल हुए। इसे लेकर सपा ने शिकायत की और अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसके बाद चुनाव आयोग ने दरोगा सहित सात पुलिस वालों को सस्पेंड कर दिया।



### चुनाव आयोग ने तत्काल एक्शन लिया

सपा की शिकायत और अलग अलग माध्यमों से गड़बड़ी कि सूचना मिलने के बाद चुनाव आयोग ने एक्शन लिया। सीसामऊ में 2 पुलिस अधिकारी को सस्पेंड हैं तो मुजफ्फरनगर के मीरापुर में दो पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया। इसी तरह मुरादाबाद में एक पुलिस सब-इस्पेक्टर और पुलिस वालों को सस्पेंड किया है। इसके बावजूद मीरापुर और कुंदरकी सीट पर वोटिंग जमकर हुई। जबकि गाजियाबाद सीट पर सबसे कम वोटिंग हुई।

### 2022 के चुनाव में इन सीट पर यूं हुई थी वोटिंग

यूपी की जिन 9 विधानसभा सीट पर चुनाव हो रहे हैं, 2022 के चुनाव में इन सीट पर 62.14 फीसदी मतदान हुआ था। सीसामऊ में 56.85 फीसदी, खैर सीट पर 60.80 फीसदी, कुंदरकी सीट पर 71.26 फीसदी, मीरापुर सीट पर 68.65 फीसदी, करहल सीट पर 66.11 फीसदी, गाजियाबाद सीट पर 51.77 फीसदी, कटेहरी सीट पर 62.5 फीसदी, फूलपुर सीट पर 61.1 फीसदी और मझवां सीट पर 60.3 फीसदी वोटिंग हुई थी। सपा ने चार, बीजेपी ने तीन, आरएलडी ने एक और एक सीट निषाद पार्टी ने जीती थी।

### कहां किस सीट पर दिग्गजों के बीच हुआ घमासान

करहल विधानसभा सीट पर सपा से तेज प्रताप यादव चुनाव लड़ रहे हैं तो बीजेपी से अनुजेश यादव और बसपा से अविनाश शाक्य चुनाव लड़ रहे हैं। मुरादाबाद की मुस्लिम बहुल कुंदरकी सीट पर बीजेपी से रामवीर सिंह ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं तो सपा से हाजी रिजवान चुनाव लड़ रहे जबकि बसपा से रफतउल्ला उर्फ छिद्दा, एआईएमआईएम से मोहम्मद वारिस और आसपा से हाजी चांद बाबू किस्मत आजमा रहे हैं। मीरापुर सीट पर रालोद से मिथलेश पाल, सपा से पूर्व सांसद कादिर राणा की बहू सुम्बुल राणा, बसपा ने शाहनजर, चंद्रशेखर आजाद की पार्टी ने जाहिद हुसैन और एआईएमआईएम से अरशद राणा चुनाव लड़ रहे हैं। सीसामऊ विधानसभा सीट पर सपा से नसीम सोलंकी, बीजेपी से सुरेश अवस्थी और बसपा से वीरेंद्र शुक्ला चुनाव लड़ रहे हैं। गाजियाबाद सीट पर बीजेपी से संजीव शर्मा, सपा से राज सिंह जाटव और बसपा से पीएन गर्ग चुनाव लड़ रहे हैं। खैर विधानसभा सीट पर सपा से चारु कैन, बीजेपी से सुरेंद्र दिलेर और बसपा से पहल सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। फूलपुर सीट से बीजेपी से दीपक पटेल और सपा से मुज्तबा सिद्दीकी, मझवां सीट पर बीजेपी से सुचिस्मिता मौर्य, सपा से ज्योति बिंद और बसपा से दीपक तिवारी चुनाव लड़ रहे। कटेहरी विधानसभा सीट पर सपा से शोभावती वर्मा, बीजेपी से धर्मराज निषाद और बसपा से अमित वर्मा चुनाव लड़ रहे हैं।

# सपा ने अपने गुंडा प्रकोष्ठ को आगे कर दिया है आतंक का माहौल बनाया जा रहा है: भूपेंद्र चौधरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि उपचुनाव में अपनी पराजय सुनिश्चित जानकर समाजवादी पार्टी ने अपने गुंडा और माफिया प्रकोष्ठ को आगे कर दिया है। उपचुनाव शांति और सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हो, यह सपा को कभी नहीं सुहाता, इसीलिए यह लोग उपचुनाव को रक्तरंजित करने पर उतारू हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोतिध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सपा मुखिया अखिलेश यादव की बदहवासी का परिचायक है। राजनीतिक जमीन खिसकने की खिसियाहट है। पूरा उत्तर प्रदेश लाल टोपी वालों के काले कारनामों का ताजा संस्करण देखकर स्तब्ध है। गुंडागर्दी की सारी हदें पार करते और इंसानियत को शर्मसार करते हुए करहल की बूथ संख्या 13 गांव कझरा में एक दलित समाज की बेटी की निर्मम हत्या का



दुःखद समाचार मिला है। लड़की के माता पिता का कथन है कि उनकी बेटी की हत्या सपा नेताओं ने सिर्फ इसलिए कर दी क्योंकि बेटी ने भाजपा को वोट देने की बात की थी। उन्होंने कहा कि लाल टोपी वाले गुंडों का कुकृत्य एक बार फिर सबके सामने है। पीडीए का नारा देने वाले अखिलेश यादव के लाल टोपी वाले गुंडों ने करहल में दलित बेटी की निर्मम हत्या कर दी। सपा मुखिया अखिलेश यादव को अपनी पार्टी के गुंडों को नियंत्रण में रखना चाहिए, बाकी पुलिस और प्रशासन तो अपनी कार्यवाही करेगा ही।

### मैनपुरी में सपा के गुंडे कर रहे अराजकता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मैनपुरी में सैफई परिवार और अखिलेश यादव के गुंडे फिर से आंतक का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसे न भाजपा बर्दाशित करेगी। न सरकार और न ही उत्तर प्रदेश की जनता। इनका कहना है लोगों की आईडी पुलिस चेक न करे, ऐसा कैसे हो सकता है फर्जी मतदान सपा की पहचान है। इस पर प्रहार उपचुनावों की शुचिता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

### गुंडई, अराजकता और अनिश्चितता फैलाना इनका ट्रेड मार्क

सपा और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाकर यह खुद पर ही कुठाराघात कर रहे हैं। गुंडई, अराजकता और अनिश्चितता फैलाना इनका ट्रेड मार्क है। जनता इस बात को समझती है। सपा की ये बेचैनी उनकी 'आउटसोर्सिंग नीति' का फल है। वे फर्जी पहचान पत्र बनाकर मतदाता प्रदेश में आउटसोर्स कर रहे हैं, आरक्षण में भी ये धर्म विशेष को संविधान को ताक पर रख कर आउट ऑफ द कंटेक्स्ट जाकर आरक्षण देना चाहते हैं जो स्वीकार्य नहीं है।

### विक्टिम कार्ड खेलकर अपनी नाकाबिलीयत को छिपा रहे अखिलेश

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मीरापुर विधानसभा को लेकर और उत्तर प्रदेश में उपचुनावों को लेकर लगाए गए सपा के सारे आरोप निराधार हैं, विक्टिम कार्ड खेलकर ये अपनी नाकाबिलीयत को छिपा नहीं सकते। इनका कहना है मीडिया बिकी हुई है, हर कोई बिका हुआ है। इनका कहना है बीजेपी के वोटर्स घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं तो फिर वोट कौन डाल रहा है, साफ है झूठ की इमारत सच की ईंट से मजबूत नहीं हो सकती है।

उपचुनाव वाले क्षेत्रों में सपा ने बड़ी संख्या में बाहर अराजक तत्वों को बुलाकर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की है।

# भारत ने महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप का फाइनल जीता

## चीन को 1-0 से हराया, दीपिका का गोल डिसाइडर बना, तीसरी बार ट्रॉफी जीती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नालंदा

बिहार के राजगीर में हुई महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी पर भारत ने कब्जा जमा लिया है। टीम इंडिया ने चीन को 1-0 से हरा दिया है। तीसरे क्वार्टर के पहले मैच के 31वें मिनट में दीपिका ने टीम इंडिया के लिए पहला गोल किया, जिसने भारत को जीत दिलाई। पहले और दूसरे क्वार्टर के कुल 30 मिनट के खेल में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। भारत और चीन की टीमें 0-0 की बराबरी पर रहीं। दूसरे क्वार्टर में भारत को 4, चीन को 2 पेनाल्टी कॉर्नर मिले। हालांकि कोई भी टीम इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सकी। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शाम 5



बजे भारत और चीन की महिला हॉकी टीमों के बीच फाइनल मुकाबला शुरू हुआ था। 3 हजार की कैपेसिटी वाला स्टेडियम दर्शकों से पूरा भरा रहा। स्टेडियम में तिरंगा लहराया गया। जय श्रीराम के नारे भी लगे। भारत ने लगातार दूसरी और ओवरऑल तीसरी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। इससे पहले उसने 2023 में रांची और 2016 में सिंगापुर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

### सेमीफाइनल में जापान को हराया था

मंगलवार को जापान को हराकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंची थी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इस टूर्नामेंट में ग्रुप और सेमीफाइनल समेत सभी 6 मैच जीते हैं। वहीं चीन ने भी अपने 6 में से 5 मैच जीते हैं। एक ग्रुप मैच में चीन को भारत से हार का सामना करना पड़ा है। आज भारत और चीन के बीच ये फाइनल हॉकी मुकाबला 8 साल बाद हुआ। इससे पहले 2016 और 2013 में इस टूर्नामेंट के हुए फाइनल मैचों में भारत ने चीन को हराया था। जबकि 2009 में चीन ने भारत को हराया था।

## 29 साल बाद पत्नी सायरा से अलग हुए एआर रहमान, लिखा, उम्मीद थी 30 साल पूरे कर लेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्कर अवॉर्ड विजेता संगीतकार एआर रहमान (57) और उनकी पत्नी सायरा बानू शादी के करीब तीन दशक बाद अलग हो रहे हैं। सायरा की वकील वंदना शाह ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कपल के तलाक की अनाउंसमेंट की और प्राइवेसी की मांग की। इसके कुछ समय बाद एआर रहमान ने भी सोशल मीडिया पर इमोशनल नोट शेयर कर इसे कन्फर्म कर दिया। एआर रहमान की बड़ी बेटी खतीजा ने पेरेंट्स के तलाक की खबर सामने आने के बाद इंस्टाग्राम में पोस्ट शेयर कर प्राइवेसी की मांग की है। 1995 में हुई थी रहमान-सायरा की शादी 27 साल की उम्र में एआर रहमान का सायरा से निकाह 12 मार्च 1995 को हुआ था।

# पांच सौ साल पहले एकजुट हुए होते, तो नहीं देखना पड़ता गुलामी का मुंह: योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

- मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में किया सुग्रीव किले के श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण
- बोले सीएम योगी, पहले सुग्रीव किले तक आने का रास्ता था बेहद संकरा, आज दोनों ओर चौड़ी सड़कें
- अयोध्या का विकास और उसकी पौराणिक महत्ता के अनुरूप कायाकल्प करना हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री
- संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या को श्रीराम के आदर्शों वाली नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में सुग्रीव किले के भव्य श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण किया। इस अवसर पर देशभर से आए साधु-संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने अयोध्या की पौराणिक और ऐतिहासिक महत्ता की चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर के निर्माण और सनातन धर्म की एकता पर बल देते हुए कहा कि जो काम 500 साल से रुका हुआ था, जिसके लिए न जाने कितनी पीढ़ियां बलिदान हो गईं, वो केवल सनातनियों के एकजुट होने मात्र पर मोदी जी के नेतृत्व में दो वर्ष में ही पूरा हो गया। अगर 500 साल



पहले हमने एकता दिखाई होती, तो गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी स्मृतियां हमें समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। जब भी हम एकता का परिचय देंगे, तो दुनिया की कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण को पीढ़ियों के संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 500 साल का लंबा इंतजार समाप्त हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों की एकता को इस सफलता का आधार बताया।

### अयोध्या में हो रहा विश्वस्तरीय सुविधाओं का विकास

योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन चुका है, जो अयोध्या को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में मदद करेगा। उन्होंने अयोध्या को विश्व की सबसे सुंदर नगरी बनाने का संकल्प दोहराया और इसे अयोध्यावासियों की जिम्मेदारी बताया कि वे इस धरोहर को सुरक्षित और संरक्षित रखें। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास के साथ अन्य धार्मिक स्थलों के कायाकल्प की भी बात कही। उन्होंने कहा कि संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या को श्रीराम के आदर्शों वाली नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने संत पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के योगदान का भी उल्लेख करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त किया।

### सीएम ने की समाज को बिखराव से बचने की अपील

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में धर्म और समाज को कमजोर करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या जो समाज और राष्ट्र को कमजोर करती हो, हमें उससे खुद को अलग करना होगा। ऐसे तत्वों को बेनकाब कर समाज से अलग-थलग करना धर्म का कार्य होना चाहिए।

### देवरहा बाबा से भी रहा है सुग्रीव किला का संबंध

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुग्रीव किला का संबंध देवरहा बाबा से भी रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थल श्रीराम के वनवास काल से जुड़ा है, जब भरत जी ने इसे श्रीराम के निवास के लिए तैयार किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस किले तक पहुंचने का मार्ग संकरा था, लेकिन अब इसे चौड़ा और सुगम बना दिया गया है। उन्होंने इसे अयोध्या के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। योगी ने कहा कि अयोध्या अब न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का केंद्र है, बल्कि विश्व की सबसे सुंदर नगरी के रूप में भी विकसित हो रही है।

इस अवसर पर जगद्गुरू रामानुजाचार्य पूज्यस्वामी श्रीविश्वेशप्रपन्नाचार्य जी महाराज, श्रीरंगम से पधारे संतजन, हनुमानगढ़ी के श्रीमहंत धर्मदास जी महाराज, श्रीमहंत रामलखन दास, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी सहित पूज्य संतजन एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

फास्ट फॉरवर्ड खबरें...

## मेडिकल कॉलेज में अग्नि व विद्युत सुरक्षा से निपटने के लिए हुई मॉकड्रिल



उरई। राजकीय मेडिकल कॉलेज में बुधवार को अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत चिकित्सालय के भूतल परिसर में प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी के नेतृत्व में प्रभारी अधिकारी अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा चिकित्सालय प्रशासक डॉ. चरक सांगवान के निर्देशन में अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल आयोजित की गयी जिसमें आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, निकासी योजना, उपकरणों एवं विद्युत उपकरणों के रख-रखाव के बारे में बताया गया। मॉकड्रिल में चिकित्सालय के भूतल पर स्थित बालरोग इमरजेन्सी, बाल रोग वार्ड, प्रसव कक्ष एवं प्रसूति वार्ड एवं आकस्मिक विभाग के ट्राईज एरिया एवं यलोजोन वार्ड पर मुख्तः ध्यान केन्द्रित रहा। इस दौरान उप-प्रधानाचार्य डॉ. आरएन कुशवाहा, बालरोग विभागाध्यक्ष डॉ. जीएस चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशान्त निरंजन, डॉ. निशान्त सक्सेना, डा. सुनित सचान, डॉ. छवि जायसवाल, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डा. मीनल गोयल, डा. शैलेश वर्मा, डॉ. रविंद्र राजपूत श्रीमती रमा देवी कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षिका, एवं अन्य नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा, 60 हजार का लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस/उरई। न्यायालय की पॉक्सो एक्ट कोर्ट में करीब साढ़े तीन वर्ष चले ट्रायल के बाद दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही न्यायाधीश ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद 60 हजार का जुर्माना भी लगाया। बीते वर्ष 2021 की 13 मार्च को शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने पड़ोसी युवक इमरान के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि इमरान ने घर में घुसकर उसकी बेटी से रेप किया है। पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर इमरान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और उसके खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी। शासकीय अधिवक्ता ब्रजराज सिंह राजपूत ने बताया कि वादी तरफ से उन्होंने और पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता भगवानदास प्रजापति ने बहस की। गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज मोहम्मद कमर ने फैसला सुनाया जिसमें इमरान को दोषी पाते हुए बीस साल की सजा सुनाई गई और उस पर 60 हज़ार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

जन एक्सप्रेस/जालौन। कोतवाली क्षेत्र में उरगांव रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। वहीं टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे खंती में घुस गई और चालक कार छोड़ कर मौके से भाग गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी संजय 29 वर्ष मंगलवार को अपनी बाइक से निजी काम से जालौन आया हुआ था। काम निपटाने के बाद देर रात बाइक से उरगांव जा रहा था। जैसे ही वह उरगांव रोड पर पहुंचा। तभी सामने से आ रही एक तेज रफ़्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। वहीं टक्कर मारने के बाद कार चालक भी अपना संतुलन खो बैठा और कार सड़क किनारे खंती में जा गिरी, इसके बाद चालक कार छोड़कर मौके से भाग गया। राहगीरों ने खबर पुलिस को दी। साथ ही घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच करने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा बगरेही ग्राम पंचायत का विकास कार्य

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस में भी अधाधुंध अनियमिताएं की जा रही हैं। ग्राम प्रधान द्वारा राज्य वित्त व 15वां वित्त अंतर्गत नियम विरुद्ध तरीके से चहेती फर्म के नाम भुगतान करने वाले ग्राम प्रधान और सचिव पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।ग्रामीणों की मांग है कि आधिकारी इस मामले में गंभीरता से लेकर दोषी प्रधान व सचिव पर कार्रवाई कर शासकीय राशि की वसूली सुनिश्चित ठोस कार्यवाही करे। जिससे जनता का प्रशासन एवं लोकतंत्र पर विश्वास बना रहे।

बगरेही ग्राम पंचायत में राज्य वित्त व 15वां वित्त अंतर्गत भुगतान में बड़े पैमाने पर अनियमिताएं की गई हैं, जिसके चलते सचिव और प्रधान जांच के दायरे में है। इसकी जांच होने पर बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है। ग्राम पंचायत के विकास के लिए शासन से आने वाले फंड का गबन हो रहा है। एक दो लाख नहीं बल्कि कई लाख रुपये निकाले जाने के बाद विकास कार्य नहीं कराया गया। कंपोजिट विद्यालय बगरेही में इंसीनरेटर लगाने के नामपर अधिक धनराशि निकाल ली गई है। ग्राम पंचायत को प्राप्त कोटेशन की फर्मो की जांच यदि गंभीरता से कराई जाए तो भारी भ्रष्टाचार सामने आ सकता है। फोटोकॉपी के नामपर मनमाने तरीके से खूब भुगतान किया गया है। वह भी गिट्टी बालू सप्लायरों के ट्रेडर्स के नाम भुगतान किया गया है। इसी तरह से कूड़ा करकट व सफसफाई के लिए लाखों रुपए निकाल लिए गए लेकिन गांव में आज भी गंदगी व्याप्त है। इसी तरह से सामुदायिक शौचालय के रखरखाव के लिए फर्जी भुगतान किया गया है। जबकि सामुदायिक शौचालय की हालत इस्तेमाल के लायक नहीं है। पंचायत भवन में लाइट फिटिंग का भुगतान गिट्टी,बालू व सीमेंट सप्लाई करने वाले फर्म के नाम किया गया है।


बगरेही ग्राम पंचायत में फर्जी भुगतान का खेल सरकारी धन का किया जा रहा बंदरबांट

पंचायत भवन मरम्मत के नामपर खूब भ्रष्टाचार किया गया है। हैंडपंप रिपेयर सामग्री के भुगतान में जमकर मनमानी की गई है। विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय के भुगतान में अनियमितताएं की गई है। ग्रामीणों मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भुगतान में अनियमिताओं के जांच की मांग की है। इस मामले पर वीडीओ मानिकपुर शैलेन्द्र सिंह ने कहा मामला संज्ञान में है जल्द ही जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### सीसीटीवी कैमरे के लिए 63 हजार का भुगतान

वित्तीय वर्ष 2022/23 अंतर्गत बगरेही ग्राम पंचायत में डिजिटल कैमरा के लिए एक बार 19 हजार का भुगतान किया गया है। वहीं 44 हजार 250 रुपए का भुगतान शिवम ट्रेडर्स फर्म के नाम किया गया है। जबकि शिवम ट्रेडर्स फर्म गिट्टी बालू व सीमेंट सप्लाई करने का फर्म है। पंचायत भवन में मौके पर दो से तीन कैमरे ही लगाए गए हैं।

### गौशाला में अड़गड़ा लगाने के नामपर गड़बड़ी

बगरेही ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023/24 में अड़गड़ा स्थापना के नामपर 12 हजार 950 रुपए का भुगतान शिवम ट्रेडर्स के नाम किया गया है। जबकि मौके से अड़गड़ा गायब है। इस तरह से फर्जी भुगतान कर सरकारी धन को ठिकाने लगाने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ी गई। इसी तरह से टैंकर मरम्मत का भी भुगतान अधिक कर लिया गया है।

### प्रधान ने अपने खाते में कर लिया भुगतान

वित्तीय वर्ष 2023/24 में 25 सितंबर को ग्राम प्रधान बगरेही द्वारा 12 हजार रुपए का भुगतान अपने खाते में कर लिया है। जबकि यह पेमेंट मिस्त्री के खाते में करने का प्रावधान है। इसी तरह से इंटरनेट रिचार्ज का भुगतान भी ग्राम प्रधान ने अपने खाते में कर लिया है।

### टैंकर से पानी सप्लाई का भुगतान

वित्तीय वर्ष 2023/24 अंतर्गत बगरेही ग्राम पंचायत में पानी सप्लाई का भुगतान किया गया है। शिवम ट्रेडर्स के नाम 60 हजार 798 रुपए का भुगतान हुआ है। जबकि बगरेही ग्राम पंचायत के गौशाला में समर्सिबल काफी पहले से लगा हुआ है। टैंकर सप्लाई का भुगतान पूरी तरह से फर्जी है।

### रिबोर का भुगतान ट्रेडर्स के नाम

शिवम ट्रेडर्स और विजय ट्रेडर्स फर्म के नाम खूब पेमेंट किए गए हैं। वहीं ग्राम प्रधान ने अपने नाम हैंडपंप मिस्त्री का भुगतान कर लिया है।प्रिंटर स्याही का भुगतान ट्रेडर्स के नाम किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023/24 में 29 मई को 10 हजार 936 रुपए का भुगतान शिवम ट्रेडर्स फर्म के नाम किया गया है।

## पुलिस ने 24 घंटे में हत्यारोपी को किया गिरफ्तार, एसपी ने किया खुलासा



जन एक्सप्रेस। उरई

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बंगरा में इंटर कॉलेज में स्थित खेल के मैदान में युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने 24 घंटे में हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा एसपी ने किया।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि हत्यारोपित गौतम द्विवेदी ने बताया कि वह तमिलनाडु के मदुरई में रहकर काम करता था। दीपावली पर्व पर घर आया था। इसी दौरान उसने गौरव को पांच हजार रुपये उधार दिए धे। साथ ही उसे 20 नवंबर को वापस मदुरई जाना था। जब उसने गौरव से रुपये मांगे तो उसने एक दो दिन में देने की बात कही थी। पांच दिन पहले भी उसका गौरव से विवाद हो गया था जिस वजह से वह उससे रंजिश मानने लगा था। सोमवार को उसने गौरव से कहा कि उसे रुपये आज ही चाहिए क्योंकि उसे बुधवार को वापस जाना है। इस पर गौरव ने कहा कि था कि वह बंगरा से एटीएम से रुपये निकालकर ला रहा है। जिस पर गौतम भी उसके साथ बंगरा आ गया। जब गौरव ने रुपये निकाले तो दोनों राजकीय इंटर कालेज के मैदान में चले गए जहां गौरव तिवारी ने अपने बाइक को बैग से एक लोहे की राड निकाली और उसे मारने लगा जिस पर उसने गौरव के मुंह में मुक्का मार दिया जिससे उसके मुंह से खून आने लगा और वह पास में पड़े ईटा के पास गिर पड़ा। इस पर मुझे लगा कि वह घर जाकर शिकायत करेगा तो उसने उसी पत्थर से गौरव के सिर में दो बार कर दिए जिससे उसकी मौत हो गई।

## राष्ट्रीय महामंत्री के जनपद आगमन पर भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह के जनपद आगमन पर भाजपा के जिला कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया। जनपद आगमन कर राष्ट्रीय महामंत्री ने भगवान कामतानाथ की पूजा-अर्चना कर लोककल्याण की कामना की।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह मंगलवार को चित्रकूट आए। यहां उन्होंने भगवान कामतानाथ की पूजा-अर्चना कर लोककल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि चित्रकूट की पवित्र भूमि चिंतन और तप की भूमि है। राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय व स्वालंबन के चिंतन को मूर्तरूप यही प्रदान किया। रावण जैसे आतातायी का वध करने और



रामराज्य की स्थापना के लिए प्रभु श्रीराम ने भी यहीं पर चिंतन किया। चित्रकूट के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार संकल्पित प्रयास कर रही हैं। चित्रकूट में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार चित्रकूट परिक्षेत्र के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आधारभूत संरचनात्मक विकास पर द्रुत गति से काम कर रही है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन पर्व सदस्यता अभियान में सक्रिय सहभाग किया। साथ ही संगठन पर्व में कार्यकर्ता मनोयोग से लगकर निष्पक्ष संगठन चुनाव करने में सहभागी हैं।

## नाबालिग से दुराचार के आरोपी को उम्रकैद की सजा

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। खेत में चने की भाजी तोड़ने गई 12 वर्षीय छात्रा के साथ दुराचार करने और पीड़िता के बेहोश होने पर उसके सीने में भारी पत्थर रखकर पुलिया के नीचे डाल देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 20 दिसम्बर 2018 को एक व्यक्ति ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसकी 12 वर्षीय बेटी अपने खेत में चने की भाजी तोड़ने गई थी। जहां बांदा जिले के बिसंडा कस्बे का निवासी सूरज बैल चरा रहा था। बेटी को अकेले देख सूरज ने उसके साथ जबरन दुराचार किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जिससे वह अचेत हो गई। इसके बाद सूरज खेत के बगल में बनी पुलिया में उसकी बेटी को ले गया और सीने में भारी पत्थर रखकर मौके से फरार हो गया।

## कथा का तीसरा दिन: श्रीमद्भागवत कथा में निहित है सभी धर्म, सम्प्रदाय: कुलदीप

जन एक्सप्रेस। पहाड़ी, चित्रकूट

श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञान यज्ञ में भागवताचार्य आचार्य कुलदीप महराज वृन्दावन धाम ने कहा कि 17 पुराणों को लिखने के बाद जब वेद व्यास को शांति नहीं मिली तब भागवत संहिता श्रीकृष्ण की लीलाओं को लिखकर उन्होंने आत्मशांति प्राप्त की। कथा व्यास ने कहा कि भक्ति मार्ग, ज्ञान मार्ग और योग मार्ग के रास्ते पर चले तो जरूर भगवद प्राप्ति होगी है। इस मार्ग में चलना आसान नहीं है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भगवान को प्राप्त करने के लिए तीन मार्ग बताए हैं।

ब्लाक मुख्यालय के बिसण्डा रोड पहाड़ी मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के तीसरे दिन बुधवार को भागवताचार्य आचार्य कुलदीप



महराज वृन्दावन धाम ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में सभी वर्ण, जाति, धर्म, सम्प्रदायों का समान अधिकार निहित है क्योंकि यह संहिता संप्रदाय रहित है। उन्होंने कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि सच्चे हृदय से शिव की शरण में जाने से व्यक्ति के सारे दुर्गुण सद्गुण में बदल जाते हैं। कहा कि यहां कलयुग है, लेकिन वास्तव में देखा जाए तो यह कथायुग है। अगर प्रभु की कथा नहीं होती तो भला मानव रुपी कुटिल पापी जीवों का उद्धार संभव नहीं था। इसलिए प्रथम भक्ति को सुनने के लिए भक्त सुखदेव ने कथा का वर्णन किया है। भागवताचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से स्वतः ही जप, पूजा, पाठ, कीर्तन, स्मरण, आत्म निवेदन बन जाएगा। यदि कथा सुनना नहीं बना तो कुछ भी नहीं बनेगा। उन्होंने ध्रुव चरित्र, कपिल, जड भरत, अजामिल उपाध्याय, पहलाद चरित्र की कथा सुनाकर श्रोताओं में आकर्षण व श्रद्धा समर्पण भाव जागृत किया।

## विशेष अभियान के दिन बूथों में मौजूद रहें बीएलओ- सौरभ



जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए बुधवार को मऊ के उपजिलाधिकारी ने बीएलओज की बैठक ली। जिसमें 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले शत-प्रतिशत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाने के निर्देश दिए। तहसील सभागार में हुई बैठक में मऊ के उपजिलाधिकारी सौरभ यादव और तहसीलदार रामसुधार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का सत्यापन और मतदाता सूची में दर्ज दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने को कहा गया है। ऐसे में एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत आगामी 28 नवम्बर तक बीएलओज दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। आगामी 23 और 24 नवम्बर को विशेष अभियान के दिन अपने मतदान केन्द्रों पर बीएलओज अर्ह मतदाताओं का प्रारूप छह में आवेदन जमा कराएं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करना आवश्यक होता है। इस मौके पर सभी सुपरवाइजर और बीएलओज मौजूद रहे।

## चर्चित दोहरे हत्या कांड के पांच गैंगस्टर अपराधियों को हुई गैंगस्टर एक्ट में सजा, फैसले में लगे 15 सजा

जन एक्सप्रेस। बांदा

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद के थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कौशिक ने 11 जनवरी 2008 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि शैलेंद्र सिंह उर्फ बउआ निवासी गुलाबबाग अलीगंज,अमित करिया निवासी छावनी, सौरभ धुरिया निवासी छावनी, नन्दू गुप्ता निवासी ठठराही बाजार, कादिर निवासी खाईपार थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा का एक संगठित गिरोह हैं जिनके विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में मु.अ.सं. 77/2008 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप अपर सत्र विशेष न्यायाधीश एडीजे पंचम गैंगस्टर कोर्ट द्वारा आरोपियों को 06 - 06 वर्ष के कठोर कारावास एवं सभी को 7000 - 7000/रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जुर्माना अदा न करने पर सभी को 2 माह का अतिरिक्त कारावास कटाना होगा। गैंगस्टर की विवेचना निरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी पैरोकार कोतवाली नगर दिनेश कुमार कोर्ट मोहर्रिर अमित राजपूत व विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद आरोपियों को सजा दिलायी गई । इनका एक संगठित गिरोह हैं जिसका गैंग लीडर शैलेन्द्र सिंह उर्फ बउआ हैं तथा उपरोक्त सभी सक्रिय सदस्य हैं।यह सभी बहुत ही दुर्दांत और बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा एक जुट होकर हत्या करना ,घर में घुस कर जान से मारने की धमकी देना,जैसे हर प्रवत्ति के जघन्य अपराध शामिल हैं। इस गैंग का गैंग लीडर शैलेन्द्र उर्फ बउआ के ऊपर हत्या सहित करीब 50 से ज्यादा मुक़दमे चल रहें हैं।यह जनपद का हिस्ट्रीशीटर और बहुत ही खतरनाक अपराधी है।दोहरे हत्या के मुक़दमे मे पूर्व मे ही सभी अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने यह भी बताया की दिनांक 19 सितम्बर 2007


सौरभ सिंह (विशेष अभियोजक गैंगस्टर एक्ट)

को इन सभी अभियुक्तों ने मिलकर थाना कोतवाली नगर में एक साथ दोहरे हत्या कांड को अंजाम दिया था। दोहरे हत्या और अन्य अपराधो पर इन सभी अभियुक्तों के ऊपर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई थी ये इतने दबंग अपराधी हैं की इन्होने और भी हत्याएं की हैं यह सभी गैंग बनाकर अपराध करते हैं। इनके आतंक से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैली हुई हैं। जिसके फलस्वरूप इस गैंग के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज कराने और गवाही देने का साहस नहीं कर पाता हैं।इन सभी अभियुक्तों का गैंग चार्ट बनाकर जिलाधिकारी बांदा से अनुमोदित करा कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की सुनवाई के दौरान 09/11/2011 को आरोप बनाया गया। मुक़दमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 8 गवाह पेश किए गए पत्रावली में उपलब्ध साक्षयो के अवलोकन के बाद अपर सत्र विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गुणेंद् प्रकाश ने अपने 40 पेज के आदेश में सभी पांचों आरोपियों को दोषी पाते हुए दोषसिद्ध किया।

### बाल अपचारियों को दी अधिकारों की जानकारी

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। महिला कल्याण विभाग के आदेशानुसार राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ जिला किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य शिवशंकर त्रिपाठी ने माता सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक गणों द्वारा बाल अधिकार के सम्बन्ध में बाल अपचारियों को जानकारी दी गई। इस मौके पर संस्था प्रभारी वीर सिंह, परामर्शदाता दीपक शर्मा, सहायक अध्यापक राजीव कुमार सिंह, अभिषेक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### सांसद प्रतिनिधि बने अंकुर सिंह

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने बताया कि जनपद चित्रकूट में उनकी अनुपस्थित होने की दशा में कार्यालय से संबंधित सूचनाओं व डाक एवं बैठक आदि का कार्य डॉ अंकुर सिंह सांसद प्रतिनिधि के रूप में संपन्न कराएंगे। अतः समस्त विभागीय अधिकारियों एवं जनपदवासी सांसद प्रतिनिधि के रूप में डॉ अंकुर सिंह को ही माना जाए।

### स्वीकृति प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे चेहरे

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर विकासखंड रामनगर में मंगलवार को प्रभारी एडीओ पंचायत देवेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत के लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरण किए। प्रमाण पत्र मिलने पर लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उनके घर में शौचालय बनने का सपना साकार होते नजर आ रहा है।

### पेयजल संरक्षण के प्रति जागरूक

जन एक्सप्रेस/मानिकपुर, चित्रकूट। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में जल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को पेयजल के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जल निगम के जेई विजयशंकर ने बताया कि मानव जीवन में पानी का बहुत बड़ा महत्व है। सारी बीमारियां गंदे पानी पीने की वजह से होती हैं। जिसे जल जनित बीमारियां कहते हैं। हैजा, कालरा, बुखार, पीलिया, पोलियो आदि गन्दे पानी से ही होती है।

## शराब पार्टी के बाद नशे में धुत दोस्तों ने दोस्त को ही सुलाया मौत की नींद

जन एक्सप्रेस। उरई

कोटरा थाना क्षेत्र के सैदनगर में शराब पार्टी के बाद नशे में धुत होकर हुए विवाद को लेकर दोस्तों ने ही मारपीट कर दोस्त को मौत की नींद सुला दिया। सूचना पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रितकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनगर निवासी राजपूत रायकवार व मिंटू रायकवर दोनों दोस्त है। मंगलवार को दोनों बेतवा नदी में मछली पकड़ने गए थे। इसके बाद दोनों ने कुछ मछलियां बाजार में बेंच दी। मछली बेचने के बाद जो रुपये मिले उससे शराब खरीदी और एक बड़ी सी मछली बचाकर वह गांव लाए। जहां पर मछली बनाने के लिए उन्होंने अपने



दोस्त मुन्ना उर्फ नासिर 40 वर्ष को बताया, जो टाल पर लकड़ी कटान का काम करता था। इसके बाद तीनों ने मिलकर देर रात तक शराब पी जब तीनों नशे में हो गए। तभी मुन्ना ने राजपूत रायकवार को गालियां देना शुरु कर दिया। जिससे दोनों में मारपीट शुरू हो गई। इस पर मुन्ना ने राजपूत रायकवार को पटक दिया। जिस पर मिंटू राजपूत ने मुन्ना उर्फ नासिर के पैर पकड़ लिए और राजपूत रायकवार ने उसके सिर पर कई प्रहार कर दिए। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बाद मिंटू रायकवार अधिक नशे में होने के कारण वहीं सो गया। जबकि राजपूत रायकवार मुन्ना का शव बगल के प्लाट में फेंककर भाग गया। बुधवार की सुबह जब ग्रामीणों ने प्लाट में पड़ा शव देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। वहीं खबर मिलते ही थाना प्रभारी विजय कुमार पांडेय फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी, तो वहीं फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपितों की तलाश शुरू कर दी।

जांच | धृतराष्ट्र की तरह आँख पर पट्टी बंधे बैठे अधिशासी अभियंता

## एसएलसी टीम ने प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार की खोली पोल

जन एक्सप्रेस। शत्रुघन सिंह

### धृतराष्ट्र बन चुके अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना

उरई। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अपनी आंख पर पट्टी बांधे अपने सामने भ्रष्टाचार का महाभारत होते हुए देख रहे हैं और पूरी तरह से अंधे हो चुके हैं। पूर्व में भी इनके कार्यकाल में ऊंचा से चटसारी संपर्क मार्ग का मामला सामने आया था। लेकिन भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में और मलाई चाटने में महारत हासिल कर चुके अधिशासी अभियंता ने मामले को सुलटा दिया और पता भी नहीं चला कि कैसे सहायक अभियंता नंदकिशोर को बचा लिया गया।

उरई। भ्रष्टाचार में विश्व विख्यात हो चुका प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के कार्यों की जांच के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और वित्तीय गबन सामने आया है। शासन द्वारा गठित एसएलसी (सर्वोच्च निगरानी टीम) ने 10 नवम्बर 2024 को जनपद जालौन में प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग उरई के तहत बनवाए गए दो महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों की जांच की। जहां भारी अनियमितताएं सामने आईं। एसएलसी टीम ने जिन दो मार्गों भेसा सम्पर्क मार्ग और परेछा सम्पर्क मार्ग, इन दोनों मार्गों के निर्माण के लिए शासन से स्वीकृत लंबाई और लागत दी गई थी, लेकिन जांच में पाया गया कि इन मार्गों की लंबाई में 0.6 से 0.85 किलोमीटर तक की कमी पाई गई है। उदाहरण के तौर पर, भेसा मार्ग की स्वीकृत लंबाई 3.850 किलोमीटर थी, जबकि जांच में पाया गया कि यह केवल 3 किलोमीटर था। इसी तरह परेछा सम्पर्क मार्ग की लंबाई 3.350 किलोमीटर स्वीकृत थी, लेकिन वास्तविक लंबाई इससे भी कम थी। अभी तक की जानकारी के मुताबिक इन मार्गों के पूरे निर्माण कार्य का भुगतान पहले ही कर दिया गया था। जिसमें लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, अधिशासी अभियंता ए.के. सक्सेना, सहायक अभियंता क्षितिज विवेक, और अवर अभियंता सुनील कुमार की मिलीभगत से वित्तीय गबन किया गया है। इन अधिकारियों ने शासन से स्वीकृत लागत के मुकाबले काम में गंभीर गड़बड़ियां की हैं और इसकी राशि का दुरुपयोग किया है। एसएलसी टीम ने जब इन अधिकारियों से इस गड़बड़ी के बारे में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की, तो उनसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके अलावा, सूत्रों के मुताबिक यह भी जानकारी सामने आई है कि अगर सहायक अभियंता क्षितिज विवेक और अवर अभियंता सुनील कुमार के सभी कार्यों की जांच की जाए, तो और भी बड़े पैमाने पर वित्तीय गबन और अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं।प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग में यह कोई पहला मामला नहीं है, इनके कारनामों अब चर्चा का विषय बन चुके है। कई अधिकारियों का मानना है कि अगर इस गड़बड़ी को दबा दिया गया, तो यह विभाग की छवि पर गंभीर आघात होगा। वहीं, यह भी खबर है कि इन अधिकारियों द्वारा अब आनन-फानन में कम लंबाई को पूरा करने की कोशिश की जा रही है, ताकि जांच से बचा जा सके। हालांकि इस पूरी स्थिति में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन अधिकारियों ने एसएलसी टीम को धनबल और राजनीतिक पहुंच के बल पर प्रभावित करने की कोशिश की। जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है। इस मामले को लेकर अब उच्च अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है, ताकि लोक निर्माण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 21 नवंबर, 2024






**महाराष्ट्र-झारखंड में मतदान के बीच कांग्रेस...**

महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। बता दें 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में एक ही चरण में वोटिंग हो रही है, वहीं झारखंड में दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। वहीं इन सबके बीच एक बड़ी खबर सामने आयी है... पढ़ें पेज 12 पर...

# आयोग ने कहा आईकार्ड नहीं देख सकते पुलिसकर्मी फिर भी बेइमानी कर रही भाजपा : अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा प्रशासन पर सपा समर्थकों को वोट देने से रोकने के लिए दबाव बना रही है। सपा समर्थकों को वोट करने से रोका जा रहा है। अधिकारी लोगों को वोट नहीं करने दे रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि पुलिसकर्मी मतदाताओं के कार्ड नहीं चेक कर सकते हैं फिर भी चेक करके उन्हें वोट देने से रोका जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर एक बार पुलिस के लोग वोट करने से रोकते हैं तो दोबारा वोट करने के लिए जाएं। उन्होंने अधिकारियों का नाम लेते हुए उन्हें हटाने की मांग की है। अखिलेश यादव मतदान के बीच लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा के लोग ऐसे अधिकारियों का वीडियो बनाएं और तस्वीरें लें जो कि उन्हें वोट नहीं करने दे रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के दोनों इंजन आमने-सामने आ गए हैं। इसलिए इन चुनाव में बेईमानी हो रही है। भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतना चाहती है। चुनाव में गड़बड़ी कराने में जो पुलिस अधिकारी लिप्त हैं। उनके नाम और पदनाम की लिस्ट हम बना रहे हैं। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। कल को कोर्ट का फैसला इन बेईमानों के खिलाफ जायेगा। इनकी नौकरी, पेंशन, पीएफ सब जाएगी, इनके बच्चे परिवार और रिश्तेदारों में इज्जत भी जाएगी। जनता ऐसे अधिकारी को कैसे देखेगी बताने की जरूरत नहीं है। इलेक्शन कमिश्नर ने बेईमानों की जानकारी मिलेगी। मीरापुर के वोटर आई कार्ड छीनने वाले अधिकारी की मैं खुद जानकारी करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी मुख्य चुनाव आयुक्त से सुबह से दो बार बात हो चुकी है। उन्होंने कहा है कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ तथ्य उपलब्ध करवाएं। कार्रवाई की जाएगी। अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बिना कहा कि दिल्ली और दोनों डिप्टी सीएम इनके खिलाफ हैं। वो अपना सिंहासन बचाने के लिए लड़ रहे हैं लेकिन इतना सबकुछ होने के बावजूद सपा प्रदेश की सभी नौ विधानसभा सीटों का उपचुनाव जीत रही है। एक भी विधायक सीएम योगी के पक्ष में नहीं है।

### लगता है चुनाव आयोग की इंद्रियां काम नहीं कर रही हैं

अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा और कहा कि लगता है कि चुनाव आयोग की इंद्रिया काम नहीं कर रही है। इन लोगों को न तो कुछ दिखाई दे रहा है और न ही सुनाई दे रहा है। वहीं, इसके पहले एक्स पर बयान देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिन मतदाताओं को पुलिस-प्रशासन द्वारा वोट डालने से रोका गया है, वो एक बार फिर से वोट डालने जाएं। इस चुनावी गड़बड़ी की सूचना हर तरफ फैल गई है। चुनाव आयोग भी सतर्क हो गया है और अब उसकी तरफ से ये आश्वासन मिल रहा है कि जिन लोगों को वोट डालने से रोका गया है, वो एक बार फिर से जाएं और अपना वोट जरूर डालें। अब कोई गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। अगर फिर से कोई रोके तो आप वहां उपस्थित चुनाव आयोग के अधिकारियों या राजनीतिक दलों के लोगों को सूचित करें या चुनाव आयोग को सीधी शिकायत करें। चुनाव आयोग से मिले इस आश्वासन के लिए धन्यवाद। प्रशासन व पुलिस के बेईमान अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। उनके वीडियो साक्ष्य उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई का आधार बनेंगे। बेखौफ जाएं और अपना वोट जरूर डालकर आएं।

# गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखेंगे सीएम योगी, मल्टीप्लेक्स और शो टाइम हुआ तय

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखेंगे। शहीद पथ स्थित फिनिक्स पलासियो मॉल में फिल्म का सुबह 11.30 बजे विशेष शो रखा गया है। सीएम के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी भी फिल्म देखेंगे। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज हुई थी। पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म करने के बाद विक्रांत ने कहा कि उन्हें धमकियां मिल रही हैं। यह फिल्म गुजरात में 2002 में कारसेवकों से भरी साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगाए जाने की घटना पर आधारित है।




### रामकथा में पहुंचे सीएम योगी

दो दिवसीय भ्रमण पर बुधवार की शाम को देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म भारत का प्राण है। भारत की आत्मा है। भारत का आधार है। इसके बगैर भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सनातन धर्म कमजोर होगा तो भारत कमजोर होगा। सनातन धर्म पर आघात होगा तो यह आघात भारतवासियों पर होगा। भारत कमजोर होगा तो विश्व में मानवता के खिलाफ संकट खड़ा होगा। ऐसे में सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। यह हर किसी की जिम्मेदारी है। शक्तिपीठ देवीपाटन में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित रामकथा में मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म किसी भाषा या क्षेत्र से दूरी बनाने की बात नहीं करता है। वह सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के सपने को साकार करता है। एक साथ बोलने, एक साथ सोचने और एक साथ चलने की प्रेरणा देता है। एक साथ सभी कार्यों को संपादित करने की सीख देता है।

# छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता गोल्ड मेडल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ सिटी मांटेसरी स्कूल लखनऊ के छात्र मोहम्मद शज़ान ज़ैदी ने ब्रेन ओ ब्रेन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता जिससे उसके माता-पिता में खुशी का इजहार है वहीं छात्रा ने यह मुकाम हासिल कर विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर ट्राफी जीती। यह सफलता ही उसने नहीं प्राप्त की। बल्कि इसके पहले भी उसने अच्छी प्रतिस्पर्धा दिखाते हुए मोहम्मद शज़ान ज़ैदी ने पिछले साल 2023 भी विज स्पेल बी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भी ट्राफी जीती थी। शज़ान ज़ैदी न्यू हैदरगंज कैम्पवेल रोड लखनऊ के निवासी हैं। वर्तमान में सीएमएस राजाजीपुरम एक में कक्षा चार के छात्र हैं।इनके पिता शहाब हैदर ज़ैदी,पेशे से शिक्षक हैं। मोहम्मद शज़ान ज़ैदी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है।



# आदर्श व्यापारी एसोसिएशन इन्दिरा नगर इकाई द्वारा महाआरती का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आदर्श व्यापारी एसोसिएशन इन्दिरा नगर इकाई के द्वारा प्राचीन काल के श्री हनुमान मंदिर मुंशी पुलिया चौराहे के निकट इन्दिरा नगर में महाआरती का आयोजन किया गया। हनुमान बाबा की महाआरती में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी व्यापारीयों ने मंदिर पुरोहित अशोक पंडित के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इन्दिरा नगर इकाई के सचिव सुनील रावत द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। वहीं इन्दिरा नगर इकाई के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने सभी व्यापारीयों का आभार व्यक्त किया जिनके प्रयास द्वारा आयोजन सफल हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, इन्दिरा नगर इकाई अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, संरक्षक प्रीतम गुप्ता, सचिव शरद मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, विवेक सचदेवा, प्रतिबिंब गुप्ता, कुलदीप कुमार,ओम प्रकाश सोनी, अरुण कुमार मिश्र, विकास यादव,एडवोकेट कृष्णलाल यादव अन्य मौजूद रहें।

## एक्सप्रेस खबरें...

### प्रदेश की 121 चीनी मिलों में 102 ने जारी किया गन्ना इण्डेन्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। गन्ना आयुक्त प्रभु एन सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व एवं गन्ना किसानों के व्यापक हितों के दृष्टिगत मंत्री, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास लक्ष्मी नारायण चौधरी व राज्य मंत्री संजय गंगवार के मार्गदर्शन में वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। प्रदेश की 102 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद हेतु इण्डेन्ट जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 90 चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जिनमें निगम क्षेत्र की 01, सहकारी क्षेत्र की 10 तथा निजी क्षेत्र की 79 चीनी मिलें शामिल हैं। प्रदेश की संचालित चीनी मिलों में सहारनपुर परिक्षेत्र की 19 में से 18 चीनी मिलें, मेरठ परिक्षेत्र की 16 में से 16, बरेली परिक्षेत्र की 17 में से 11,मुरादाबाद परिक्षेत्र की 23 में से 22, लखनऊ परिक्षेत्र की 19 में से 13, अयोध्या परिक्षेत्र की 05 में से 04, देवीपाटन परिक्षेत्र की 10 में से 04 तथा देवरिया परिक्षेत्र की 7 में से 02 चीनी मिलों ने पेराई कार्य प्रारम्भ कर दिया है। प्रदेश की अन्य 12 चीनी मिलों द्वारा अपना पेराई कार्य शुरू करने की समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर गन्ना खरीद हेतु इण्डेंट जारी कर दिया है। इन चीनी मिलों का संचालन भी अगले 02 से 03 दिवस में शुरू हो जाएगा। अवशेष 19 चीनी मिलें भी शीघ्र ही संचालित हो जाएगी।गन्ना आयुक्त के मुताबिक वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 के देय गन्ना मूल्य का नियमानुसार त्वरित भुगतान करने हेतु चीनी मिलों को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। तदक्रम में 39 चीनी मिलों द्वारा वर्तमान पेराई सत्र के देय गन्ना मूल्य का भुगतान भी शुरू कर दिया गया है। समय से चीनी मिलों के संचालन से गेंहू बुवाई हेतु खेत खाली होगा।

### रिहैबिलीटेशन ऑफ ओल्डर चिल्ड्रेन थ्रो फॉस्टर केयर एंड फॉस्टर एडॉप्शन कान्क्लेब आज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह के अंतर्गत पालक देखभाल और पालक दत्तक ग्रहण के माध्यम से बड़े बच्चों का पुनर्वास विषयक कान्क्लेब का 21 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ के मार्स आडीटोरियम में राज्य स्तरीय कान्क्लेब का आयोजन किया जा रहा है।निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर ने बताया कि कान्क्लेब में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री भारत सरकार, सावित्री ठाकुर, प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री, बेबी रानी मौर्य तथा महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री, प्रतिभा शुक्ला मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम में लगभग 500 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि पालक देखभाल कार्यक्रम के तहत जैविक ना होने पर 18 वर्ष आयु तक किसी बच्चे के सर्वोत्तम हित को देखते हुए उसे पारिवारिक वातावरण में देखरेख और संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से वैकल्पिक परिवार में पुर्नवासित कराना है।

### सड़क निर्माण से संबंधित हेतु 82.57 लाख रूपये मंजूर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तरप्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत झांसी में सड़क निर्माण से संबंधित पांच कार्यों हेतु कुल 82.57 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी, झांसी के निवर्तन पर रखी गयी है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, झांसी को प्रेषित कर दी गई है। विधान सभा क्षेत्र गरौठा में सीसी संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 19.85 लाख रूपये, एआरएच गुरसरांय से नहर की पटरी रामनगर गुरसराय रोड की ओर सीसी संपर्क मार्ग हेतु 20.67 लाख रूपये, ब्लाक मोठ के ग्राम पहाडपुरा में कुटी माता मंदिर होते हुए हनुमान जी के मंदिर की ओर सीसी संपर्क मार्ग के निर्माण हेतु 14.39 लाख रूपये, विधान सभा क्षेत्र गरौठा रोड से विजय प्रजापति के मकान तक सी0सी0 संपर्क मार्ग के निर्माण हेतु 13.14 लाख रूपये तथा ब्लाक गुरसराय के ग्राम गुढा में तपोभूमि विश्वामित्र मेला ग्राउण्ड से नदी की ओर सीसी संपर्क मार्ग के निर्माण हेतु 14.52 लाख रूपये मंजूर किये गये है।

### सहकारिता व्यक्ति की समृद्धि का आधार : अग्रवाल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.यूपीआरएनएसएस द्वारा 71 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2024 के अवसर पर सहकारिता क्षेत्र में ''सतत विकास लक्ष्य के ध्येय को हासिल करने में सहकारी संगठनों की भूमिका और बेहतर दुनिया के लिए आगे का मार्ग'' विषय पर गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव सहकारिता एमपी अग्रवाल ने किया। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सहभागिता से ही सहकारिता है।

# एस.एस.इंटरनेशनल स्कूल लखनऊ में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




लखनऊ जिले बक्शी का तालाब स्थित एस एस इंटरनेशनल स्कूल में यह समारोह को बहुत जोश और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। बता दें कि इस शुभ अवसर पर स्कूल में समय समय पर आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षिक, अशैक्षिक एवं सांस्कृति गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन श्री प्रवीण सिंह चौहान जी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया उपाध्याय जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ साथ स्कूल में आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षिक , अशैक्षिक एवं सांस्कृति गतिविधियों से विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास होता है एवं उनको अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का भी मौका मिलता है जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है, अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन हुआ।




# बेटे ने पिता व सौतेली मां को जान से मारने की रचीं थी साजिश

- बेटे द्वारा रचि साजिश हुई नाकाम पारा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के नए पारा कोतवाल की टीम की सतर्कता से पिता व मां की बची जान। जानकारी अनुसार पारा कोतवाली क्षेत्र के भपटामऊ निवासी राहुल कुमार उर्फ गोलू रावत ने अपने सगे पिता राजेंद्र रावत व सौतेली मां को जान से मारने के लिए शिवम वर्मा निवासी गुरूदत्त खेड़ा जनपद बाराबंकी व अंकित वर्मा निवासी ग्राम बन्धर थाना अंदरका अचलगंज जिला उन्नाव से दो लाख रुपए नगद व एक प्लॉट देने के वादे पर दोनों की हत्या कराने की साजिश रचि गई थी। इस घटना को अंजाम देने के लिए बेटे द्वारा शिवम वर्मा को पिता व सौतेली मां के घर को भी दिखाया था, कि नए पारा कोतवाल सुरेश सिंह व उनकी टीम उप निरीक्षक सचिन कुमार, उप निरीक्षक सुधीर कुमार, हेड कांस्टेबल तेज बहादुर व लवकेश कुमार, राजकुमार की सतर्कता से पिता राजेंद्र रावत व सौतेली मां की जान बच गई। हत्या की साजिश रचने वाले बेटे पर एक शिवम वर्मा पर साथ व अंकित वर्मा पर लखनऊ व उन्नाव में करीब 21 मुकदमे दर्ज है। इस घटना की साजिश रचने वाले बेटे राहुल व शिवम को पारा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं अंकित के तलाश जारी है।

# आम जनता के बीच रहकर समस्याओं का निस्तारण कराएं प्रशिक्षु अफसर : दीपक

- एसीएस गृह से भारतीय पुलिस सेवा 76वे बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारियों ने की भेंट

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से कहा कि वे प्रदेश सरकार द्वारा दी गयी जिम्मेदारियों के समय आम जनता के हितो को सर्वोपरि समझते हुए कार्य करे। जनता की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता से कराये। आईपीएस अधिकारियो को तैनाती स्थल पर छोटी-छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेकर घटना स्थल पर पहुंच कर वास्तविक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

अपर मुख्य सचिव गृह आज अपने लोकभवन स्थित कार्यालय कक्ष के सभागार मे उ0प्र0 कैडर के 76 वें आर आर के 20 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से भेट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी बेहतर कार्य शैली एवं जन संवाद के माध्यम से आम जन नागरिकों में बेहतर छवि बनाने में कोई कसर न छोड़े। दीपक कुमार ने प्रशिक्षु आईपीएस आधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी जन आकांक्षाओं की कसौटी पर भविष्य में खरा उतरे और पूर्ण मनोयोग से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक जनता का विश्वास प्राप्त करे। प्रशिक्षु आईपीएस आधिकारी समय से कार्यालय पहुँचे। नेचुरल जस्टिस हेतु सभी पक्षों को ध्यान से सुने तथा प्रत्येक मिलने वाले व्यक्ति से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर नियमानुसार निर्धारित समय में समस्या का निवारण कर आगन्तुकों से शिष्टाचार का व्यवहार करे।अपर मुख्य सचिव गृह से मिलने आये प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी अभिनव द्विवेदी, अभिषेक दवाच्या, आलोक राज नारायण, अरूण कुमार एस, दीपक यादव, देवेश चतुर्वेदी, गौतम राय, गोल्डी गुप्ता, प्रशान्त राज, राजेश गुनावत, शिवम आशुतोष, सिद्वार्थ के मिश्र, विश्वजीत शौर्य, विवेक तिवारी एवं आशमा चौधरी, अरीबा नोमान, कृतिका शुक्ला, माविसतक, नताशा गोयल, सोनाली मिश्रा है। इस मौके पर सचिव गृह संजीव गुप्ता व राजेश कुमार तथा विशेष सचिव गृह योगेश के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेंशन, पीएफ, इज्जत सब कुछ जाएगी : अखिलेश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा तथा चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अधिकारियों पर हमला बोला।

अखिलेश ने कहा कि बीजेपी उपचुनाव में वोट से नहीं, बल्कि खोट से जीतना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि इस उपचुनाव का परिणाम समाजवादी पार्टी के पक्ष में आएगा, किन्तु अगले दिन अदालत का फैसला अफसरों के खिलाफ होगा।अखिलेश ने आगे कहा, ÷मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग बेईमानी करने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। भाजपा वही लोग हैं जो स्वयं गड़बड़ करवा रहे हैं। भाजपा के मतदाता भी नहीं निकल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा, सबकी नौकरी जाएगी, पीएफ और पेंशन भी जाएगी। समाज में इज्जत जाएगी। बेइमानी का ठप्पा लगाकर इनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। मैंने चीफ इलेक्शन कमिश्नर से बात की है। उन्होंने बेईमानी करने वाले अफसरों की लिस्ट मांगी है तथा मुझे यह भी सुनने को मिला है कि खासकर मीरापुर विधानसभा में मैं उन अफसरों की जानकारी दूंगा जिन्होंने आईडी कार्ड छीनने की कोशिश की। अखिलेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ की तरफ इशारा करते हुए कहा, जनता तो इनके खिलाफ है ही, इनके अपने लोग भी इनके खिलाफ हैं। दिल्ली और डिप्टी दोनों इनके खिलाफ हैं।÷ करहल में दलित लड़की की हत्या एवं समाजवादी पार्टी से जुड़े विवाद पर अखिलेश ने कहा, जो सीट करहल की है, वह ऐतिहासिक वोटों से जीतने वाली सीट है। भाजपा के पास डीएम और एसपी हैं, फिर भी आपको यह समझ में नहीं आता कि कौन बेईमानी कर रहा है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा हार के डर से प्रशासन पर बेईमानी करने का दबाव बना रही है, जिससे अफसर गड़बड़ी करें। अखिलेश ने मतदाताओं से अपील की, डटे रहें और वोट डालने के लिए जरूर जाएं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/समाडि/स., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

**क्रम सं.-1,** निविदा सूचना संख्याः 15-2024-CW, **कार्य का नामः** 'फिटमेन्ट ऑफ टरशियरी पिन अरेन्जमेन्ट ऑफ डिफरेन्ट मेक (दैट इज सैनरॉक, फेवली एण्ड फ्रन्टियर) इन एच-टाइप सीबीसी कपलर ऑफ एलएचबी कोचेज ऐट एएसएच, जीटीएनआर ऐन्ड जीकेपी कोचिंग डिपोज इन ए पीरियड ऑफ 06 मन्थ्स। अनुमानित लागत (रू0में): ₹ 37,89,400/-, अग्रिम धन (रू0में): ₹ 75,800/-, निविदा की अवधि: 06 माह।

• ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 13-12-2024,15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा दिनांक 13-12-2024 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल यॉंत्रिक इंजीनियर/समाडि,
मुजाधि/यॉंत्रिक-82 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# प्रदेश में 25 नवंबर तक चलेगा महाभियान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में आम आदमी से लेकर माननीय तक राज्य में स्थित अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल बताएंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग ने महाअभियान शुरू किया है, जो 25 नवंबर तक चलेगा। सभी जिलों के प्रमुख स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे। लोग पोर्टल पर डिटेल भरने के बाद अपनी फोटो, रील्स आदि अपलोड कर सकेंगे। इसके लिए क्यूआर कोड बनाया गया है। महाभियान में सबसे अधिक योगदान देने वाले आकर्षक उपहार पाएंगे।

# 'यूज्ड वाटर मैनेजमेंट' विषयक कार्यशाला का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- वित्तीय वर्ष के अंत तक एसबीएम 2.0 के सभी कार्य शुरु हो जाये : महुआ
- पांच हफ्ते के 'क्लीन टॉयलेट' अभियान में शौचालयों को बनायें विश्वस्तरीय : रूपा मिश्रा

विश्व शौचालय दिवस पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय ज्ञान कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत रूपा मिश्रा जेएस महुआ द्वारा की गयी। उन्होंने सत्र के दौरान सामने आए कुछ बिंदुओं पर संबोधित करते हुए कहा कि मिशन के संचालन के लिए तकनीकी और प्रबंधकीय दृष्टिकोण दोनों को ध्यान में रखने की आवश्यकता है। तकनीक को चुनने से पहले हमें स्थानीय परिस्थितियों को भी ध्यान में रखना है। मानकीकरण, डीपीआर और कुछ चीज़ों को स्थिर करने के मामले में स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिये। कुछ चीज़ों को स्थानीय निकायों पर नहीं छोड़ना चाहिए जो क्षमता के साथ संघर्ष करते हैं। जिनमें से कई नियमित निष्पादन भी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने विश्व शौचालय दिवस पर शुरू हुए 5 सप्ताह के 'क्लीन टॉयलेट' अभियान में तत्परता और पूर्ण निष्ठा पर कार्य करते हुए सभी शौचालयों को स्वच्छ बनाते हुए अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना है। पुराने शौचालय यदि क्षतिग्रस्त हैं, तो उनकी मरम्मत करायी जाये। स्वच्छ के प्रति लोगों का जुड़ाव और एसएचजी के सहयोग से संचालन और सुधार पर कार्य किया जायेगा। आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता फैलाना भी इस अभियान का मुख्य उद्देश्य होगा।उन्होंने कहा कि ऐसे इंटरैक्टिव सेशन से हम अपने शहरों के विकास के लिए बेहतर मॉडल साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक एसबीएम 2.0 की प्रत्येक परियोजना को जमीनी स्तर पर शुरू किया जाना चाहिए। शहरी भारत में काम करते हुए हम जल प्रबंधन और जल संसाधनों में काम कर रहे हैं। अधिकांश राज्यों ने आपके पूर्वाग्रह परियोजना प्रबंधन सूचना प्रणाली को डेटा की रिपोर्ट नहीं की है, भूमि आवंटन निविदा निष्पादन से लेकर आपके कई बिलों में सभी ऐसे पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इस मॉड्यूल को बेहतर बनाने के लिए आपके द्वारा दिए जाने वाले सुझाव से हम सीखते हैं और सुधार कर रहे हैं। आज हम कचरे से गैस, बिजली, जल प्रबंधन और छोटे शहरों के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निधियों का एक कोष है। जिससे आप शहरी बुनियादी ढांचे के लिए फंड ले सकते हैं। पहले, इसके लिए चार किस्तें थीं। हम आपकी वास्तविक खपत या उपयोग और वृद्धि के बावजूद अगली किस्त जारी करते हैं, जो एसएनए ने ट्रैकिंग शुरू करते ही जाती है। जमीन पर आपका वास्तविक उपयोग क्या है और विस्तारित शेष राशि में आपकी कमी क्या है? जब तक आपका विस्तारित शेष कम नहीं हो रहा था, हम आपको भुगतान जारी करने में सक्षम नहीं थे। जैसे ही आपके आयुक्त, भुगतान करने के लिए निजी ऑपरेटरों के बिलों को बढ़ाएंगे। हम आपको मूल मंजूरी भेज देंगे। पिछले तीन वर्षों से हर साल इस तरह की कार्यशाला करने की कोशिश की है। जिससे लगभग 85 प्रतिशत नियोजन पूरा कर लिया है। इसलिए अगले 24 महीनों में राज्यवार और क्षेत्रवार इस तरह की बैठकें करनी होंगी। जिससे बड़ी संख्या में इंजीनियर और राज्य के अधिकारी शामिल होकर आपने शहरों को अच्छे शहरों की सूची में स्थापित करते हुए फील्ड रिसर्च करें।दूसरे दिन की कार्यशाला में डॉ. वीके चौरसिया सलाहकार, सीपीएचईईओ द्वारा राज्यों द्वारा नियोजन और डीपीआर तैयार करने के अनुभव साझा करने का संचालन किया गया जिसमें उन्होंने उपयोग किए गए जल प्रबंधन के लिए दृष्टिकोण और राज्यों द्वारा डीपीआर तैयार करने की स्थिति के बारे में जानकारी दी। जिसपर पंजाब से श्री जितिन वासुदेवा, ईई पीडब्लूएसएसबी, मध्य प्रदेश से श्री आर आर जारोलिया, एसई, अरुणाचल प्रदेश से राज्य मिशन निदेशक हनो टक्का, उत्तर प्रदेश से संजय गौतम सीई, उड़ीसा से बिनय कुमार दाश, एडिशनल एमडी, एसबीएम-यू, मॉडल डीपीआर के लिए सतीश कुमार, असिस्टेंट सलाहकार, सीपीएचईईओ ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से आपने विचार रखे। वहीं राज्यों द्वारा अनुभव साझा करना- कार्यान्वयन एजेंसी की खरीद और प्रगति की निगरानी पर आयोजित सत्र का संचालन रोहित कक्कड़, उप सलाहकार, सीपीएनईबीओ द्वारा किया गया। जिसमें आर आर जारोलिया, एसई, मध्य प्रदेश से, गुजरात से प्रनव धोलिया, टेक्निकल मैनेजर जीयूडीएम, वरिष्ठ अनुसंधान प्रमुख सीडब्लूएएस, कार्यान्वयन पर ठेकेदारों का अनुभव प्रेजेंटेशन के माध्यम से पवन कुलकर्णी, ईएसटीपीएल, मध्य प्रदेश ने किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली माननीय उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय एवं मोटर दुर्घटना सम्बन्धी अधिकाधिक वादों को निस्तारण कराये जाने हेतु अनुपमा गोपाल निगम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय व ध्रुव कुमार तिवारी, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के साथ बैठक अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गयी अगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने व पिछलें लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किया।

### श्रीराम तिलकोत्सवः छह दिसंबर को विवाह उत्सव

# नेपाल के जनकपुर से आए आभूषण उपहार और 501 तरह का प्रसाद

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



राम बारात 26 नवंबर को जनकपुर के लिए रवाना होगी और तीन दिसंबर को वहां पहुंचेगी। नेपाल के जनकपुर में विवाह उत्सव छह दिसंबर को होगा और बारात 10 दिसंबर को अयोध्या वापस लौटेगी। भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए रामनगरी अयोध्या में आयोजित एक भव्य समारोह में पड़ोसी देश के जनकपुर से 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने श्रीराम तिलक उत्सव में हिस्सा लिया। मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि जनकपुर से लोग सोने, चांदी और पारंपरिक प्रसाद सहित उपहार लेकर आए हैं। दरअसल माता सीता के जन्मस्थान के रूप में प्रतिष्ठित जनकपुर इस परंपरा में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

नेपाल के मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह और जनकपुर के मेयर मनोज कुमार शाह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल 501 प्रकार के प्रसाद लेकर आया है। यह समारोह विहिप मुख्यालय रामसेवकपुरम में आयोजित किया गया था, जिसमें नेपाली मेहमानों के स्वागत की व्यवस्था की गई थी। तिलक उत्सव की शुरुआत जनकपुर में जानकी मंदिर के पुजारी राम रोशन दास के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई।

विहिप के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंकज ने बताया कि अयोध्या में कारसेवकपुरम, अभयदाता हनुमान आश्रम, विवेक सृष्टि, माता सरस्वती देवी मंदिर और तीर्थ क्षेत्र भवन में उनके ठहरने की व्यवस्था की गई थी। राममंदिर के गर्भगृह तक नेपाली प्रतिनिधिमंडल की यात्रा भक्ति गीतों, पारंपरिक नृत्यों और औपचारिक संगीत वाद्ययंत्रों के साथ हुई, जिसका समापन पवित्र प्रार्थनाओं और अनुष्ठानों के साथ हुआ। बता दें कि, जनवरी 2024 में रामलला की मूर्ति की स्थापना के बाद पहली बार नवनिर्मित राम मंदिर में तिलक समारोह किया गया।

राम मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता ओमकार सिंह ने बताया कि राम बारात 26 नवंबर को जनकपुर के लिए रवाना होगी और तीन दिसंबर को वहां पहुंचेगी। नेपाल के जनकपुर में विवाह उत्सव छह दिसंबर को होगा और बारात 10 दिसंबर को अयोध्या वापस लौटेगी।

## सीओ सिटी समेत पांच को जिला जज ने थमाया नोटिस

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। वर्ष 2015 में कोर्ट से स्टे होने के बाद भी जबरन कब्जा कराने के मामले में कोतवाली नगर के तत्कालीन कोतवाल शैलेंद्र सिंह, दरोगा यमुना प्रसाद पांडेय सहित पांच लोगों के विरुद्ध नोटिस जारी कर तलब किया गया है। यह आदेश जनपद सत्र न्यायाधीश रणंजय कुमार कुमार वर्मा ने निगरानीकर्ता धीरेंद्र प्रताप सिंह के प्रार्थना पत्र पर दिया है। साथ ही सुनवाई के तारीख नौ दिसंबर तय की गई है। निगरानीकर्ता धीरेंद्र प्रताप सिंह ने 19 अक्तूबर 2024 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से पारित आदेश के विरुद्ध क्रिमिनल रिवीजन जिला जज की अदालत में पेश किया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जनौरा निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने वर्ष 2015 में तत्कालीन कोतवाल रहे शैलेंद्र सिंह, देवकाली चौकी इंचार्ज यमुना प्रसाद पांडेय, लालबाग बांस मंडी निवासी सजाउद्दीन, जनौरा निवासी भूपेंद्र सिंह व जितेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था।

# सामुदायिक शौचालय पड़े गंदे, नहीं होती साफ सफाई

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




शौचालय से बाहरी गंदगी पर रोक लगी है।अधिकतर ग्रामीण शौचालय का प्रयोग कर रहा है।सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में सामुदायिक शौचालय बनाया गया। जिसका प्रयोग सैकड़ों लोग कर रहे हैं।सामुदायिक शौचालय की देखरेख के लिए महिला केयर टेकर की नियुक्ति हुई है।इसके प्रत्येक माह अच्छी सैलरी खारिज किया जाता है।धनराशि भले ही खारिज हुई हो,लेकिन साफ सफाई देखी जाय तो अधिकतर शौचालय ऐसे हैं,जिसमें कई माह से पानी और साफ सफाई की ही व्यवस्था नहीं है।अमेठी जिले के विकास खंड संग्रामपुर में 37 सामुदायिक शौचालय बने हुए हैं। जिसमें ब्लाक से दूर गांव में स्थापित सामुदायिक शौचालय की देखरेख नहीं होती है।और इसकी मरम्मत के लिए भी पैसा खारिज किया जाता है ।लेकिन मरम्मत के अभाव में शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं रहती है।यही कारण है कि लाखों रुपया खर्च होने के बावजूद भी आज भी ग्रामीणों को शौच के लिए खेतों मे जाना पड़ता है। संग्रामपुर क्षेत्र शुकुल पुर कनू, बदलापुर, मिश्रौली, बड़गांव, सरैया कनू, सोनारी कनू धोए, करौंदी, कंसापुर, मधुपुर खदरी, ईंटौरी सहित सामुदायिक शौचालय गंदे पड़े हैं।या उसमें मरम्मत की जरूरत है।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में जूनियर विंग के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में हो रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में आज (बुधवार) जूनियर विंग में कैरम, चेस, बैडमिंटन और क्रिकेट प्रतियोगिताओं के फाइनल (अंतिम ) मुकाबले के उपरान्त विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि रहे एसआई दिलीप कुमार शर्मा (त्रिपुला चौकी इंचार्ज ) और एनएसपीएसके संस्थापक-प्रबंधकडॉशशिकांतशर्माकाप्रधानाचार्य शिवलखनप्रजापतिनेस्वागतकिया खेलकूद प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के विज़ाओं को मुख्य अतिथि और संस्थापक-प्रबंधक द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने मुख्य अतिथि एसआई दिलीप कुमार शर्मा को संस्मरण चिन्ह देकर सम्मानित किया

वार्षिक खेलकूद की फाइनल प्रतियोगिताओं में कैरम प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस के आयुष्मान गुप्ता विनर और आज़ाद हाउस के ऋषभ सिंह रनर रहे , चेस प्रतियोगिता में आज़ाद हाउस के सानिध्य शर्मा विनर और सुभाष हाउस के आदित्य तिवारी रनर रहे , बैडमिंटन प्रतियोगिता में राधा हाउस से बालक वर्ग के इशांत सिंह विनर और राधा हाउस से उत्तकर्ष मौर्या रनर रहे तो वंही बालिका वर्ग में राधा हाउस की छात्रा खुशी मिश्रा विनर और आज़ाद हाउस की तावी पाण्डेय रनर रहीं साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रत्यूष यादव के नेतृत्व में सुभाष हाउस की टीम ने रचित यादव के नेतृत्व वाली राधा हाउस की टीम को शिकस्त देकर विजयश्री हासिल की

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पालरामदेवअजय सिंह, पिंकी जायसवाल अजयराज सिंह कामरान विवेक सिंह गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क पर पैच निर्माण कार्य महज फारमेल्टी, पैच निर्माण कार्य घटिया

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड इकाई अमेठी से निर्मित सडको के जर्जर होने पर मरम्मत होती है। पटरी क्षतिग्रस्त ही रहती है।मिसरौली,हथकिला,भेटुआ मार्ग दूरी लगभग छ किलोमीटर है।पटरी क्षतिग्रस्त है। झाडी उगी है। सड़क मार्ग पर उभरे गडढो मे पैच निर्माण कार्य हो रहा है।गडढो में बोल्डर के ऊपर मिटटी डाले हुए दो माह बीत गये।बोल्डर उधड रहे।जिससे गडढे फिर से ऊभर रहे है। राहगीर परेशान हो रहे है। मिसरौली,श्रीशान्ता नन्द पुजारी इण्टरमीडियेट कालेजतुलापुर करौदी,हथकिला,भरेथा, देवरहा पूरे गेदई का पुरवा,लौकापुर आदि गांवो के समीप गडढे उभर आए है।चौबेपुर-पंचायत भवन बैसडा मार्ग दूरी तीन किलोमीटर है।सड़क मार्ग जर्जर है।पटरी क्षतिग्रस्त है। उभरे गडढो मे बोल्डर डाल कर छोड दिए गए है।पटरी क्षतिग्रस्त पडी है।राहगीर गिर कर चोटिहिल हो रहे है। रोलर सड़क मार्ग पर नही दौडाया गया।भाजपा जिला मंत्री अजय कुमार विश्वकर्मा ने शासन प्रशासन से सड़को के मरम्मत की जांच की मांग किया है।और जिलाधिकारी निशा अनन्त से सड़को के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण की मांग उठाई है।पैच निर्माण कार्य घटिया निर्माण होने की अशंका जताई है।

## जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पाकशाला, लीगल ऐड क्लीनिक व काष्ठ प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया गया। सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। कारागार के चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान बन्दी रोगियोंकीसमस्याओं को सुना गया निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिनकी जमानत माननीय उच्च न्यायालय से होनी है तथा उनके पास अधिवक्ता न हो तो वह माननीय उच्च न्यायालय, विधिक सेवा समिति इलाहाबाद को प्रार्थना पत्र लिखकर निःशुल्क अधिवक्ता हेतु जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है। दौरान निरीक्षण व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमाशुँ रौतेला चीफ लीगल एडडिफेन्सकाउन्सिल राजकुमार सिंह व डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर शिविर का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया सचिव द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम से आवासित वृद्धों की देखभाल व खान-पान के सम्बन्ध में चर्चा की निरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिलाविधिकसेवाप्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं उक्त शिविर में वृद्धजनों को वृद्धा पेंशन आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वाराअधीक्षकवृद्धाश्रम धनंजय सिंह को वृद्धजनों के उक्त कार्डों को अद्यतन किये जाने व बनवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें उक्त शिविर में स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# परम आनंद देने वाला होता है अखंड पाठ– महंत मिथिलेश नंदिनी शरण

### अयोध्या में तीन दिवसीय श्री रामचरित मानस के सामूहिक पाठ का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



अयोध्या के लक्ष्मण घाट स्थित सिद्ध पीठ हनुमत निवास में श्री रामचरितमानस का तीन दिवसीय अखंड संगीत में पाठ की बहेगी गंगा, सौ अधिक भक्ति मय मधुर संगीत में रामचरितमानस का करेंगे सामूहिक पाठ, अयोध्या सैकड़ो संत इस महा अनुष्ठान में होंगे सम्मिलित। सुबह 10 बजे आचार्य कुमार गौरव द्वारा भगवान श्रीराम और हनुमान के पूजन के साथ आरंभ होगा, जिसमें मुराबाबाद, कानपुर, में वाराणसी और रायबरेली के 100 से ज्यादा भक्त मधुर सामूहिक पाठ करेंगे। श्री हनुमत निवास के महंत डां मिथिलेश नंदिनी शरण ने बताया कि आज से शाम 7 बजे राम जन्मोत्सव होगा। अयोध्या आरण्य, किष्किन्धा और सुंदरकांड पाठ 21 ने नवंबर को होगा। 22 नवंबर को सुबह 10 बजे श्रीराम राज्याभिषेक । और शिव स्तुति दोपहर 3 बजे, पाठ रात्रि विश्राम और प्रवचन शाम 7 बजे के बाद आरती और प्रसाद शाम आठ बजे होगा। यह पूरा समारोह 50 साल से राम चरित मानस का सस्वर सामूहिक पाठ कर रहे भक्तों की टीम करेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजक मुरादाबाद के रामभक्त सीएल गुप्ता और उनके परिवार की शिखा गुप्ता और राघव गुप्ता हैं। कानपुर निवासी प्रसिद्ध वकील योगेश भसीन जो कार्यक्रम के समन्वयक और प्रमुख गायक हैं। रायबरेली के स्वामी विज्ञानानंद महाराज और मनोज मिश्र अपनी टीम के साथ आ रहे हैं। इसके अलावा आगरा के योगेश शर्मा और मुरैना के राजेश ठाकुर के साथ देश के प्रसिद्ध गायक भोला तिवारी वाराणसी भी राम चरित मानस के सस्वर गायन करेंगे। आचार्य पीठ लक्ष्मण किला के महंत महंत मिथिलेश नंदिनी शरण ने बताया कि यह कार्यक्रम स्वयं में अनूठा और परम आनंद देने वाला होता है। हम संतों और राम भक्तों को इसका पूरे साल इंतजार रहता है। भक्तों से अनुरोध है कि इस पाठ को सुनकर आनंद की प्राप्ति अवश्य करें।

## भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ रायबरेली उत्तर प्रदेश चिकित्सकों के लिए एतिहासिक दिन




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ ने हॉस्पिटल और क्लिनिक के प्रतिवर्ष होने वाले नवीनीकरण रजिस्ट्रेशन को उत्तर प्रदेश शारान द्वारा 1 वर्ष से बढाकर 5वर्ष कर दिया गया जिसरो की चिकित्ताक अब प्रतिवर्ष होने वाले रजिस्ट्रेशनकी जटिल प्रक्रिया से मुक्त होकर आपनी चिकित्सीय सेवा सुचारू रूप से दे सकेंगे चिकित्सा प्रकोष्ठ इसके लिए विगत 1.5 वर्ष से प्रयासरत था चिकित्सक हित में लिए गए इस निर्णय के लिए हम सभी चिकित्सक और चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय माननीय मुख्यमंत्री परमपूज्य योगी आदित्य नाथ जी महाराज उपमुख्यमंत्री माननीय ब्रजेश पाठक जी और वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार जी का हृदय से अभिनन्दन करते है और आभार प्रकट करते है

इस संदर्भ मेंआयोजित धन्यवाद बैठक में चिकित्या प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी की जिला संयोजिका डॉ. सुमेधा रस्तोगी एम.एम. स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जिला सह-संयोजक डॉ. सी.बी.सिंह एम.डी. पैथोलोजी, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. अतुल अग्रवाल (अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, रायबरेली), डॉ. आदर्श सिंह, डॉ.एन.सी.हसानी, डॉ.एस.एन. सिंह उपास्थित थे।

# 90 लीटर अवैध शराब जब्त कर 500 किलोग्राम लहन नष्ट कराया



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आज 19 नवम्बर 2024 को जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक सदर अखिलेश कुमार द्वारा थाना गुरुबक्शगंज की पुलिस टीम के साथ थाना गुरुबक्शगंज के अन्तर्गत ग्राम कोरिहर, घाटमपुर, मोती बाजार में अवैध कच्ची शराब बनाने/बेचने के अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई दबिश के दौरान कुल 4महिलाओं को गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया। प्रवर्तन कार्य के दौरान लगभग 90 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा मौके पर लगभग 500 किग्रा लहन नष्ट किया गया। 04 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# संयुक्त महिला समिति की अध्यक्षा के आगमन पर एनटीपीसी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ऊंचाहार एनटीपीसी आवासीय परिसर में प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब द्वारा आयोजित किशोरी मेला का उद्घाटन संयुक्ता महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह ने किया इस अवसर पर बालभवन और वेलफेयर गर्ल्स ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए विभिन्न हैंडमेड शोपीस, साबुन मोमबत्तियां और क्राफ्ट आदि का प्रदर्शन किया मेले में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित मूंज उत्पादों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और किशोरियों की रचनात्मकता और स्व-निर्माण की भावना को प्रोत्साहित किया गया श्रीमती सिंह ने मेले में लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं बल्कि आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देते हैं इसके साथ ही इस मेले में आसपास की ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित मूंज उत्पादों की भी प्रदर्शिनी लगाई गई कार्यक्रम में बालभवन के बच्चों ने हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी साथ ही ब्यूटी पार्लर कम्प्यूटर कोर्स कम्पलीशन सर्टिफिकेट के अलावा दिशा टेलरिंग सेंटर की प्रशिक्षु बालिकाओं को सिलाई मशीन भी वितरित की गई

मिशन कर्म योगी वर्कशॉप का हुआ समापनकिशोरी मेले के बाद श्रीमती किरण सिंह ने मिशन कर्म योगी वर्कशॉप के समापन समारोह में मुख्यअतिथि की भूमिका निभाईकार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबड़ा ने श्रीमती सिंह सहित वरिष्ठ सदस्या संयुक्ता महिला समिति श्रीमती चंदना कुमारी,



अध्यक्षा उत्तरा महिला मंडल श्रीमती विजया राव, महासचिव संयुक्ता महिला समिति श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, उपाध्यक्षा उत्तरा महिला मंडल श्रीमती संगीता सिन्धा रे का स्वागत एवं अभिनंदन किया इस अवसर पर उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती किरण सिंह ने कहा कि दैनिक कार्यों को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करना ही कर्म योगी का मूलमंत्र है। उन्होंने कहाजीवन की सबसे बड़ी सफलता प्रसन्नचित्त रहने में हैऔर योग व ध्यान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ध्यान को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाएं ताकि आप हर पल आनंद और खुशियों का अनुभव कर सकेंकार्यक्रम में वर्कशॉप के ट्रेनर श्री फिरोज़ सर को सम्मानित करते हुए उनका अभिनंदन किया गया श्रीमती सिंह ने वर्कशॉप के सफलआयोजनकेलिएआयोजकों को बधाई दीउपरोक्त कार्यक्रमों में मानव संसाधन प्रमुख श्रीमती रुमा दे शर्माकर्मचारी विकास केन्द्र प्रमुख श्रीमती हरलीन सचदेवा पर्यावरण संरक्षण एवं राख सदुपयोगिता प्रमुख श्रीमती प्रीति सिन्हा मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ.मधु सिंह सहित अन्य वरिष्ठ महिला पदाधिकारी एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आवासीय परिसर की महिलाएं उपस्थित रहीं और सभी ने वर्कशॉप में प्रतिभाग करवर्कशॉप को सफल बनायासंयुक्ता महिला समिति की अध्यक्षा के आगमन को यादगार बनाने के उद्देश्य से दौरे के अंत में पौधारोपण संपन्न हुआ।

# सीसामऊ उपचुनाव के दौरान पांच बार हुआ बवाल







■ कहीं लाठी चार्ज तो कहीं वोटरों को खदेड़ा, अखिलेश की ट्वीट पर दरोगा व इंस्पेक्टर सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर की बहु चर्चित सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में मतदान के दौरान पांच जगह पर बड़े बवाल हुए हैं। वाटर का रास्ता बंद करने, तो कहीं पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करने और खतरनाक का आरोप मतदाताओं ने लगाया है। सीसाम ऊ उपचुनाव पर भाजपा सहित सपा के भी शीर्ष नेताओं की नजरे लगी रही। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तो ट्वीट कर कानपुर जिला प्रशासन को वोटरों के प्रति संवेदना रखने के लिए कहा साथ ही साथ दो दरोगाओं पर बड़ी कार्यवाही करते हुए सस्पेंड तक कर दिया गया।

इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने पथराव करने का आरोप लगाया तो कुछ बीजेपी नेता मतदान में अनियमितता का आरोप भी लगाकर धरने पर बैठ गए। मतदान शुरू होने के बाद से ही लगातार कानपुर में जगह-जगह पर हंगामा और झड़प का दौर जारी रहा। कानपुर ग्वालटोली थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड मकबरा मोहल्ले में बेरी कटिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। यहां से किसी भी वोटर को बाहर नहीं जाने दिया जा रहा था। इससे मकबरा मोहल्ले के हजारों लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह गए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस कर्मियों के वोटर का रास्ता रोकने का वीडियो ट्विटर हैंडल पर पोस्ट कर दिया। इसके बाद चुनाव आयोग और कानपुर पुलिस कमिश्नर ने संज्ञान लेते हुए ड्यूटी पड़ता है ना कल्याणपुर थाने के दरोगा अरुण कुमार सिंह और दरोगा राजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया।

इस मामले में सपा नेत्री नेहा रोमिला सिंह भी मौके पर पहुंची और पुलिस कर्मियों से बैरिकेडिंग हटाने को कहा और जब पुलिस कर्मियों ने बैरिकेडिंग हटाने से मना कर दिया तो पुलिस और सपा नेत्री के बीच जमकर झड़प हुई। काफी देर झड़प चलने के बाद पुलिस ने रास्ता नहीं खोला।

### फर्जी वोटिंग को लेकर भाजपा नेता बैठे धरने पर

चुन्नीगंज स्थित जीआईसी मैदान केंद्र पर भाजपा नेता मनोज सिंह अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया था कि फर्जी मतदान और धांधली की जा रही है। उनके बूथ एजेंट ने विरोध किया तो पुलिस ने एजेंट को बाहर निकाल दिया। भाजपा नेताओं का कहना था कि निष्पक्ष मतदान कराया जाए। इसी बात को लेकर भाजपा नेता जीआईसी गेट पर धरने पर बैठ गए। इसके बाद डीसीपी सेंट्रल महेश कुमार मौके पर पहुंचे और उन्हें धरने पर से उठाया। इतना ही नहीं भाजपा नेताओं को निष्पक्ष मतदान कराए जाने का आश्वासन भी दिया। इसके बाद भी बीजेपी कार्यकर्ता लगातार मतदान केंद्र पर बने रहे।

### वोटरों को दौड़ने और लाठी चार्ज करने का वोटरों ने लगाया आरोप

सपा के विधायक अमिताभ बाजपेई ने वोटिंग शुरू होने के कुछ देर बाद ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि चमनगंज, फहीमाबाद, मोहम्मद अली पार्क के पास वोटरों को पुलिस द्वारा खदेड़ा जाने का विरोध किया। इसके साथ ही मतदान शुरू होने से लेकर दोपहर तक लगातार सीसाम ऊ विधानसभा के मकबरा चमनगंज बेगमगंज समेत अलग-अलग इलाकों से वोटर्स के साथ हो रही बदसलू की और अभद्रता के लगातार खबरें आती रही।

### वोटरों ने लगाया आरोप मतदान सूची में नाम होने के बाद भी नहीं डाला वोट

वोटर्स ने आरोप लगाया कि उनका वोटर लिस्ट में नाम होने के बाद भी पुलिस आधार कार्ड या पहचान पत्र समेत अन्य दस्तावेजों की जांच करके परेशान कर रही थी। इस बात को भी लेकर नसीम सोलंकी समेत अन्य सिपाहियों ने जमकर हंगामा किया। नसीम सोलंकी ने कहा की मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सजय होता है। लेकिन वोटर लिस्ट में नाम होने के बाद भी क्यों पुलिस द्वारा वोटर को वोट नहीं डालने दिए गए इसको लेकर काफी विरोध प्रदर्शन किया।

### भाजपा प्रत्याशी ने लगाया आरोप सपा के गुंडो ने किया मेरी गाड़ी पर पथराव

सीसाम ऊ सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने लाल इमली चौराहे पर मतदाता केंद्र का निरीक्षण करने के दौरान सपा समर्थ को द्वारा गाड़ी पर पतराव करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि सपा के गुंडो ने उनकी गाड़ी पर पथराव किया। सफाईयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मामले की जानकारी मिलते ही सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ खड़े होकर हंगामा करने लगे। हंगामा की सूचना पाकर डीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने अनाउंसमेंट करते हुए आक्रोशित भीड़ को शांत करने के लिए कहा। जिसके बाद माहौल एक बार फिर से गरमा गया।

# जहर खुरानी का शिकार हुए अधेड़ को उसके परिजनों से मिलाया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में अक्सर जहर खुरानी के मामले प्रकाश में आते हैं। जहर खुरानी के लोक प्रायः खाने पीने की चीजों में नशीला पदार्थ डालकर लोगों से लूट की घटना को अंजाम देते हैं। ऐसा ही एक मामला बीते दिन सामने आया जब जहर खुरानी का शिकार हुए पंजाब के पीड़ित व्यक्ति को उसके परिवार से मिलाया गया। पीड़ित अधेड़ अंबाला से बोरेवली अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए जा रहा था। कानपुर सेंट्रल स्टेशन में उतरते ही उसको जहर खुरानी का शिकार बना लिया गया। बेहोशी की हालत में पुलिस ने व्यक्ति को उर्सला अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के लिए भर्ती कराया। यहां पर शहर के समाजसेवी सरदार तरनजीत सिंह ने उसके परिवार की तलाश की और उसकी पत्नी को घटना के बारे में जानकारी दी। करीब 4 दिन दिन बाद परिवार के लोग कानपुर पहुंचे और पीड़ित की अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसे वापस अपने घर ले गए। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसके चलते उनका घर तक पहुंचाने का खर्च भी तरनजीत सिंह ने ही दिया।

सूत्रों के मुताबिक अंबाला के रहने वाले रणजीत सिंह उम्र 45 वर्ष 30 अक्टूबर को अंबाला से बोरेवली के लिए ट्रेन से जा रहे थे। रणजीत संगीत के शिक्षक हैं और गुरुद्वारे में कीर्तन किया करते हैं। रणजीत ने बताया कि वह कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उतरे तो उन्हें एक युवक ने लड्डू खिलाया। इसके बाद वह बेहोश हो गए उनकी जेब में रखे पैसे भी वह युवक ले गया। इसके बाद जीआरपी पुलिस में तैनात प्रवीण नाम के एक जवान ने उन्हें उर्सला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया।

यहां पर लावारिस लोगों को खाना खिलाने के लिए आने वाले तरनजीत सिंह ने उसकी सुध ली। पीड़ित रणजीत सिंह बेहोशी की हालत में था वह कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं था। इसके बाद तरनजीत सिंह ने अस्पताल से पहले उसका पूरा पता निकलवाया।

इसके बाद वहां के लोगों से संपर्क करना शुरू किया। इस बीच जब रंजीत को थोड़ा होश आया तो उसने अपने घर का मोबाइल नंबर दिया। तरनजीत सिंह ने घर वालों से संपर्क किया और उनके परिवार को पूरी जानकारी दी। रणजीत के घर में पत्नी रेखा देवी, 12 साल का बेटा और एक विकलांग भाई नरेंद्र सिंह है। रणजीत सिंह के घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है।

ऐसे में तरनजीत सिंह ने उसके और उसके परिवार का आने-जाने का खर्चा देकर उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया।

# कारोबारी का 47 वर्ष पहले गायब हुआ लॉकर अभी तक नहीं मिला

■ लॉकर में 1 किलो 900 ग्राम सोना, 600 ग्राम चांदी, और करीब 6 कैरेट का हीरा था रखा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के कराची खाना बैंक से 47 वर्ष पुराना गायब हुआ लॉकर अभी तक नहीं मिल सका है। इस मामले में दो बार एसआईटी की जांच भी हो चुकी है। दोनों बार हुई जांचों में एसआईटी टीम ने कारोबारी को सही बताया है। बीती कुछ दिनों से यह मामला एक बार फिर से गर्माया हुआ है। इस मामले में एडिशनल सीपी हरीश चंद्र ने मामले में आयकर आयुक्त को एक पत्र लिखा है। और उन्हें अपने स्तर पर कार्रवाई करने के लिए कहा है। कारोबारी के मुताबिक इस मामले में बैंक अधिकारियों की मिलीभगत होना बताया जा रहा है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए ऐसी मांग कारोबारी ने की है।

सूत्रों के मुताबिक तिलक नगर के रहने वाले कारोबारी रमेश खन्ना और उनके स्वर्गीय दादी देवकी देवी के नाम से एक जॉइंट खाता सेंट्रल बैंक आफ इंडिया कराची खाना ब्रांच में 47 वर्ष पहले खुलवाया गया था। उसे समय खाते की संख्या 6249 और लॉकर संख्या 391बी था। रमेश खन्ना ने बताया कि दादी ने लॉकर में 1 किलो 900 ग्राम सोना, 600 ग्राम चांदी, और करीब 6 कैरेट का हीरा रखा था। जो भी जेवर लॉकर में रखे गए थे वह सभी पुश्तैनी थे। 27 अप्रैल 2022 को जब लॉकर ऑपरेट करने बैंक पहुंचे तो बैंक ने उनका लॉकर ना होने की बात कही। इस पर रमेश खन्ना ने तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड के यहां शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी टीम गठित की थी। पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा बनाई गई एसआईटी को तत्कालीन डीसीपी क्राइम सलमान ताज पाटील लीड कर रहे थे। उनकी टीम ने जब जांच की तो बैंक ने उन्हें लिख कर दिया कि लॉकर रामकुमार खन्ना और देवकी खन्ना के नाम से खोला गया था। इस पर एसआईटी मैं अपनी जान पूरी करते हुए 26 नवंबर 2022 को तत्कालीन पुलिस कमिश्नर को रिपोर्ट सौंप दी थी। जिसमें बताया गया कि लाकर रमेश खन्ना के नाम पर ही था और उसकी दादी स्वर्गीय देवकी देवी के साथ ज्वाइंट था।

साथी रिपोर्ट में यह भी जानकारी दी गई थी। कि सन 1982 में आयकर विभाग द्वारा इस लॉकर पर जांच की गई थी। उसके बाद विभाग में ही लाकर को सील करने के आदेश दिए थे।

फिलहाल फिर से इस मामले ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। इस मामले में एडिशनल सीपी हरीश चंद्र ने आयकर आयुक्त को पत्र लिखा है जिसमें आयकर आयुक्त से अपने स्तर पर जांच किए जाने के लिए कहा है।

अब देखने वाली बात कि होगी कि आगे आयकर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

# 28 नवंबर को कानपुर के ग्रीन पार्क में खेला जाएगा कूच बिहार ट्रॉफी मुकाबला



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीसीसीआई के अंदर-19 कूच बिहार ट्रैफिक का मुकाबला 28 नवंबर को कानपुर के ग्रीन पार्क में खेला जाएगा। 28 नवंबर को उत्तर प्रदेश और विदर्भ की टीम आमने-सामने होगी। एलीट ग्रुप सी में शामिल उत्तर प्रदेश की टीम अभी तक दो मुकाबले खेल चुकी है। इसमें एक मुकाबला जीत और एक में हार का मुंह देखना पड़ा है। यूपी के टीम सात अंक के साथ एलीट ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर चल रही है। कूच बिहार ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश को कुल 5 लीग मैच खेलने हैं। जिसमें अब तक दो मैच खेले जा चुके हैं। बरेली में खेले गए पहले घरेलू मैच में उसे मध्य प्रदेश के हाथों 297 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा था। वही बिलासपुर में मेजबान टीम हिमाचल प्रदेश को एक परी 230 रनों से हराया था। उत्तर प्रदेश का तीसरा मैच 20 नवंबर को आंध्र प्रदेश के खिलाफ मंगलागिरी में होगा। वही चौथा मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 28 नवंबर को होगा और आखिरी मुकाबला 6 दिसंबर को उत्तराखंड के खिलाफ काशीपुर में खेला जाएगा। यूपीसीए की मीडिया कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर संजय कपूर ने बताया कि कूच बिहार ट्रॉफी के लिए ग्राउंड्स मैन को 28 नवंबर से होने वाले मैच की तैयारी शुरू करने के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। वही सभी ने उम्मीद जताई है कि यूपी टीम यहां जीत हासिल कर नॉकआउट का रास्ता साफ कर लेगी।

# ट्रक और बाइक की जोरदार भिड़ंत




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

फतेहपुर जिले के चौडगरा कस्बे में दुकान से घर वापस आ रहे बाइक सवार मिठाई कारीगर की सामने आ रहे ट्रक की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक में फंसी बाइक तीस मीटर तक घिसटती हुई चली गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के पुरानी कटरी मजरे भाऊपुर निवासी अरविंद (25) पुत्र नरेंद्र निषाद बक्सर उन्नाव में एक मिठाई की दुकान में कारीगर था। बुधवार सुबह छह बजे वह बाइक से घर जाने के लिए निकला। तभी बक्सर गंगा पुल के ऊपर बक्सर की तरफ आ रहे ट्रक को एक ट्रक ओवरटेक कर रहा था। तभी बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बाइक ट्रक में फंसकर तीस मीटर तक घिसटती हुई चली गई और मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंसी बाइक को ट्रक से निकाला। शव को कब्जे में लेकर परिजनों को हादसे की सूचना दी।

### तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई

हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक रात में मिठाई की दुकान में रूककर काम करता था। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता सब्जी बेचने का काम करते हैं। मां रामदुलारी बेटे की मौत से बेसुध हो गई। थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि हादसा करने वाले ट्रक को बक्सर चौकी में खड़ा कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# गडरानी गांव में वृद्धा की हत्या में आरोपी पुत्र को गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के गडरानी गांव में कुछ दिन पूर्व वृद्धा शांति देवी 65 वर्षीय की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर शव लटका हुआ मिला था उसके शव की गर्दन से खून बह रहा था जिससे पुलिस को शक के आधार पर प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन जारी की थी पुलिस को सटीक सूचना और आरोपी दत्तक पुत्र को मय आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के कुशल निर्देशन में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0स0 354/24 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त शैलेन्दकुमार पाल पुत्र हुकुमलाल पाल निवासी ग्राम गड़रानी थाना बिल्हौर कानपुर नगर उम्र करीब 30 वर्षीय को अलियापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त मृतिका के भाई वादी राकेश बाबू पुत्र स्व0 हरिलाल निवासी गिलवंट अमिनाबाद थाना अरौल कमि0 कानपुर नगर द्रा मृतिका के ससुरालीजनो के विरूद्ध हत्या कारित काने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

जिस सम्बंध मेंगहन विवेचना से मृतिका के दत्तक पुत्र शैलेन्द्र उपरोक्त द्वारा मृतिका की हत्या किये जाने के सम्बंध में साक्ष्य प्रात होने पर अभियुक्त उपरोक्त को हिरासत पुलिस लिया गया।

हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद सब्बल लोहे की बरामदगी की गयी। गिरफ्तार अ भियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

अभियुक्त को गिफ्तार करने वाली टीम- अशोक कुमार सरोज प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 आनन्द कुमार, हेका पुष्पेंद्रसिंह, सुरेश चन्द्र सरोज आदि।

### माननिवादा गांव में चल रहे बुद्ध भीम कथा में सैकड़ों भक्त पहुंच रहे हैं

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में महापुरुषों के सम्मान में माननिवादा गांव में चल रही बुद्ध भीम कथा एवं संविधान वाचन कार्यक्रम में अपार भीड़ उमड़ी जिसमें धम्मगुरु धम्म देशनाचार्य के मुखारविंद से वुद्ध ज्ञान बर्षा हुई एवं बुद्ध भीम कथावाचक बौद्धाचार्य मिलन बौद्ध, खुशबू बौद्ध, कल्पना बौद्ध, अंबेडकर तूफानी आदि अनेकों कलाकार बहुत दूर-दूर से आए कथावाचक टीम के सभी साथी जिन्होंने आज के कार्यक्रम में धूम मचाई आज का पावन प्रसंग सिद्धार्थ का ग्रह त्याग की रोचक कथा आचार्य जी ने सुनाई कार्यक्रम आयोजक समिति में पूज्य भंते वोद्धिरक्षित मीरा बौद्ध, पंकज बौद्ध ,भोला सिंह बौद्ध, अमर सिंह बौद्ध सहित अन्य जिम्मेदार साथियों ने अच्छी व्यवस्था के साथ कार्यक्रम की व्यवस्था की कार्यक्रम के मुख्य संचालक रविंद्र राव बौद्ध जी जो खाड़ामऊ मकनपुर कानपुर नगर से चलकर आए हैं जिन्होंने संचालन का कार्य व्यवस्थित ढंग से किया।

# खाद न मिलने से बुआई में हो रही देरी, समितियों पर लटक रहे ताले

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अमृतपुर। फसल बोने के समय खाद न मिलने से किसान परेशान हैं। समितियों पर भी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे किसानों को खेत में बुआई करने में देरी हो रही है। वहीं, सचिव समितियों पर खाद न होने की बात कहकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

मंगलवार को साधन सहकारी समिति कुबेरपुर कुतलूपुर में किसान खाद लेने पहुंचे। समिति पर ताला लगा देखकर किसान मायूस होकर बैठ गए। काफी देर तक किसी के भी नहीं आने पर सभी मायूस होकर लौट गए। वहीं साधन सहकारी समिति हरसिंगपुर गहलवार में ताला लटका रहा। यही हाल क्षेत्र की साधन सहकारी समिति हुसैनपुर हड़ाई, बरुआ, गांधी, पिथनापुर, मोहद्दीपुर का है। किसान राजवीर, सुनील कुमार, धर्मराज, अशोक कुमार, लालाराम, महावीर, सुरेंद्र, अवधेश, सतीश चंद्र, रमेश आदि किसानों का कहना है कि आलू व गेहूं की फसल की बुवाई चल रही है। खाद न मिलने के चलते परेवट के बाद फिर से खेत सूखने लगे हैं। किसानों का कहना है कि अमृतपुर में पीसीएफ का किसान सेवा केंद्र खुला हुआ था। उस पर किसानों को नकद खाद मिल जाती थी। लेकिन अब किसान सेवा केंद्र अमृतपुर के नाम से राजेपुर में चल रहा है। वहां भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। साधन सहकारी समिति अमृतपुर के केंद्र प्रभारी रवि दत्त दीक्षित ने बताया कि 650 बोरी एनपीके मिली थी। वह शनिवार और सोमवार को बांट दी गई। 2000 बोरी डीएपी की डिमांड भेजी गई है। खाद आने पर किसानों को बांटी जाएगी।

# शताब्दी, श्रमशक्ति समेत 33 ट्रेनें कई घंटे रहीं लेट

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



धुंध और कोहरे का असर ट्रेनों की रफ्तार पर पड़ने लगा है। मंगलवार को सेंट्रल पर वंदेभारत, शताब्दी, श्रमशक्ति समेत 33 ट्रेनें कई घंटे देरी से आईं। इस बीच काफी संख्या में लोगों ने टिकट रद कर दूसरी ट्रेन से सफर किया। ट्रेनों की सही जानकारी के लिए पूछताछ केंद्र पर यात्रियों की भीड़ रही।

उत्तर भारत के शहरों में कोहरा और धुंध होने लगा है। वातावरण में वायु प्रदूषण का घनत्व बढ़ने से स्थिति गंभीर हो रही है। इसकी वजह से ट्रेनों की चाल भी प्रभावित होने लगी है। ट्रैक पर विजन सही न होने से ट्रेनों को कॉशन लेकर चलाया जा रहा है। सेंट्रल पर दिल्ली की ओर से आने वाली ज्यादातर ट्रेनें कई घंटे लेट रहीं। स्पेशल ट्रेनों की हालत और खराब रही। ये 10 से 22 घंटे की देरी से चल रहीं थी।

22426 आनंद विहार-अयोध्या कैंट वंदेभारत 1:25 घंटे, 22436 नई दिल्ली-वाराणसी वंदेभारत दो घंटे, 12334 नई दिल्ली-सेंट्रल शताब्दी एक्सप्रेस तीन घंटे, 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी 2:24 घंटे, 12452 श्रमशक्ति एक्सप्रेस चार घंटे, 15484 सिक्किम महानंदा पांच घंटे, 12274 हावड़ा-दुरंतो पांच घंटे, 12597 गोरखपुर-सीएसएमटी साढ़े पांच घंटे, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल साढ़े पांच घंटे, 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे, 05304 महबूबनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस 11:45 घंटे, 05114 छपरा-मुंबई एलटीटी स्पेशल 14 घंटे, 03317 दानापुर-आनंद विहार स्पेशल 14 घंटे, 12521 बरौनी-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 15 घंटे, 03228 पटना-आनंद विहार 17 घंटे और 03227 पटना-आनंद विहार स्पेशल 22 घंटे तक लेट रहीं।

# खतरनाक स्तर पर पहुंचा वायु प्रदूषण, मंगलवार रहा बैड डे

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में मंगलवार को वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। हवा बहुत खराब होने के कारण नेहरूनगर और आसपास के मोहल्लों में एक्यूआई 305 पर पहुंच गया। दिनभर धुंध छायी रही। यह दिन बैड डे में गिना गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के रिकॉर्ड के अनुसार जिन दिनों एक्यूआई 200 से अधिक होता है, उन्हें बैड-डे (खराब दिन) की श्रेणी में रखता है। वायु प्रदूषण का स्तर 24 घंटे ऑन लाइन मापने के लिए सीबीसीपी की तरफ से नेहरूनगर (ब्रह्मनगर), एफटीआई किदवईनगर, आईआईटी और एनएसआई में वायु प्रदूषण मापक यंत्र लगाए। इनमें से आईआईटी में लगा यंत्र खराब है, जबकि अन्य तीनों से नियमित निगरानी हो रही है। मंगलवार को दोपहर 11:05 बजे नेहरूनगर का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 203 था, जो रात 9:05 बजे बढ़कर 305 पहुंच गया। इसी समयावधि में किदवईनगर में एक्यूआई 171 से बढ़कर 224 और एनएसआई में 208 से बढ़कर 250 रिकॉर्ड किया गया।

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के सुबह झाड़ू लगाकर कूड़ा जलाने, टूटी सड़कों में उड़ रही धूल, मेट्रो निर्माण कार्य की वजह से उड़ रही धूल, अन्य निर्माण स्थलों में धूल उड़ने, निर्माण सामग्री खुले में ले जाने, फैक्टरियों से निकल रहा धुंआ, वाहनों के धुंआ आदि हवा को जहरीला कर रहा है। नगर निगम, केडीए, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, आरटीओ आदि विभागों की लापरवाही की वजह से वायु प्रदूषण और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए एंटी स्मॉग गनों, वाटर स्प्रिंकलरोस से दिन-रात पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। कूड़ा जलाने पर रोक लगा दी गई है। यदि कोई कर्मचारी कूड़ा जलाता पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मेट्रो ने निर्माण स्थलों पर उड़ने वाली धूल से निपटने के प्रयास तेज कर दिए हैं। कॉरिडोर-1 में चुन्नीगंज स्टेशन से नौबस्ता स्टेशन तक और कॉरिडोर-2 (सीएसए- बर्रा-8) के निर्माण स्थलों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। - सुशील कुमार, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एमडी प्रदूषण नियंत्रण के मामले में कानपुर का देश में पहले स्थान पर

# समीक्षा बैठक में सांसद-विधायक ने जनता के शोषण का मुद्दा उठाया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

विकास भवन के प्रेरणा सभागार में हुई बिजली विभाग की समीक्षा बैठक में सांसद ने बेवजह बिजली उपभोक्ताओं को परेशान न करने की बात कही। बैठक के दौरान सदर विधायक सहित विभाग के सभी अधिकारी मौजूद है। इस बीच विभाग की ओर आरडीएसएस योजना के तहत जिले में हो रहे कार्यों के बारे में जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी।

सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे ने कहा कि सभी को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली दी जाए और चेकिंग के नाम पर छोटे उपभोक्ताओं को प्रताड़ित न किया जाए। उन्होंने कहा कि 10,000 से कम के बकाएदारों के कनेक्शन तत्काल न काटकर, उन्हें बिल जमा करने का अवसर दिया जाए। कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का राजस्व निर्धारण बहुत अधिक न कर इस प्रकार करें कि उपभोक्ता जमा कर सकें। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने आरडीएसएस के अंतर्गत अब तक पूरे कराए गए कार्यों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि इस योजना के पहले चरण का लक्ष्य लाइन लॉस को कम करके 23.04 प्रतिशत पर लाना है। वर्तमान में लाइन लॉस 31.68 प्रतिशत है। इस दिशा में काम किया जा रहा है। बताया कि पहले चरण में कंडक्टर के स्थान पर एबी केवल डाली जाएगी, जिसका काम काफी हद तक किया जा चुका है। इसके साथ ही नई एलटी लाइन के निर्माण का जो 20 सर्किट किलोमीटर का लक्ष्य दिया गया था उसमें 13 सर्किट किलोमीटर का कार्य पूरा हो गया है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# भाजपाई हुए कैलाश गहलोत

## केजरीवाल के लिए बहुमत पाना होगा मुश्किल

**अगर वाकई भाजपा, अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है तो निश्चित तौर पर इसका असर आम आदमी पार्टी पर पड़ेगा। आप के लिए इस बार बड़ी चुनौती सिर्फ भाजपा की तरफ से ही नहीं आ रही है बल्कि कांग्रेस खासकर राहुल गांधी भी इस बार दिल्ली में पार्टी को मजबूत देखना चाहते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित होकर कांग्रेस की दिल्ली प्रदेश ईकाई प्रदेश में दिल्ली न्याय यात्रा निकाल रही है। यह माना जा रहा है कि अगर कांग्रेस मजबूती से दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ती है तो फिर मामला पूरी तरह से त्रिकोणीय हो जाएगा।**

*रविवार को दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने वाले कैलाश गहलोत ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। हालांकि गहलोत के आतिशी मंत्रिमंडल और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के साथ ही यह तय माना जा रहा था कि उनका अगला ठिकाना भाजपा ही होने जा रहा है। इसी के साथ अब यह सवाल खड़ा हो गया है कि कैलाश गहलोत कुछ महीनों बाद ही दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को कितना फायदा पहुंचा सकते हैं। सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि क्या कैलाश गहलोत का कद वाकई इतना बड़ा है कि शीशमहल सहित उनके द्वारा लगाए गए तमाम आरोपों से अरविंद केजरीवाल की छवि को कुछ नुकसान पहुंच सकता है। यह बात बिल्कुल सही है कि कैलाश गहलोत आज जो आरोप लगा रहे हैं,लगभग उसी तरह के आरोप भाजपा पिछले लंबे समय से लगा रही है। दूसरी बात यह है कि, यह सब जानते हैं और मानते भी हैं कि आज की तारीख में आम आदमी पार्टी वन मैन पार्टी बन कर रह गई है। आप का मतलब, आज की तारीख में सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही रह गया है। ऐसे में बाकी मुद्दे लगभग गौण हो जाते हैं। अरविंद केजरीवाल की दिल्ली में सबसे बड़ी ताकत वो लाभार्थी वर्ग है जो उन्होंने महिलाओं को फ्री डीटीसी बस सेवा और दिल्लीवासियों को फ्री बिजली और पानी देकर तैयार किया है। इसके साथ ही केजरीवाल ने बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाले लोगों के साथ-साथ जाट और मुस्लिम समुदाय के सॉलिड वोट बैंक का इतना मजबूत किला बना रखा है कि जिसे ढहाना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। यही वजह है कि भाजपा इस बार अरविंद केजरीवाल के मजबूत मोहरों के सहारे ही उन्हें विधानसभा चुनाव में मात देना चाहती है। कैलाश गहलोत का भाजपा में आना तो महज एक शुरुआत माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में केजरीवाल के कई कद्दावर नेता भाजपा का दामन थाम सकते हैं। ये सभी नेता आप सरकार की विफलताओं के साथ- साथ केजरीवाल की छवि पर भी चोट करेंगे। कैलाश गहलोत को पार्टी में शामिल कराकर भाजपा ने दिल्ली के जाट समुदाय को बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है। आने वाले दिनों में भाजपा , आप में और ज्यादा तोड़-फोड़ कर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाले दिल्ली के मतदाताओं को भी लुभाने का प्रयास करेगी। अगर वाकई भाजपा, अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है तो निश्चित तौर पर इसका असर आम आदमी पार्टी पर पड़ेगा। आप के लिए इस बार बड़ी चुनौती सिर्फ भाजपा की तरफ से ही नहीं आ रही है बल्कि कांग्रेस खासकर राहुल गांधी भी इस बार दिल्ली में पार्टी को मजबूत देखना चाहते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित होकर कांग्रेस की दिल्ली प्रदेश ईकाई प्रदेश में दिल्ली न्याय यात्रा निकाल रही है। यह माना जा रहा है कि अगर कांग्रेस मजबूती से दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ती है तो फिर मामला पूरी तरह से त्रिकोणीय हो जाएगा। शीशमहल को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों अरविंद केजरीवाल की छवि पर लगातार चोट कर रहे हैं। ऐसे माहौल में यह तय माना जा रहा है कि 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में 70 में से 62 सीटें जीतने वाली आम आदमी पार्टी के लिए इस बार बहुमत तक पहुंचना काफी मुश्किल होने जा रहा है। हम सबको दिल्ली में 2013 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों को जरूर ध्यान रखना चाहिए जब भाजपा को 32 (सहयोगी के साथ), आप को 28 और कांग्रेस को 8 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत की गणना विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में होती है और विशेष तौर पर जब संविधान निर्माता समिति के एक सदस्य बाबा साहेब आंबेडकर की कर्मभूमि में इस तरह की घटना होती है तो बात और गंभीर हो जाती है। नागपुर सिर्फ महाराष्ट्र की उपराजधानी ही नहीं यहां से दो प्रबल तथा प्रमुख धाराएं निकली है, एक धारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रखर हिंदुत्वादी धारा है तो दूसरी बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की समतावादी विचारधारा के वाहक बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचारधारा है। संघ प्रमुख मोहन भागवत हों या फिर बाबा साहेब आंबेडकर की विचारधारा को मानने वाले लोगों की मूल विचारधारा यही है कि समता-समानता का परिचय देते हुए देश के बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय महासचिव के नागपुर आगमन पर यह संदेश सामने आना चाहिए था कि संतरागरी नागपुर के लोग के मीठे रसीले संतरे जैसा ही मीठा सोचते हैं। संतरा या संतरे की बर्फी के लिए विश्व भर में ख्यात नागपुर में प्रियंका के रोड़ शो में जो उपद्रव हुआ, उसके पीछे का सच तो आने वाले दिनों मे सामने आएगा ही, लेकिन इस तरह की घटनाएं दो प्रमुख प्रबल धाराओं के केंद्र कहे जाने वाले शहर की मूल छवि पर असर डालती हैं।**

# उपराजधानी नागपुर के इस राजनीतिक टकराव के मायने



**सुधीर जोशी**

**बहरहाल, प्रियंका गांधी के रोड शो के दौरान जो कुछ भी हुआ, वह देश की लोकतांत्रिक गरिमा पर कुठाराघात ही कहा जाएगा, जो कुछ हुआ उसे नहीं हुआ यह कहना पूरी तरह से गलत होगा, लेकिन इस तरह की घटना फिर से कभी न हो, अगर इस बात का ध्यान सभी ने रखा तो फिर कभी किसी भी नेता के रोड शो में उस तरह का दृश्य नहीं दिखेगा जो नागपुर में प्रियंका गाधी के रोड शो के बाद देखने को मिला।**

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से देश की अर्थव्यवस्था संचालित होती है तो नागपुर देश की सत्ता संचालन का प्रमुख केंद्र है। नागपुर में एक ओर से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मुख्यालय है तो नागपुर देश के संविधान निर्माताओं में एक बाबा साहेब आबंडेकर के लिए बहुत ही पवित्र नगरी है। संघ के प्रखर हिंदुतत्व तथा बाबा साहेब आंबेडकर की सामाजिक समता का प्राचार-प्रसार करने वाली संतरा नगरी की धरा पर कांग्रेस तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट होना बहुत ही अशोभनीय बात है। महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में विधानसभा चुनाव के संदर्भ में प्रियंका गांधी के रोड शो के दौरान के दौरान बड़ा हंगामा हुआ है। हंगाम करने वाले कौन थे, किसके कहने पर उन्होंने हंगामा किया, अभी तक यह बात सामने नहीं आई है। रोड शो के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने झंडे लहराए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रामक नारे लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का अभियान हिंदू विरोधी है, इस मुद्दे को लेकर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। नतीजा यह हुआ कि रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं में झड़प होने से कुछ देर के लिए माहौल गर्म हो गया। रैली में हंगाम क्यों किया गया, यह हंगामा अनायास ही किया गया या इस बारे में पहले से ही कोई रणनीति बनाई गई थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव प्रियंका गांधी की ओर से नागपुर पश्चिम से उम्मीदवार विकास ठाकरे के लिए रोड शो का आयोजन किया गया। रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ हजारों नागरिक भी शामिल हुए। रैली जैसे ही नागपुर के बड़कस चौक पर पहुंची, भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी, इससे कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रामक हो गए और भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला बोल दिया, इससे नागपुर का माहौल गरमा गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुशासन में पले बढ़े भाजपा के कार्यकर्ता या समता के प्रसारक बाबा साहेब आंबेडकर के अनुयायियों की नगरी नागपुर में प्रियंका गांधी के रोड शो के दौरान जो कुछ हुआ, उससे संतरा नगरी की गरिमा पर



**रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ हजारों नागरिक भी शामिल हुए। रैली जैसे ही नागपुर के बड़कस चौक पर पहुंची, भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी, इससे कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रामक हो गए और भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला बोल दिया, इससे नागपुर का माहौल गरमा गया।**

काला धब्बा लगा है। कहा जा रहा है कि पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया।भाजपा कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि प्रियंका गांधी का रोड शो संघ मुख्यालय के पास आएगा, इसके लिए सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता वहां जुट गए थे। कांग्रेस कार्यकर्ता भी तैयारी कर रहे थे। रोड शो खत्म होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भी बड़कस चौक पर आए और दोनों तरफ के कार्यकर्ताओं के बीच बहस होने लगी। पुलिस ने कथित तौर पर कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। मतदान के लिए केवल दो दिन ही शेष बचे हैं, इसलिए उम्मीदवारों और पार्टियों ने रोड शो, जुलूस, सार्वजनिक बैठकों और पदयात्राओं के माध्यम से अधिक मतदाताओं तक पहुंचने के लिएरविवार को सुपर कैंपेन डे की योजना बनाईजिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस सचिव प्रियंका गांधी नागपुर में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही यानी लोकसभा चुनाव के बाद से ही संभावित प्रत्याशियों ने क्षेत्र बनाकर जनसंपर्क किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उमरेड में सभा करने के बाद वे तुरंत कोल्हापुर के लिए रवाना हों गए। इतना ही नहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस नाना पटोले ने गोंदिया तथा भंडारा में सभाएं की। सभी जगह प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं की सभाएं हुई, लेकिन कही भी नागपुर जैसी स्थिति नहीं बनी। प्रियंका गांधी के रोड शो में हंगामा करने वाले लोग कौन थे, क्या जानबूझकर प्रियंका गांधी के रो शो के बाद दोनों पार्टियों को एक दूसरे के खिलाफ भड़काया गया। आज की पीढ़ी में संयम का अभाव होता है, इस कारण किसी भी जगह परिस्थिति बड़ी असहज हो जाती है, इसलिए प्रखर राष्ट्रवाद के पुरोधाओं को यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए कि किसी के मुकाबले खड़े रहने के लिए टकराव नहीं आपसी सामजस्य बढ़ाना ज्यादा जरूरी है। दुर्भाग्य से सामजस्य की नीति न तो भाजपा की ओर से अपनाई गई और न ही कांग्रेस के कार्यकताओं में से किसी न यह सोचा कि आपसी टकराव में नागपुर शहर की शालीनता, संघ तथा बाबा साहेब के अनुयायियों के व्यवहार पर भी सवाल उठेगा। बहरहाल, प्रियंका गांधी के रोड शो के दौरान जो कुछ भी हुआ, वह देश की लोकतांत्रिक गरिमा पर कुठाराघात ही कहा जाएगा, जो कुछ हुआ उसे नहीं हुआ यह कहना पूरी तरह से गलत होगा, लेकिन इस तरह की घटना फिर से कभी न हो, अगर इस बात का ध्यान सभी ने रखा तो फिर कभी किसी भी नेता के रोड शो में उस तरह का दृश्य नहीं दिखेगा जो नागपुर में प्रियंका गाधी के रोड शो के बाद देखने को मिला।

## एक्सप्रेस कविता

*राग द्वेष हो छाया हुआ है चारों तरफ*
*ऐसे में कोई दिली नही रिश्ता बनता।*
*दुख का साथी भला कौन बनता है यहां,*
*बुरे वक्त में कोई किसी से नही वास्ता रखता।*
*ऊपरी तौर पर मिलते सब अच्छे से,*
*दिलों से दिल का नही रास्ता मिलता।*

*हर तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है यहां ,*
*भाई से भाई खास नही रिस्ता रखता।*
*रिश्ते प्यार अब हवा बातें हैं जनाब ,*
*मीठे बोल वाला नही सच्चा मिलता।*
*रिश्तों में दिखावट का जोर शोर है,*
*अपनों से अपना नही वास्ता रखता।*
*प्यार मोहब्बत नाते रिश्ते खो गए सब।*
*प्यार के अनमोल शब्द का नहीं वक्ता मिलता।*

*संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

**मूर्ख व्यक्ति ज्ञानियों से भी कुछ नहीं सीख पाता और ज्ञानी व्यक्ति मूर्खों से भी बहुत कुछ सीख लेता है**



## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 17:03 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 15:35 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | शुक्ल, 12:01 |
| सूर्योदयः | 06:49 |
| सूर्यास्तः | 17:24 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 01:26-02:45 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:45-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### ना लगाओ आग !

*हर तरफ़ है शांति ।*
*ना लगाओ आग ।।*
*जो हैं असली मुद्दे ।*
*रहे क्यों उससे भाग ।।*
*बेमतलब, बेवजह ।*
*आप रहे कुरेद ।।*
*देखकर जनमानस ये ।*
*करता व्यक्त खेद ।।*
*छोड़कर तकरार अब ।*
*राह सही अपनाओ ।।*
*उब गए हैं लोग ।*
*अब ना भय दिखाओ ।।*
*हो सही सलाह ।*
*लाओ ये बदलाव ।।*
*होगा तभी दूर ।*
*दिखता जो अभाव ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# प्रदूषण के कारण लिवर हेल्थ हो रही है खराब तो डॉक्टर के बताए ये आयुर्वेदिक उपाय आयेंगे काम



**दिल्ली-एनसीआर** में बढ़ता वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। प्रदूषण के कारण लोगों में हार्ट स्ट्रोक, हार्ट अटैक, अस्थमा और लिवर से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही है। प्रदूषण से बचाव के लिए और स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि आप अपने लिवर को स्वस्थ रखें और ऐसी चीजों का सेवन करें, जो लिवर से जुड़ी समस्याओं को बढ़ने से रोक सके। आयुर्वेदिक डॉक्टर रॉबिन शर्मा के अनुसार, ÷आपका टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजन लेवल कैसा रहेगा, आपके शरीर में ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहेगा या नहीं, आपका डायजेस्टिव सिस्टम किस तरह काम करेगा, यहां तक कि आपकी स्किन और हेयर हेल्थ कैसी रहेगी? यह सभी चीजें आपके लिवर हेल्थ पर निर्भर करती है। इसलिए लिवर का स्वस्थ रहना आपके ओवरऑल हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है।

**करेले का सेवनः** करेले का कड़वापन कम किए बिना अगर आप उसकी सब्जी बनाकर खाना शुरू करते हैं तो आपके लिवर हेल्थ में आपको सुधार नजर आने लगेगा। दरअसल करेले में एंटी- इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो लिवर की सूजन को कम करके टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे लिवर पर पड़ने वाला भार कम होता है। करेले की नियमित सेवन आपके शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करनेमें भी मदद कर सकता है।

**छाछ पीनाः** नियमित रूप से छाछ में सोंठ पाउडर, अजवाइन, भुना हुआ जीरा और सेंधा नमक मिलाकर रोजाना दोपहर में इसका सेवन करें। छाछ में इन सभी चीजों को मिलाकर पीने से आपका लिवर हेल्दी रहता है, उसमें मौजूद टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकलने में मदद मिलती है और पाचन बेहतर रहता है। छाछ पोषक तत्वों और प्रोबायोटिक्स से भरपूर होता है, जो लिवर को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है।

**अनार खानाः** अनार में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो लिवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। अनार में एलाजिक एसिड नाम का एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो फैटी लिवर डिजीजके कारण लिवर को होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं अनार का नियमित सेवन लिवर एंजाइम में सुधार कर सकता है। लिवर को डैमेज होने से बचाने के लिए क्या खाएं या न खाएं, या फिर आयुर्वेद के अनुसार लिवर को स्वस्थ रखने के लिए क्या करें इन बातों पर गौर करना जरूरी है। इसलिए, अगर आप भी अपने लिवर को वायु प्रदूषण के कारण डैमेज होने से बचाना चाहते हैं तो इन आयुर्वेदिक उपायों को अपना सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति: शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण



**पंकज जगन्नाथ**

**2015 को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क जारी किया। एनआईआरएफ ने विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों के मूल्यांकन और रैंकिंग के लिए एक संगठित और पारदर्शी प्रणाली की स्थापना की, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया और शिक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार को आगे बढ़ाया।**

**हम** एक ऐसी शिक्षा प्रणाली स्थापित कर रहे हैं, जिससे हमारे देश के युवाओं को विदेश जाकर शिक्षा न लेनी पड़े। हमारे मध्यम वर्ग के परिवारों को लाखों या करोड़ों रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं है। इतना ही नहीं, हम ऐसे संस्थान भी स्थापित करना चाहते हैं, जो दूसरे देशों के लोगों को भारत आने के लिए आकर्षित करें। 9 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। 29 जुलाई, 2020 को भारतीय केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को मंजूरी दी। एनईपी का उद्देश्य इक्कीसवीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत की शैक्षिक प्रणाली का आधुनिकीकरण करना है। अधिक समावेशी और दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है। विभिन्न योजनाएं पूरे देश में बदलाव ला रही हैं। पीएमश्री÷ 7 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम श्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया पहल को मंजूरी दी। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पूरे भारत में 14500 स्कूलों को मजबूत करना है। छात्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संज्ञानात्मक विकास और 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देना है। इस पर 27360 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा÷ एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुरूप, समग्र शिक्षा योजना सभी बच्चों को एक समावेशी और न्यायसंगत सीखने के माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना चाहती है जो उनकी विभिन्न क्षमतायें और आवश्यकताओं को पूरा करती है। यह प्रणाली 1 अप्रैल, 2021 को शुरू हुई और पांच साल तक चलेगी, जो 31 मार्च, 2026 को समाप्त होगी। वह विभिन्न छात्र समूहों को सक्रिय रूप से भाग लेने और अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करती है। प्रेरणा÷ यह पहल कक्षा 9 वी से 12 वीं तक के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है। इसका लक्ष्य अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार के संयोजन का उपयोग करके एक आकर्षक और रोमांचक सीखने का अनुभव बनाना है। प्रत्येक सप्ताह, पूरे देश से 20 छात्रों (10 लड़के और 10 लड़कियाँ) का एक समूह इस कार्यक्रम में भाग लेगा। उल्लास÷ जिसे न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (ह्ढ्ढक्क) के नाम से भी जाना जाता है, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2027 के लिए शुरू किया गया था। यह केंद्र समर्थित प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ह्श्वक्क) 2020 के अनुरूप है और इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को सशक्त बनाना है, विशेष रूप से उन लोगों को जिन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की है। कार्यक्रम का उद्देश्य उनके पढ़ने के कौशल में सुधार करना है, जिससे वे समाज में बेहतर तरीके से एकीकृत हो सकें और देश के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे सकें। निपुण भारत÷ स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 5 जुलाई, 2021 को निपुण भारत, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन और न्यूमेरेसी प्रोफिशिएंसी के लिए राष्ट्रीय पहल की घोषणा की। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश का हर बच्चा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता सीखे। विद्या प्रवेश÷ कक्षा 1 के छात्रों के लिए तीन महीने के खेल-आधारित स्कूल तैयारी मॉड्यूल के लिए विद्या प्रवेश दिशा-निर्देश 29 जुलाई, 2021 को प्रकाशित किए गए थे। इस प्रयास का लक्ष्य कक्षा एक में प्रवेश करने वाले बच्चों के लिए एक सकारात्मक और स्वागत योग्य वातावरण प्रदान करना है, यह सुनिश्चित करना कि सबकुछ सुचारू रूप से चले। बदलावों को बेहतर बनाना और आनंददायक सीखने के अनुभव प्रदान करना। विद्यांजलि÷ 7 सितंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्कूल स्वयंसेवक प्रबंधन कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करके और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) गतिविधियों और निजी क्षेत्र से योगदान को प्रोत्साहित करके सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है। दीक्षा÷ उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा 5 सितंबर, 2017 को इसकी शुरुआत की गई। मंच का लक्ष्य शैक्षिक नवाचारों और प्रयोगों में तेजी लाकर शिक्षक प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में सुधार करना है। दीक्षा राज्यों और शिक्षक शिक्षा संस्थानों (टीईआई) को अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप मंच को तैयार करने की क्षमता प्रदान करती है, जिससे देशभर के शिक्षकों, शिक्षक शिक्षकों और छात्र शिक्षकों को लाभ होता है। स्वयं प्लस का आधिकारिक उद्घाटन 27 फरवरी, 2024 को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग-संबंधित पाठ्यक्रमों, कौशल विकास, रोजगारपरकता और मजबूत उद्योग सहयोग के गठन के लिए एक अभिनव क्रेडिट मान्यता प्रणाली स्थापित करके उच्च शिक्षा को बदलना और रोजगार क्षमता बढ़ाना है।

**शिक्षा मंत्रालय ने 21 अगस्त, 2019 को निष्ठा (स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल) का उद्घाटन किया, जिसका लक्ष्य 4.2 लाख प्राथमिक शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों के पेशेवर विकास को बढ़ाना है। कोविड-19 महामारी के जवाब में निष्ठा पहल को 6 अक्टूबर, 2020 को दीक्षा मंच के माध्यम से ऑनलाइन लॉन्च किया गया था।**

# नगर पालिका परिषद लखीमपुर में ऑनलाइन जमा हो होगा हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, जारी किया एप

- नगर पालिका परिषद के डेढ़ वर्ष पूर्ण गिनाए डेढ़ वर्ष के कार्य रखी आगे की रूपरेखा
- बीते डेढ़ वर्ष में पालिका द्वारा 15वें वित्त आयोग, अवस्थापना निधि एवं बोर्ड फण्ड से अंकन 12.5 करोड़ लगभग 5,380 मीटर में सड़क, नाली, नाला सहितं क्रास-पत्थर निर्माण कार्य पूर्ण / प्रगति पर है

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद, लखीमपुर बोर्ड के डेढ़ वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद के सभागार में प्रेस वार्ता कर नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ ने बताई आगे की कार्ययोजना और डेढ़ वर्ष के बारे में बताया नगर पालिका द्वारा नगर की जनता को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करायें जाने के क्रम में अब तक दो तालाब स्थित मोहल्ला पटेल नगर एवं भुईयां माता मन्दिर के सौन्दर्यकरण का कार्य अमृत सरोवर योजनान्तर्गत शासन से स्वीकृति उपरान्त कार्यवाही प्रगति पर है। साथ ही नगर के अन्य चार तालाब स्थित मोहल्ला भुईफोरवानाथ, ईदगाह, पंजाबी कालोनी एवं शान्ती नगर में अमृत सरोवर योजनान्तर्गत स्वीकृति हेतु शासन में प्रेषित है। इस बीते डेढ़ वर्ष में मुख्यतः मोहल्ला शिव कालोनी में तालाब से बेहजम रोड तक जल निकासी हेतु भूमिगत् पाइप लाइन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जो कि मोहल्ला शिव कालोनी आदि मोहल्लें की जलभराव की समस्या से निजात मिल सकी है। साथ ही मोहल्ला गंगोत्री नगर की जल निकासी हेतु सम्पवेल का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है जिससे गंगोत्री नगर वासियों को जलभराव से राहत मिल रही है। इसके साथ ही पंजाबी कालोनी बरखेरवा में जलभराव की समस्या हेतु एक नये सम्पवेल का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया गया है। यह भी अवगत् कराना है कि नगर के कई आंशिक मोहल्लें के जलभराव की समस्या हेतु नये सम्पवेल का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।पालिका द्वारा प्रत्येक वार्ड में रोस्टर बनाकर नाली, क्रास, पत्थर का कार्य प्रतिदिन कराया जा रहा जिसके अन्तर्गत बीते डेढ़ वर्ष में लगभग कुल 635 स्थानों पर कार्य कराये गये है।पालिका द्वारा नगर के सुगम आवागमन हेतु लगभग 3 करोड लागत एवं 2163 मीटर में सड़क, नाला आदि कार्य प्रस्तावित है जिनकी प्रक्रिया प्रगति पर है। नगर पालिका एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के समन्वय से मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत नगर में विभिन्न वार्डो में लगभग 380.00 लाख की लागत से 18 इण्टरलाकिंग सड़कों का निर्माण स्वीकृत / प्रगति पर है। लखीमपुर नगर वासियों को लगभग 60.00 लाख की लागत से अमर शहीदों के नाम पार्क का सौन्दर्गीकरण कार्य प्रगति पर है।, जिसे नगर की जनता को समर्पित किया जायेगा। साथ ही एक पार्क वार्ड सिकटिहा-काशीनगर में मुख्यमंत्री नगरोदय योजना में कराया जाना प्रस्तावित है। पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने हेतु 15 सीटर 2 नग शौचालय एवं 19 नग यूरिनल का निर्माण कार्य अंकन 37.00 लाख से पूर्ण/प्रगति पर है। साथ ही प्रत्येक वार्ड में डोर डू डोर कूड़ा कलेक्शन से सेग्रीगेशन के साथ कार्य कराया जा रहा है। शहर के संकटा प्रसाद बाजपेई पार्क ईदगाह एवं शहीद भगत सिंह पार्क ऑफीसर कालोनी में ओपेन जिम का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस बीते डेढ़ वर्ष में पथ प्रकाश व्यवस्था के दृष्टिगत नगर के मुख्य चौराहों एवं वार्डो में कुल 7422 नग एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट / सेमी हाईमास्ट अधिष्ठापन का कार्य कराया गया तथा कुल 7129 लाइटों की मरम्मत का कार्य कराया गया है।प्रधानमंत्री जी भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पी0एम0 विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत पालिका द्वारा 497 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। पालिका द्वारा पी0एम0 स्वानिधि योजना के अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बार में प्राप्त आनलाइन आवेदन पत्रों के सापेक्ष 5530 आवेदन स्वीकृत कर धनराशि आवंटित कर लाभान्वित किया जा चुका है। बीते बीते डेढ़ वर्ष में नगर क्षेत्र में विशेष सफाई व्यवस्था के अन्तर्गत एक ट्रैक्टर, एक लोडर, 150 रिक्शा ठेलिया, दो ई-रिक्शा, एक नग ट्रक माउण्टेड काम्पेक्टर के कार्य प्रस्तावित किए गये है।

## 12 साइबर ठगी का शिकार हुए लोगों को वापस मिले ठगे गए 2.41 लाख रुपये



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

कोतवाली सदर पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क ने ऑनलाइन फ्रॉड कर 12 लोगों से हड़पी गई कुल 2,41,426 रुपये की धनराशि वापस कराई है। इसे धोखाधड़ी के शिकार हुए लोगों के चेहरे पर मुस्कान उभर आई। एएसपी पवन गौतम ने बताया कि साइब अपराधियों ने अलग-अलग दिनों में लोगों को झांसा देकर उनके खाते से पे, ऑनलाइन डॉक्टर से अप्वाइंटमेंट लेने आदि का झांसा देकर ऑनलाइन रुपये ठग लिए थे। इसकी शिकायत पीड़ितों ने सदर कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क पर की थी। कोतवाली के निरीक्षक अपराध हरिप्रकाश के नेतृत्व में हेल्प डेस्क ने सर्विलांस सेल के माध्यम से धोखाधड़ी करने वालों की पहचान की और उनसे 12 पीड़ितों के खाते से फ्राड कर ऑनलाइन निकाले गए कुल 2,41,426 वापस कराई है। धनराशि पाकर पीडितों के चेहरे खिल उठे।इनकी वापस हुई धनराशि 0 वंश गुलाटी 1500 रुपये, वीरेंद्र अवस्थी 19992, अमन प्रताप सिंह 20,600, वैभव 21,000, पुलकित भल्ला 10,000, लक्ष्मण प्रसाद, 80,000, अहिबरन लाल, 20,000, अनुभव वर्मा 50,000, रेखा 5,340, पीयूष गुप्ता 499, बबली 6995 और मनीष कुमार 5500 रुपये।

## गांव गांव वैन के माध्यम से बिकेगा जैविक उत्पाद, सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि एफपीओ संतृप्तिकरण अभियान के अन्तर्गत एफपीओ को विभिन्न प्रकार के लाइसेंस दे दिये गये है। उन्हें नये-नये व्यवसाय अपनाने का सुझाव दिया। सीडीओ ने गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की बिन्दुवार समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि जो भी किसानों की शिकायते प्राप्त हो सम्बन्धित अधिकारी समबद्ध उसका निस्तारण सुनिश्चित करें तथा आख्या समय से उप निदेशक कृषि को संकलन हेतु उपलब्ध करा दें तथा बैठक में आख्या सहित उपस्थित रहे। सीडीओ ने जनपद के उपस्थित किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कामन सर्विस सेण्टरों पर जाकर करवाने का निर्देश दिया। उन्होनें बताया कि फार्मर रजिस्ट्री बनवाने से किसान के सभी गाटों का रिकार्ड तैयार होगा। राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में आवश्यकता के क्रम में अलग से खतौनी की समस्या समाप्त होगी। सरकारी अनुदान समय से मिल सकेगा तथा किसान क्रेडिट कार्ड, फसली ऋण, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सरकार को प्रदान करने में कोई समस्या नही उत्पन्न होगी।

उप निदेशक कृषि ने किसानों को बताया कि जनपद में इफ्को के पास 10 ड्रोन उपलब्ध हो गये है। नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का उपयोग करें। उन्होनें बताया कि डीएपी में प्रयुक्त राक फासफेट विदेशों से मंगाना पड़ता है। जिसपर भारत की मुद्रा अत्यधिक खर्च हो रही है। बैठक में उपस्थित इफ्को के क्षेत्रीय प्रबन्धक सर्वजीत कुमार वर्मा ने बताया कि नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का उपयोग एक एकड़ में करें। यदि उत्पादन कम होता है तो इफ्को कम्पनी उसकी भरपाई करेगी। श्री वर्मा ने किसानों को बताया कि हमारे यहां 10 ड्रोन उपलब्ध हो गये है दूरभाष पर अवगत कराने पर तत्काल उपलब्ध कराया जायेगा। सीडीओ ने प्रगतिशील किसानों लालता प्रसाद गुप्ता, जितेन्द्र कुमार सिंह, बब्बन सिंह, निरंजन लाल वर्मा सहित 05 किसानों को ट्रायल के रूप में नैनो डीएपी, नैनो यूरिया तथा सागरिका निःशुल्क भेंट की तथा जिले के सभी किसानों को नैनो डीएपी, नैनो यूरिया का उपयोग कराने का सुझाव दिया। सीडीओ ने बताया कि पूर्व में पश्चिम के किसान गन्ने को साधारण तरीके से बुआई करते थे। जिससे उत्पादन कम होता था जैसे ही उनके द्वारा ट्रेंच विधि सहित अन्य तकनीक का उपयोग कर गन्ना बुआई की गयी, उत्पादन हजार कुण्टल से अधिक होने लगा। इसी प्रकार नैनो डीएपी, नैनो यूरिया एक नई तकनीक से बनी उर्वरक है जो अपने देश में ही बनायी गयी है का उपयोग करने लगेगें तो उर्वरकों पर होने वाला भारी भरकम धनराशि की भी बचत होगी। समय प्रसाद मिश्र ब्लाक प्रमुख पयागपुर प्रतिनिधि ने पयागपुर क्षेत्र के राजकीय नलकूपों का सर्वे कराने तथा नाली आदि मरम्मत कराने को कहा। पयागपुर क्षेत्र के कृषक ने कहा कि मण्डी पोर्टल पर धान का रेट पुराना प्रदर्शित हो रहा है जिसे सही कराने का सुझाव दिया।

जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने जिले में खाद व बीज की उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में एनपीके एसएसपी, डीएपी खाद व बीज उपलब्ध है। उन्होंने डीएपी के स्थान पर एनपीके फर्टिलाइजर/नैनो यूरिया का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी। उर्वरक सम्बंधी किसी भी समस्या के सम्बंध में मुझे सीधे अवगत करा सकते है। इस अवसर पर सचिव मण्डी धनन्जय सिंह, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत बहराइच शैलेन्द्र कुमार, नानपारा रंजीत कुमार व विष्णु कुमार, केबीके बहराइच के डॉ अरूण कुमार राजभर, प्रभारी डॉ शेलेन्द्र सिंह, माया देवी, सहायक अभियन्ता ट्यूबेल नेम सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे। बैठक के उपरान्त सीडीओ ने परम्परागत कृषि विकास योजना अन्तर्गत जैविक उत्पाद की बिक्री हेतु एक नई वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## लायंस क्लब गोला द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

- 39 रक्त दाताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

रक्त की बूंदे बह जाएं तो बेकार हैं, रक्त की बूंदे चढ़ जाएं तो उपकार हैं÷ और मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है को दृष्टिगत रखते हुए लायंस क्लब गोला गोकर्णनाथ द्वारा, मेडिकल कालेज लखनऊ के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बादल नगर स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में लायंस क्लब गोला द्वारा मेडिकल कालेज लखनऊ के सहयोग से लायन डा आशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता, सचिव कपिल पुरवार के व्यवस्थापन में लायंस इंटरनेशनल मंडल 321 बी 1 के उप मंडलाध्यक्ष प्रथम लायन डा आर सी मिश्रा एवं डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेट्री ब्लड डोनेशन लायन विनीत श्रीवास्तव, जे पी गुप्ता डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लियो क्लब, लायन राम मोहन गुप्त उप संपादक मंडल बुलेटिन आशाएं की उपस्थिति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। लखनऊ मेडिकल कॉलेज के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के डा किसलय मिश्रा एवं नर्सिंग ऑफिसर गुड़िया की चौदह सदस्यीय टीम की देखरेख में पचपन रक्तदाताओं का रक्त परीक्षण किया गया जिनमें से 39 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद गोला के चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू, समाजसेवी केशव अग्रवाल, देवी प्रसाद केडिया, शकुंतला गुप्ता, कैबिनेट सेक्रेट्री तराई लायन राजेश पाण्डेय, पूर्वाध्यक्ष लायन अतुल अग्रवाल, लायन ललित विश्वास, शिवगोपाल गुप्ता, मनोज शुक्ला, अध्यक्ष लायन डा आशुतोष गुप्ता, सचिव कपिल पुरवार, अजय गर्ग, डा ए पी सक्सेना, मनोज कश्यप, राघवेंद्र, रितेश, नवीन, पूजा पुरवार सहित भारी संख्या ने अतिथि एवं सहभागी उपस्थित रहे।

## युवराज दत्त महाविद्यालय में 19 व 20 नवंबर को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



निदेशक सांस्कृतिकी एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में युवराज दत्त महाविद्यालय में 19 व 20 नवंबर को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के पहले दिन निबंध, कविता लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के वीरेंद्र प्रथम, शिवांगी द्वितीय एवं बी.एससी. पंचम सेमेस्टर की अर्चिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कविता लेखन में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की साक्षी प्रथम, नीतीश कुमार द्वितीय एवं बी.एससी. पंचम सेमेस्टर के यशवर्धन तृतीय स्थान पर रहे।

भाषण प्रतियोगिता में बी.एससी. पंचम सेमेस्टर के यशवर्धन प्रथम बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की साक्षी द्वितीय एवं बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की काशिफा ने तृतीय स्थान पर क़ब्ज़ा जमाया। कार्यक्रम के दूसरे दिन देशभक्ति गीत गायन एवं एकपात्रीय नाट्य प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं। गीत गायन में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की साक्षी प्रथम, बी. कॉम. पंचम सेमेस्टर की अनुष्का द्वितीय व बी. एससी. प्रथम सेमेस्टर की असमा बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नाट्य में बी.ए. प्रथम वर्ष की श्रद्धा व बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की साक्षी द्वितीय स्थान पर रही। प्रो. नीलम त्रिवेदी के संयोजकत्व में कार्यक्रम का संचालन प्रो. विशाल द्विवेदी द्वारा किया गया। असिस्टेंट प्रोफ़ेसर श्वेतांक भारद्वाज, सौरभ वर्मा एवं धर्म नारायण ने निर्णायक की भूमिका निभायी।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) हेमंत कुमार पाल ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं की घोषणा की तथा कहा कि महाविद्यालय इस तरह के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने हेतु कटिबद्ध है।

उन्होंने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित कराने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में प्रो. एस. के पाण्डेय, प्रो. सुभाष चंद्रा, प्रो. ज्योति पंत, डॉ. इष्ट विभु, डॉ.ओ.पी. सिंह, डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ.मनोज कुमार, श्री मोहम्मद आमिर, श्री विजय प्रताप सिंह, श्री दीपक कुमार बाजपेयी, श्री रचित कुमार, डॉ.अमित कुमार सिंह, श्री विनयतोष गौतम, श्री मोहम्मद नज़ीफ के साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## देशभक्ति की सच्ची प्रतिमूर्ति झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने अग्रेजों की दमनकारी नीतियों का विरोध किया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



महमूदाबाद। साहस और देशभक्ति की सच्ची प्रतिमूर्ति झांसी की रानी लक्ष्मी बाई द्वारा विपरीत परिस्थितियों में लिए गए देश रक्षा हित दृढ़ संकल्प वर्तमान पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। रानी लक्ष्मीबाई ने अग्रेजों की दमनकारी नीतियों का साहसपूर्वक विरोध किया और जीवन के अंतिम क्षणों तक हार नहीं मानी। रानी लक्ष्मी बाई ने अपनी मातृभूमि की रक्षा और सम्मान के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। रानी लक्ष्मी बाई का साहस और शौर्य आज भी लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में रानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर आरएसएस के जिला प्रचारक अजय कुमार ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में उनकी बहादुरी और प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। विपरीत परिस्थितियों ने उनके नेतृत्व ने दिखाया कि दृढ़ संकल्प क्या होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के जिला कार्यवाह देवेंद्र सिंह ने कहा कि झांसी की रानी का व्यक्तित्व युवाओं में जोश भरने का काम करता है। झांसी की रानी लक्ष्मी बाई निःसंदेह महिला सशक्तीकरण की बड़ी एंबेसडर है। कार्यक्रमध्यक्ष के रूप में सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने कहा कि 19वीं सदी का दौर में एक सामान्य परिवार की लक्ष्मीबाई ने अपनी असाधारण प्रतिभा से दुनिया के सबसे बड़े तानाशाह देश को अपनी नीतियों को बदलने पर मजबूर कर दिया। अतिथियों का स्वागत संस्था के डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा, आरजे वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्तुति वर्मा, अंशिका मिश्रा, दिया राय द्वारा मां शारदे की वंदना से किया गया। उदित सिंह, श्रेया वाजपेयी, अंशिका वर्मा, मानवी वर्मा अलंकृता रस्तोगी, आशुतोष वर्मा, उज्जवल वर्मा, अंश पटेल, दीपा द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से जुड़ी लघु नाटिका का मनोहारी मंचन विद्यार्थियों द्वारा करने के साथ कविता एवं मुक्तक का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रमुख प्रतिभा सिंह ने किया।

## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही विभिन्न विकास खण्डों के किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित समस्त किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुये किसान भाईयों से पराली न जलाने का अनुरोध किया गया। कृषक भाई पराली न जलाकर डी-कम्पोजर का उपयोग कर पराली से जैविक खाद तैयार कर सकते है। बैठक में उपस्थित कृषकों को उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा डी-कम्पोजर वितरित किया गया। उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा विद्युत विभाग को बिजली से सम्बन्धित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर ने कृषक भाईयों से नैनों यूरिया से बीज शोधित करके बुआई करने का अनुरोध किया, जिससे कृषक भाई अधिक उपज प्राप्त कर सकते है। बैठक में जनपद में खाद की समस्या के बारे में जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर द्वारा बताया गया कि कुछ समितियों पर खाद उपलब्ध हो चुकी तथा शीघ्र ही अन्य समितियों पर भी खाद उपलब्ध करा दी जायेगी। बैठक में सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि 5 दिसम्बर 2024 से नहरों में जल का प्रवाह कर दिया जायेगा। अध्यक्ष द्वारा गत माह एवं आज प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा किसान भाईयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को सुना गया व सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### महराजगंज हिंसा के शिकार रामगोपाल के घर पहुंचे सांसद

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** महराजगंज हिंसा के सवा माह बाद सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड बुधवार को हिंसा के शिकार हुए राम गोपाल मिश्र के निवास रेहुआ मंसूर गांव पहुंचे। उन्होंने दिवंगत राम गोपाल मिश्रा के परिवार के लोगों से मुलाकात कर आर्थिक सहायता राशि दी। साथ ही कानूनी कार्रवाई के द्वारा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कही। राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की 13 अक्टूबर को हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुई सांप्रदायिक हिंसा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बुधवार को मृतक राम गोपाल के गांव सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड पहुंचे। उन्होंने माता, पिता और भाई से वार्ता की। इसके बाद सांसद ने आर्थिक सहायता की। सांसद ने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। आरोपियों को कड़ी सजा मिले, इसके लिए अधिकारियों से वार्ता की जायेगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राहुल राय, जिला महामंत्री नन्हेलाल लोधी, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, मानवेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय त्रिवेदी, शशिकांत त्रिपाठी, सेक्टर अध्यक्ष समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। मालूम हो कि घटना के समय सांसद की मां दिल्ली में एम्स में भर्ती थीं। 14 दिन पहले उनका निधन भी हो रही है।

### पुलिस की ओर से मुक्त कराए गए 6 बाल श्रमिक, एएचटी थाना तथा देहात संस्था का संयुक्त अभियान

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** नेपाल सीमा से सटे बहराइच जनपद में मानव तस्करी तथा उससे जुड़े मामलों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एंटी ह्यूमन टास्क एएचटी थाना सक्रिय किया गया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी के निर्देशन में थाना दरगाह शरीफ क्षेत्रान्तर्गत श्रम प्रवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी, देहात संस्था से समन्वय बनाकर थाना एएचटी द्वारा आसाम रोड तिराहे से बाटी चोखा चौराहा के मध्य दुकानों, होटलों, मोटर मैकेनिक की दुकानों आदि में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया । अभियान के अंतर्गत 06 बाल श्रमिकों को बाटी चोखा चौराहा से रेस्क्यू किया गया तथा नियोक्ताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी। सभी 06 बाल श्रमिकों के माता-पिता से भविष्य मे बच्चों से श्रम न करवाने की हिदायत दी गई । थाना एएचटी टीम द्वारा सभी सेवायोजकों को भविष्य में बाल श्रम न कराने की हिदायत दी गई।

### टूर्नामेंट के चौथे दिन दो मैच खेले गए लखनऊ की टीम में रही विजयी

**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी।** कस्बे में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के चौथे दिन खेल के मैदान पर दो मैच खेले गये । मैच में बहराइच सपोर्टिंग क्लब और मेक्स स्पोर्टिंग क्लब लखनऊ की टीमें विजयी रही। बुधवार को सिंगाही में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट में आज के खास महमान सभासद राहूल गुप्ता ने किक मारकर खेल की शुरूआत करवाई। पहला मैच गौतम बुद्ध सपोर्टिंग क्लब वर्सेज बहराइच सपोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। दोनों टीमो का मुकाबला संघर्ष भरा रहा। इस मैच में बहराइच स्पोर्टिंग क्लब ने 1-3 से जीत हासिल की। दूसरा मैच मैक्स स्पोर्टिंग क्लब लखनऊ और हसन स्पोर्टिंग क्लब नानपारा के मध्य खेला गया। जिसमे मेक्स स्पोर्टिंग क्लब लखनऊ ने मेच को 1-0 से जीत लिया। इस दौरान थानाध्यक्ष अजीत कुमार, राणा प्रताप जंग, सुधीर कपूर, सुरेंद्र लोधी, सहित, सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### प्लाईवुड तथा हार्डवेयर की दुकान में लगी आग, दो करोड़ का सामान जलकर राख

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** शहर के लखनऊ मार्ग स्थित हार्डवेयर और प्लाईवुड की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना पाकर पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। पांच घंटे मेहनत कर दमकल के सात वाहनों ने आग पर काबू पाया। आग लगने से लगभग दो करोड़ का नुकसान हुआ है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर गोलवाघाट के पास कृष्णा प्लाई एवं शोरूम का संचालन होता है। मंगलवार रात को शोरूम के मालिक आशीष अग्रवाल और नवनीत अग्रवाल दुकान बंद कर चले गए। बुधवार सुबह तीन बजे पड़ोसी ने दुकान में धुआं निकलने की सूचना दी। इस पर सभी मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को आग लगने की जानकारी दी गई। 3.27 बजे दमकल कर्मी वाहन लेकर मौके पर पहुंचे। सभी ने आग बुझाना शुरू किया। लेकिन लपट तेज होने के चलते सीएफओ विशाल रामानुज गौड़ ने कैसरगंज, नानपारा से भी दमकल वाहन मंगवाया। जिला मुख्यालय के पांच वाहन और दो तहसील के वाहन आग बुझाने में लगे रहे। लगभग पांच घंटे बाद सभी ने आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी विशाल रामानुज गौड़ ने बताया कि आग लगने के कारण का पता नहीं चला सका है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इस दौरान कोतवाली देहात के अपराध निरीक्षक आलोक सिंह, पंकज यादव, मुकेश यादव समेत अन्य पुलिस भी मौजूद रही। प्रतिष्ठान के संचालक आशीष अग्रवाल ने बताया कि तीन दिन पहले छह हजार प्लाई वुड आए थे। इसके अलावा अन्य सामान आया था। कुल दो करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों के मॉडल ने समाज को दिखाया आईना

जन एक्सप्रेस । बहराइच

पायनियर ग्रुप आफ स्कूल्स की ओर से शहर के त्रिमुहानी रोड स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल परिसर में बुधवार को एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने ट्रैफिक जाम पर्यावरण प्रदूषण रेल हादसों को रोकने जैसे विभिन्न उपायों को लेकर मॉडल तैयार किए। इन माडलों के माध्यम से इस बात का संदेश दिया गया कि छुट्टा जानवरों की जिस समस्या के आगे सरकार और प्रशासन असहाय है। मॉडल में उसके निदान का भी उपाय बताया गया। शहर में जाम की समस्या को लेकर आए दिन ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाता है लेकिन इन बच्चों के मॉडल ने उसे मैनेजमेंट का एक साकार स्वरूप प्रस्तुत किया जिसे अपना कर शहर की यातायात समस्या को दूर किया जा सकता है। इसके अधिक विद्युत में आत्मनिर्भरता तथा ट्रेन हादसों को रोकने के लिए उपाय बताए गए। पायनियर ग्रुप का स्कूल के महाप्रबंधक सैयद आसिफ किरमानी ने बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक प्रतिभा विकसित करने के लिए कक्षाओं में प्रयोगिक पाठ्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी का परिणाम है कि इन बच्चों ने स्थानीय समस्याओं पर भी विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुत किया। छुट्टा जानवरों से उपाय के बारे में बताया गया कि निर्धारित क्षेत्र को एक उपकरण के माध्यम से घेरा जाएगा और जैसे ही कोई जीव जंतु उस परिसर में कदम रखेगा सायरन बज जाएगा सायरन बजने से जानवर भी भाग सकता है।

## ग्राम-लक्खा बौड़ी के निकट गहिरवा में बह रही अध्यात्म रस की धारा

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विश्व प्रसिद्ध महान् आध्यात्मिक गुरु बाबा जयगुरुदेव के एक मात्र उत्तराधिकारी बाबा पंकज जी महाराज इन दिनों देवीपाटन मण्डल के जिलों में बहुत ही सघन सत्संग कार्यक्रम कर रहे हैं। जगह-जगह उनको सुनने के लिए ग्रामीण स्तर पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं। जहाँ भी पंकज महाराज का सत्संग होता है, पूरा क्षेत्र ÷जयगुरुदेव नाम प्रभु का÷, बाबा जयगुरुदेव जी महाराज का कहना है, शाकाहारी रहना है, शाकाहारी रहना है। जैसे नारों से गूँज उठता है। बाबा का काफिला आने के पूर्व पलक पॉवड़े बिछाये भाई-बहनों की लम्बी-कतारें स्वागत एवं अभिनन्दन करने के लिए घण्टों इन्तजार करती हैं। बाबा पंकज महाराज की यह 108 दिवसीय सत्संग भ्रमण यात्रा शाकाहार और मद्यनिषेध के प्रबल प्रचार का पर्याय बन गयी है। वह भारत के सनातन अध्यात्मवाद का जो गहरा रहस्यमयी, सरल भाषा में सत्संग सुना रहे हैं, सुनकर लोग भाव-विभोर हो जाते हैं। मन्त्रमुग्ध होकर अपलक नेत्रों से निहारते स्वयं को भूल जाते हैं। सत्संग सुनकर हजारों हजार लोग शाकाहारी और नशामुक्त बनने की प्रतिज्ञा कर रहे हैं। आज शाकाहार सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक वैचारिक जन-जागरण का 99 वां दिन है। वह सत्संग की पूर्व संध्या पर मंगलवार को यहाँ से 6 कि.मी दूर ग्राम-लक्खा बौड़ी के निकट गहिरवा में के पास खेल मैदान में आ गये थे। उनका श्रद्धालुओं ने भाव भीना स्वागत किया। सत्संग सुनाते हुए बाबा पंकज महाराज ने कहा कि सत्संग का निर्मल जल मन की मैल को धो देता है। सत्संग सबके लिए जरूरी है। जिन विकारों का फैलाव मानव समाज में बड़ी तेजी से हो रहा है, उसमें सुधार सत्संग द्वारा ही होगा। सत्संग से संस्कार पड़ते हैं। परमार्थ और भक्ति में मन लगता है। सत्संग हृदय परिवर्तन का आधार है। उन्होंने कहा कि मनुष्य स्वाभाविक रूप से शाकाहारी प्राणी है। इसके लक्षण माँसाहारी पशुओं से बिल्कुल भिन्न हैं। जबड़े के रदनक नामक दाँत नुकीले होना, शिशु अवस्था में बच्चों की आँखें बंद होना, पानी जीभ से चाटकर, लबलबाकर पीना और लम्बी ऑत आदि अनेकों लक्षण मॉसाहारी पशुओं के हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ा रहा बड़हलगंज नगर पंचायत

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

नगर से लेकर गांव तक को स्वच्छ रखने व स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। अभियान के तहत केन्द्र सरकार की ओर से हर वर्ष नगर से लेकर गांव तक को स्वच्छ रखने लिए केन्द्र सरकार की ओर से व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा। इस अभियान के तहत केन्द्र सरकार की ओर से हर वर्ष स्वच्छता के मानदंडों के अनुरूप जिलों को रैंक देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसके बाद भी जिम्मेदारों की उदासीनता सरकार के इस अभियान पर भारी है। इसका जीता जागता उदाहरण गोरखपुर जनपद के नगर पंचायत बड़हलगंज में सड़क किनारे कूड़े का अंबार लगने से राहगीरों को आने-जाने की समस्या हो रही है जिम्मेदार बेपरवाह बन सरकारी धन का बंदरबांट करने में मस्त है। उक्त सड़क किनारे कूड़े का अंबार लगाने से वार्डवासी परेशान हैं तथा सफाईकर्मी के नदारद होने का गंभीर आरोप लगाया है।



### समस्याओं का किया जाएगा शीघ्र समाधान - ईओ

इस संबंध में पूछे जाने पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि आप मीडिया कर्मियों द्वारा मामला संज्ञान में आया है मामले को संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाएगा।

### सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर, सफाई व्यवस्था नदारद

बताते चलें कि बड़हलगंज नगर पंचायत के वार्ड लालगंज (चिल्लूपार) में मार्ग किनारे नगर का कूड़ा नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा फेंका जा रहा है । जिसकी वजह से राहगीरों को आने -जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं और खुलड्डे में कूड़े फेंके जाने पर आए दिन तरह तरह की गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। नगर पंचायत में तैनात सफाईकर्मी भी साफ - सफाई करने नहीं पहुंचते हैं ।जिससे नगर वार्ड में सफाई व्यवस्था बेहद खराब हो गई है और जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है। जबकि जन एक्सप्रेस की टीम के साथ बातचीत में वार्ड लालगंज के लोगों ने बताया कि सड़क किनारे कूड़े को फेंके जाने की शिकायत सक्षम अधिकारियों से करने के बाद भी शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए स्वच्छता अभियान का मखौल उड़ा रहे हैं और वार्ड में अव्यवस्थाएं उत्पन्न हो रही है।

## उत्तर प्रदेश वुमेन्स ट्राफी अंडर-15 एक दिवसीय टीम घोषित

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से वुमेन्स अंडर-15 एक दिवसीय ट्राफी के लिए उत्तर प्रदेश की टीम घोषित कर दी गई है। जनपद के पिपरा रज्जब निवासी अनीस अहमद की पुत्री अक्सा खान का चयन मीडियम पेसर के तौर पर हुआ है। अक्सा पूना में चल रहे अंडर 15 में उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलेंगी उत्तर प्रदेश का पहला मुकाबला मुम्बई से होगा इनके चयन पर नगर पंचायत पिपरा रज्जब के निवासियों में खुशी की माहौल है।

अक्शा खान के चाचा रईस अहमद ने बताया कि हम अपनी बेटी को उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए देखना चाहते थे। बेटी ने सपना पूरा किया अब हमें उस पल का इंतजार जब बेटी टीम इंडिया की तरफ से खेलेगी । इनके चयन पर चाचा रईस अहमद, आसिफ अहमद , असफाक अली, जावेद अंसारी मुन्ना इराकी ,सैफ ,जुनेद आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की है।

# सगाई में मिले गहने रुपए लेकर युवती हुई प्रेमी संग फरार

**युवती का प्रेमी लड़के वालों को दे रहा जान माल की धमकी, 4 दिसम्बर को होनी थी शादी**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में बेटे की सगाई में महंगे गहने और नकद भेंट देने की खुशियां पलभर में मातम में बदल गई। उनकी होने वाली बहू शादी से चंद दिनों पहले अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। उसकी 4 दिसंबर को शादी होनी थी। शादी से पहले वो अपनी सगाई में मिले गहने और नकद लेकर फरार हो गई और अब पीड़ित परिवार को युवती के प्रेमी से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। मामला सहजनवां के एक गांव का है। जहां पीड़ित पिता ने युवती और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दे कर कार्रवाई की मांग की है।




### सगाई के दौरान दिये गये थे महंगे उपहार

दरअसल, भगौरा के निवासी राजेश ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर बेटे शुभम की शादी खजनी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से तय की थी। 17 जनवरी को खजनी के एक मैरिज हॉल में शुभम और युवती की सगाई हुई थी, और शादी की तारीख 4 दिसंबर तय की गई थी। सगाई के दौरान, राजेश ने अपनी बहू को 16 हजार रुपये नकद, सोने की नथिया और हार, और एक महंगा मोबाइल फोन भेंट किया था।

### 17 नवंबर से युवती का है मोबाइल बंद, गहने और नकदी सहित गायब

लेकिन 17 नवंबर के बाद युवती का मोबाइल स्वीच ऑफ रहने लगा, जिससे परिवार को चिंता हुई। जब राजेश ने खजनी में संपर्क किया, तो पता चला कि युवती सारे गहने, नकदी और मोबाइल लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है।

### प्रेमी ने जान से मारने की दी धमकी

जब राजेश ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की योजना बनाई, तो इस बीच पीड़ित के बेटे को आरोपित प्रेमी का कॉल आया, जिसमें उसे जान से मारने की धमकी दी गई। अब पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद में पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है।

# गोरखपुर सिविल कोर्ट में अधिवक्ता पर हमले की साजिश नाकाम

**अधिवक्ताओं ने दो हमलावरों को दबोचा, तीसरा युवक पिस्टल के साथ फरार**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के सिविल कोर्ट में पांडेयहाता निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र दुबे पर हमले की साजिश रच रहे तीन संदिग्ध युवकों में से दो को वकीलों ने पकड़ लिया, जबकि एक फरार हो गया। पकड़े गए दोनों युवकों को अधिवक्ताओं ने खूब पिटाई की उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया।



वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र दुबे।

### चेंबर के बाहर मंडरा रहे थे संदिग्ध

दरअसल, घटना दोपहर करीब एक बजे की है। रविंद्र दुबे ने बताया कि वह एक मामले में कैंपियरगंज के विपक्षी पक्ष का केस लड़ रहे हैं। इसी विवाद के चलते तीन युवक उन पर हमला करने की मंशा से कचहरी परिसर पहुंचे थे। इनमें से एक युवक कंबल ओढ़कर कचहरी में अंदर बैठा था, जबकि दो अन्य उनके चेंबर के बाहर काफी देर तक घूमते रहे।

### अधिवक्ता के ललकारने पर मचा हड़कंप

संदेह होने पर रविंद्र दुबे ने युवकों को ललकारा। उनकी आवाज सुनते ही अन्य वकील भी मौके पर पहुंच गए। वकीलों के एकजुट होते ही तीनों संदिग्ध भागने लगे। हालांकि, वकीलों ने दो युवकों को दौड़ाकर दबोच लिया। तीसरा युवक, जिसके पास कथित तौर पर पिस्टल थी, भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया ।पकड़े गए युवकों की अधिवक्ताओं ने पहले जमकर पिटाई की और फिर उन्हें कैंट थाने की पुलिस को सौंप दिया। घटना के बाद कचहरी परिसर में हड़कंप मच गया।

## पीडब्ल्यूड़ी टीम ने की निर्माणाधीन सिंदुरिया सिसवा मार्ग गुणवत्ता की जांच

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने हाल ही मे सिंदुरिया सिसवा मार्ग निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा था कि मानक के विपरीत कच्ची गिट्टी का इस्तेमाल हो रहा है। सदर विधायक के शिकायत पर प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी की तरफ से एक जांच टीम गठित की गयी ।बुधवार को पीडब्ल्यूडी की जांच टीम ने निर्माणाधीन सड़क पर लगाई जा रही सामग्री की मानक के अनुसार सिंदुरिया सिसवा मार्ग पर पकड़ियार बुजुर्ग के पास गुणवत्ता की जांच की। इस संबंध मे पीडब्ल्यूड़ी के अधिशासी अभियंता वी वी सिंह का कहना है सिंदुरिया सिसवा मार्ग निर्माण की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद दोषी व्यक्तियों के खिलाफ् कार्यवाही की जायेगी।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित हुआ खाद्य पदार्थ जागरूकता कार्यक्रम




जन एक्सप्रेस । देवरिया

सहायक आयुक्त खाद्य विनय कुमार सहाय ने बताया कि जनपद के बैतालपुर विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मिश्रौलिया में खाद्य सुरक्षा जागरूकता और खाद्य पदार्थों की जांच का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। एफएसडब्लू वैन द्वारा विद्यालय के किचन में उपयोग हो रहे 14 खाद्य पदार्थों की जांच की गई, जिसमें 13 खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि 1 खाद्य पदार्थ मानक विपरीत पाया गया।

### छात्राओं को खाद्य सुरक्षा की दी गई जानकारी

जागरुकता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की 85 छात्राओं को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, 9 रसोइयों और अन्य कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा के घरेलू तरीकों और सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू पाल ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के घरेलू तरीकों का प्रदर्शन किया। उन्होंने दालों, सरसों तेल, हल्दी, काली मिर्च और मिठाइयों में मिलावट की जांच की विधियां समझायीं गई साथ ही, सिल्वर फॉयल और एल्युमिनियम फॉयल में अंतर करने की जानकारी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम यादव, ने छात्राओं को सुरक्षित आहार के महत्व और इसे सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और विद्यालय कर्मियों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन के महत्व को समझाना और जागरुकता बढ़ाना था।

# मिशन शक्ति फेज 5 के तहत धर्मराज पांडेय इंटर कॉलेज में हुआ जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

धर्मराज पांडेय इंटर कॉलेज चिरगोड़ा में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन हुआ। थानाध्यक्ष ने छात्राओं को सरकार के तरफ से चलाए जा रहे टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई।



थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार टोल फ्री नंबर जारी की है, कभी भी पुलिस की मदद लेनी हो, तो डायल 112, 1090, 1076 पर काल करे। छात्राओं को कालेज आने में अब डरने की जरूरत नहीं है। किसी आपातकाल की जरूरत पड़ने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करे। उन्होंने कहा कि कालेज के आसपास एंटी रोमियो की टीम लगातार भ्रमण पर रहती है, कोई भी शोहदा परेशान नहीं कर सकता, पुलिस उस पर सख्ती से निपटेगी। इस दौरान कांस्टेबल विनय यादव, कांस्टेबल नीतू मौजूद रही।

## आदिवासी गौरव दिवस के रूप मे मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के तत्वाधान में शनिवार को 11 बजे जिला पंचायत सभागार, रविन्द्र नगर धुस पर धरती आबा, प्रथम स्वतंत्रता सेनानी, जल जंगल जमीन के रक्षक, महानायक भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया गया, जिसके मुख्य अतिथि अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीतमनाथ गोंड, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद गोंड, अध्यक्षता पूर्व शाखा प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक गिरजेश प्रसाद गोंड तथा कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मनोज कुमार गोंड ने किया। जिसमें सर्व प्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीतमनाथ गोंड ने कहा कि 1857 की क्रांति में विशेष योगदान आदिवासी नेता, गरीबों के मसीहा, प्रकृति रक्षक महानायक भगवान बिरसा मुंडा जी का रहा है।

# पीड़िताओं के विधिक अधिकारों का न हो हनन: अपर जिला जज

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश ,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार वन स्टॉप सेंटर में पीड़िताओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

सचिव ने बताया कि पीड़िताओं के सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। समाज को इन मुद्दों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टॉप सेंटर में साफ-सफाई, सुरक्षा और आम जनमानस को विधिक साक्षरता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रबंधक, नीतू भारती को निर्देशित किया कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामलों को चिन्हित कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में अधिक से अधिक संदर्भित किया जाए, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, 14 दिसंबर 2024 को उनके मामलों का निस्तारण कर उन्हें विधिक सहायता प्रदान की जा सके।

# एसपी ने समीक्षा गोष्ठी में विवेचकों को दिए आवश्यक निर्देश



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में महिला/बालिका अपराध से संबंधित लम्बित विवेचनाओं के संबंध में कसया व सदर सर्किल के संबंधित विवेचकों का समीक्षा गोष्ठी किया। समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला/बालिका अपराध से संबंधित लम्बित विवेचनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं जिन अभियोगों में अभी तक पीड़िता की बरामदगी नही हुई है उनकी शीघ्र बरामदगी करने हेतु सभी विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । इसके अतिरिक्त थानों पर आईजीआरएस, जन शिकायत, महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## शराब के आदि पुत्र को पिता ने ही उतारा था मौत के घाट

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** नशा जहाँ कई परिवार को बर्बाद कर रहा है वहीं कई जिंदगियों को भी छीन लेता है नशे के आदि व्यक्ति को सिर्फ नशा करने वाला कुछ नहीं सूझता चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े आज युवा पीढ़ी को नशा पूरी तरीके से बर्बादी की तरफले जा रहा है। शरीर के साथ पैसे की भी बर्बादी हो रही है ऐसा ही एक मामला एम्स थाना क्षेत्र की तुर्रा नाले के पास 12 नवंबर को लाश मिलने की पुलिस को सूचना मिली थी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और पिता की तहरीर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई थी पुलिस की जांच में पाया गया कि पिता ही पुत्र का कातिल है। घटना का खुलासा पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी सिटी अभिनव त्यागी व क्षेत्राधिकारी कैंट योगेश सिंह ने किया।

# दिव्यांगजन उपकरण आकलन शिविर में चिन्हित 105 लोगों का हुआ पंजीकरण

जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर

उपनगर गोला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को आयोजित सरयू अमृत महोत्सव 2024 के तत्वाधान में शासन के निर्देशानुसार चिल्लूपार विधानसभा के विधायक राजेश त्रिपाठी के प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में दिव्यांगजन वृद्ध जनों के लिए निशुल्क आवश्यक उपकरण वितरण पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 105 दिव्यांग जनों के जीवन को सुगम बनाने के लिए जनपद से आए विशेष शिक्षक नागेंद्र पांडेय पुनर्वास अधिकारी राजेश कुमार यादव सहायक बिट्टू कुमार के टीम की देखरेख में चिन्हित कर पंजीकरण किया गया।



शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चिल्लूपार विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए शिविर में किए जाने वाले कार्यों और योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मानवता के कारण हम सभी का कर्तव्य है कि पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं । श्री त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि चिन्हित दिव्यांगजनों को उपकरण 20 व 21 और 22 दिसंबर को आयोजित सरयू अमृत महोत्सव में वितरण किया जाएगा।

शिविर में जनपद से आए अधिकारियों ने बताया कि सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर शिविर में चिन्हिकरण किया गया है। इन्हें इनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। आगे विभाग द्वारा दिव्यांग जनों से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान मित्र मंडल अध्यक्ष बनवारी प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य बालचंद सोनकर ,लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी , डॉक्टर बृजभूषण मिश्र, मंडल अध्यक्ष गोपालपुर संतोष त्रिपाठी, निशा मौर्या, जनसंपर्क प्रभारी विद्याधर पांडेय, शंभू चंद ,उमेश यादव, सूरज कुमार, संदीप सोनकर, अरुण मौर्य ,अमरमणि त्रिपाठी, जगत कुमार मिश्र, अंकुर पांडे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डीएपी की किल्लत को लेकर हंगामा, किसानों ने अधिकारियों पर जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस । आगरा

कृषि विभाग का दावा है कि जिले में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है और यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने भी कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में किसान डीएपी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। किसान दिवस के अवसर पर यह समस्या प्रमुख रूप से सामने आई, जहां किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने डीएपी की कमी, नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने और




सफाई में अनियमितताओं को लेकर हंगामा किया। उन्होंने शिकायत की कि शासनादेश के अनुसार जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और सभी विभागों के जिले स्तर के अधिकारियों का कार्यक्रम में उपस्थित होना अनिवार्य है। बावजूद इसके, अधिकांश विभागों के वरिष्ठ अधिकारी नहीं आए और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भेज दिया। खासकर विद्युत विभाग से कोई भी प्रतिनिधि नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ गया। भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री मोहन सिंह चाहर ने डीएपी की किल्लत पर अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अगर खाद की कोई कमी नहीं है तो किसानों को सहकारी समितियों पर लंबी कतार में क्यों खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) को डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि इससे जुड़े किसान भी लाभान्वित हो सकें। श्याम सिंह चाहर ने किसान दिवस को औपचारिकता करार देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में जिले स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। उन्होंने नहरों और माइनरों की सफाई में हो रही अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। किसान दिवस में उप निदेशक कृषि पुरुषोत्तम मिश्रा, कृषि केंद्र प्रभारी डॉ. राजेंद्र सिंह चौहान, डॉ. भोज कुमार, आदर्श कुमार सहित कई अधिकारी और किसान नेता मौजूद रहे।

# कटेहरी उपचुनाव में रही दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



कटेहरी विधानसभा में बुधवार को हुए उपचुनाव ने लोकतंत्र की शक्ति और सभी वर्गों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस चुनाव में विशेष रूप से दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि उम्र और शारीरिक चुनौतियां लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति उनकी निष्ठा को कम नहीं कर सकतीं।

दिव्यांगजन और बुजुर्गों की सहायता के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा यादव ने अपनी टीम के साथ बूथों का व्यापक निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि हर मतदाता को मतदान में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर, रैंप, और वालंटियर्स की मदद से दिव्यांगजन और बुजुर्गों को वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विशेष व्यवस्था के तहत उन्हें प्राथमिकता से मतदान करने का अवसर दिया गया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों और दिव्यांगों की कतारें यह दिखा रही थीं कि लोकतंत्र के प्रति उनका समर्पण अडिग है। बता दें कि कटेहरी विधानसभा में कुल 3311 दिव्यांग मतदाता है

80 वर्षीय कालीचरण ने कहा, ÷चुनाव में हिस्सा लेना मेरा अधिकार है। सरकार ने हमारे लिए इतनी सुविधाएं दी हैं, तो हमें भी आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।÷ वहीं, दिव्यांग मतदाता राजेश ने कहा, ÷इस बार सुविधाओं में सुधार हुआ है। रैंप और व्हीलचेयर की मदद से हमें कोई परेशानी नहीं हुई।÷

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा यादव ने उपचुनाव के दौरान अपनी नेतृत्व क्षमता और समर्पण का परिचय दिया। उन्होंने अपनी टीम के साथ बूथों पर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।

उनकी सक्रियता और मानवीय दृष्टिकोण की सराहना करते हुए स्थानीय निवासी रमेश वर्मा ने कहा, ÷प्रतिभा यादव ने न केवल मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा, बल्कि व्यक्तिगत तौर पर उनकी मदद भी की। उनकी मेहनत से बूथों पर एक सकारात्मक माहौल देखने को मिला।÷

# बीसीएम में पारंपरिक तरीके से पूजन अर्चन के साथ पेराई सत्र का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय की प्रतिष्ठित औद्योगिक घराना बलरामपुर चीनी मिल समूह की इकाई बलरामपुर चीनी मिल में गन्ना पेराई सीजन 2024-25 का शुभारंभ बुधवार को मिल के अधिशासी अध्यक्ष के के वाजपेई ने हवन पूजन अर्चन के साथ मिल के डोंगे में गन्ना डालकर किया। जानकारी के अनुसार 20 नवम्बर को बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 की बलरामपुर इकाई में पेराई सत्र 2024-2025 का शुभारम्भ विधिवत् पूजा-अर्चना के साथ किया गया । केन कैरियर पर हवन-पूजन आयोजित किया गया तथा डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र के शुभारम्भ की घोषणा की गई। मुख्य यजमान के. के. बाजपेई अधिशासी अध्यक्ष ने पूजा-अर्चना एवं हवन कराया। पूजा-अर्चना का कार्य पण्डित तिलकधारी पाण्डेय व उनकी टीम द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ सम्पन्न कराया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल, उप जिलाधिकारी संजीव कुमार यादव,



सदर विधायक पल्टू राम, विद्यायक-तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, गन्ना डायरेक्टर राकेश तिवारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार, सचिव गन्ना विकास समिति बलरामपुर अविनाश सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि गन्ना विकास समिति बलरामपुर रणवीर सिंह रन्नू व गोण्डा, सीनियर सी.डी.आई. भी उपस्थित रहे, जिन्हें माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष के.के. बाजपेई ने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल सदैव ही गन्ना कृषकों, जनसाधारण एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करती है, जो आगे भी करती रहेगी । उन्होंने कहा कि चीनी मिल गन्ना मूल्य भुगतान में भी हमेशा से अग्रणी रही है और आगे भी गन्ना मूल्य भुगतान त्वरित गति से करती रहेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए अपने-अपने कार्य को मेहनत, लगन तथा सुरक्षा के साथ सावधानी पूर्वक करने के लिये कहा। उन्होंने गन्ना कृषकों से साफ सुथरा व अगोला, जड़पत्ती रहित गन्ना मिल में आपूर्ति करने की अपील की। उन्होंने कृषकों से अपनी पर्ची के अनुसार ही गन्ने की कटाई करने का अनुरोध किया तथा अपील की, कि कृषक पहले से गन्ना काटकर खेतों में न रखें । चीनी मिल में पेराई सत्र 2024-2025 के लिये पहली बार डनलप से गन्ना लेकर आये डनलप के बैलों की एवं ट्रॉली से गन्ना लेकर आई ट्रॉली की पूजा की गई एवं गन्ना तौलकर किसान को भी सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने हवन पूजा में आहूति दी एवं डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2024-2025 के शुभारम्भ हेतु पूजा सम्पन्न कराई । इस अवसर पर चीनी मिल की ओर हो केन हेड श्याम सिंह, इन्जीनियरिंग हेड योगेन्द्र सिंह बिष्ट, कामर्शियल हेड बी.एन. ठाकुर, इन्जीनियरिंग हेड-पॉवर एवं केमिकल संजय कुमार मिश्रा, प्रोडक्शन हेड उदय वीर सिंह, मानव संसाधन प्रमुख डी. के. सिंह, उप-प्रधान प्रबंधक (ब्वॉयलर) पी.के. मिश्रा, मुख्य प्रबंधक (मेटेरियल) पवन तिवारी, प्रबंधक (मानव संसाधन) मुकेश शुक्ला, श्रम-कल्याण अधिकारी एस.पी. सिंह सहित कई अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व किसान मौजूद रहे ।

# आगरा में सचिव से 4 लाख रुपए की लूट

जन एक्सप्रेस । आगरा

सहकारी समिति के सचिव के साथ 4 लाख रुपए की लूट हो गई है। क्षेत्र के थाना शमसाबाद क्षेत्र में सहकारी समिति के सचिव को बदमाशों ने टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद उनका रुपए से भरा बैग लूटकर भाग गए। सचिव के साथ लूट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बदमाशों की पकड़ के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे देख रही है। कौलारा कला सहकारी समिति में मुकेश कुमार सचिव हैं। मंगलवार रात को वो खाद बिक्री का कैश लेकर वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में लुहारी टंकी के पास दो बाइक पर बदमाश आए। बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारी, जिससे वो गिर पड़े। इसके बाद एक बदमाश ने उनका रुपए से भरा बैग छीनने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने बैग नहीं छोड़ा। बदमाश ने उनके मुंह पर घूंसा मारा। इसके बाद वो बैग लूटकर फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया, लेकिन उस समय वहां पर कोई नहीं था। बदमाश इरादत नगर की तरफ भाग निकले। बैग में करीब 4 लाख रुपए कैश था। सचिव के साथ लूट की सूचना पर एसीपी समेत थाने का फोर्स पहुंच गया। सचिव से पूछताछ के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे हैं। एसीपी गिरीश कुमार का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों को पकड़ने के लिए टीमें लगा दी गई है। जल्द ही बदमाश पकड़ लिए जाएंगे।

# दूध व्यापारी की नृशंस हत्या का खुलासा

**जन एक्सप्रेस/मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र में यमुना ऐक्सप्रेस-वे, माइल स्टोन 115 के पास दूध कारोबारी की कुल्हाडी से गला काट कर निर्मम हत्या की घटना का थाना महावन पुलिस स्वाट टीम व सर्विलांस सेल की मदद से खुलासा किया गया। घटना करने के आरोप में बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि देवेन्द्र सिंह ग्राम नगला धनुआ का भांजा पंकज दूध का काम करता था, 16 नवम्बर को गांव धनुआ से कृष्णा दुग्धालय कंसखार थाना कोतवाली जनपद मथुरा दूध डालकर वापस अपने घर के लिये आ रहा था । तभी यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 115 के पास अन्डर ब्रिज से सिहोरा-कारव मार्ग पर अन्डर ब्रिज से करीब 50 मीटर आगे कारव की तरफ अज्ञात व्यक्ति ने पंकज की कुल्हाडी से गला काट कर निर्मम हत्या कर दी थी।

# जिले के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने थारू छात्रावास का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार शाम शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में नवनिर्मित थारू छात्रावास का फीता काट कर लोकार्पण किया ।

जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा तथा सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा मे भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवीपाटन



मंदिर पहुंचे । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मिल बलरामपुर के बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा सीएसआर फंड के तहत देवीपाटन मंदिर परिसर में निर्माण कराए गए थारू जनजातीय छात्रावास का लोकार्पण किया । लोकार्पण अवसर पर चीनी मिल बलरामपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक सरावगी, बलरामपुर फाउंडेशन की न्यासी अवंतिका सरावगी, देवी पाटन मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी, क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला भी उपस्थित थे। बताते चलें कि चीनी मिल बलरामपुर के बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा सीएसआर फंड के सहयोग से देवीपाटन मंदिर परिसर में निर्मित थारू छात्रावास तीन मंजिला है, जिसमें 24 कमरे बनाए गए हैं। प्रत्येक कमरों में बच्चों के लिए समुचित व्यवस्था है। प्रत्येक कमरे में अलमारी बनाई गई है जिसमें बच्चे अपने काफी किताब एवं कपड़े रख सकें। छात्रावास परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं।

# युवा उत्सव प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में नेहरू युवा केन्द्र, युवा कल्याण विभाग, राष्ट्रीय कैडेट कोर व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जनपद स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जहां लोकगीतों व लोकनृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में जमकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार 19आनवं युवा उत्सव प्रतियोगिता का शुभारंभ सदर विधायक पलटू राम , प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम मनोहर तिवारी, जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव,जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रबोध कुमार, नोडल अधिकारी एन एस एस डॉ राजीव रंजन, मुख्य कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस डॉ आलोक शुक्ल, कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस डॉ अनामिका सिंह व डॉ जितेन्द्र कुमार एवं कार्यक्रम संयोजक एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। इसका भी देश को गर्व होना चाहिए. दासता के किसी भी निशान




को हटाना, विरासत पर गर्व,एकता और अपने कर्तव्यों को पूरा करना सभी का दायित्व है.इससे भारत को विकसित बनाया जा सकता है.पंच प्रण पर अपनी शक्ति,संकल्पों और सामर्थ्य को केंद्रित करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री जी के 2047 विकसित भारत के लक्ष्य को साकार रूप देने के लिए युवाओं को सकारात्मक सोच व ऊर्जा के साथ आगे आने की आवश्यकता है। मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह ने पुरस्कृत करते हुए विजयी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव,जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रबोध कुमार, प्रशिक्षक नेहरू युवा केन्द्र जिलेदार पाण्डेय, बीइओ ज्ञान बाबू तिवारी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। एन एस एस के नोडल अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने स्वागत उदबोधन दिया। प्रतियोगिता के संयोजक व संचालक महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान व प्रशिक्षक नेहरू युवा केन्द्र जिलेदार पाण्डेय ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के निर्णायक प्रो0 वीणा सिंह,डॉ राजीव रंजन व हर्षिता चौहान ने एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता में काजल को प्रथम,आयुषी मिश्रा को द्वितीय व स्वरा सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं एकल लोकगीत में मानसी चौहान को प्रथम,अंशिका उपाध्याय को द्वितीय एवं सौम्य पाण्डेय को तृतीय स्थान के लिए चुना। समूह लोकगीत/ लोकनृत्य में राशी तिवारी एन्ड ग्रुप को प्रथम,वैभवी एन्ड ग्रुप को द्वितीय तथा राज मिश्र एंड ग्रुप को तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 7000,5000 व 3000 रूपये पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी एकल में निर्णायक डॉ आलोक शुक्ल व डॉ अनामिका सिंह ने अंश चावला को प्रथम, कोमल मिश्रा को द्वितीय एवं अक्षरा मिश्रा को तृतीय वहीं विज्ञान प्रदर्शनी समूह के लिए स्पर्श पाण्डेय ग्रुप को प्रथम, लक्ष्मी शुक्ला ग्रुप को द्वितीय एवं हर्षवर्धन ग्रुप को तृतीय स्थान के लिए चुना गया। कविता लेखन में निर्णायक डॉ स्वदेश भट्ट व डॉ के पी मिश्र ने रंजना चौधरी को प्रथम, ओजस्विता सिंह को द्वितीय व आकांक्षा वर्मा को तृतीय स्थान हेतु चुना। इसके अतिरिक्त फोटोग्राफी में विकास कुमार प्रजापति, देशराज व प्रियांशु मिश्र क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।भाषण में तनिष सोनी प्रथम,सुचिता द्विवेदी द्विवेदी द्वितीय एवं भानु प्रताप मिश्र तृतीय स्थान पर रहे जबकि चित्रकला प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार शुभी सिंह को पहला,रश्मि नन्दी को दूसरा एवं हर्षिता श्रीवास्तव को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं युवा उत्पाद प्रदर्शनी में शैली कसेरा को प्रथम,सलोनी उपाध्याय को द्वितीय तथा पायल कसौधन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कृत प्रतिभागियों को निर्धारित कैश प्राइज,स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदानकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ आशीष कुमार लाल, डॉ जितेन्द्र कुमार, डॉ मानसी पटेल, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ सुनील कुमार शुक्ल, डॉ वंदना सिंह, डॉ श्रद्धा सिंह, मणिका मिश्रा, मांडवी तिवारी व पारिजात त्रिपाठी का सराहनीय योगदान रहा।

# भोजन निगलने में कठिनाई, हो सकता है ये दुर्लभ रोग

जन एक्सप्रेस । आगरा



अचलेसिया कार्डिया एक दुर्लभ रोग है जो अन्न नली से जुड़ा होता है और भोजन निगलने में कठिनाई का कारण बनता है। सामान्य रूप से, जब हम खाना निगलते हैं, तो वह अन्न नली के माध्यम से पेट में चला जाता है। यह प्रक्रिया अन्न नली की तालमेलपूर्ण गति, जिसे पेरिस्टाल्सिस कहते हैं, और निचले अन्न नली स्फिंक्टर (लोअर एसोफेगल स्फिंक्टर - एलईएस) के सही तरीके से ढीला होने पर निर्भर करती है। अचलेसिया कार्डिया के मरीजों में यह प्रक्रिया बाधित हो जाती है, जिससे अन्न नली की मांसपेशियों का संकुचन और एलईएस का ढीलापन दोनों प्रभावित होते हैं। इसके कारण मरीजों को भोजन निगलने में असुविधा होती है और वे अक्सर घुटन या गले में रुकावट की शिकायत करते हैं। मैक्स सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, साकेत के विभाग के वरिष्ठ निदेशक और प्रमुख डॉ. विकास सिंगला ने कहा कि अचलेसिया कार्डिया का सटीक कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। हालांकि, विभिन्न वायरस संक्रमणों को इसका संभावित कारण माना गया है। इस बीमारी के लक्षणों में सबसे प्रमुख भोजन निगलने में कठिनाई है, जो ठोस और तरल दोनों प्रकार के भोजन में हो सकती है। मरीज अक्सर निगलने में सहायता के लिए अधिक पानी पीते हैं या कुछ शारीरिक मुद्राएं अपनाते हैं, जैसे कंधे उठाना। इस समस्या के कारण कई मरीज सामाजिक आयोजनों में भोजन करने से कतराते हैं और अक्सर सामाजिक मेलजोल से बचते हैं।

# पुलिस ने बिहार जा रही 20 लाख रुपये की शराब पकड़ी

**जन एक्सप्रेस/** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कंटेनर से 20 लाख रुपये की कीमत की अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बंद बॉडी कंटेनर में फिनायल के डिब्बों में अवैध शराब छुपाई जा रही है। जब पुलिस ने कंटेनर को रोका और उसकी जांच की, तो उसमें 118 पेटी हरियाणा मार्का की अवैध अंग्रेजी शराब मिली। यह शराब हरियाणा राज्य में बेची जाने वाली थी, लेकिन इसे बिहार में तस्करी के द्वारा ले जाया जा रहा था। बिहार में शराबबंदी लागू है, इसलिए वहां अवैध रूप से शराब की तस्करी की जाती है, ताकि इसे अधिक कीमत पर बेचा जा सके। पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कंटेनर को रोका एसपी सिटी रवी शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना रसूलपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कंटेनर में अवैध शराब तस्करी के लिए ले जाई जा रही है।

# एयरटेल भारत में 5जी विस्तार के लिए नोकिया के साथ किया बहु-वर्षीय बहु-अरब डॉलर का अनुबंध

जन एक्सप्रेस । आगरा

नोकिया को भारती एयरटेल (एयरटेल) से भारत के प्रमुख शहरों और राज्यों में 4जी और 5जी उपकरण लगाने के लिए बहु-वर्षीय और बहु-अरब डॉलर का अनुबंध मिला है। इस अनुबंध के तहत, नोकिया अपने एडवांस्ड 5जी एयरस्केल पोर्टफोलियो के उपकरण लगाएगा। इनमें बेस स्टेशन, बेसबैंड यूनिट और नवीनतम पीढ़ी के मैसिव एमआईएमओ रेडियो शामिल हैं। ये सभी ऊर्जा की बचत करने वाले रीफशार्क सिस्टम-ऑन-चिप तकनीक से संचालित होंगे। ये सॉल्यूशन एयरटेल के नेटवर्क को शानदार 5जी क्षमता और कवरेज प्रदान करेंगे और नेटवर्क को बढ़ाने में मदद करेंगे। इसके साथ ही, नोकिया एयरटेल के मौजूदा 4जी नेटवर्क को मल्टीबैंड रेडियो और बेसबैंड उपकरणों से आधुनिक बनाएगा, जो 5जी को भी सपोर्ट करेंगे। एयरटेल नोकिया के मंटाराय नेटवर्क मैनेजमेंट का इस्तेमाल करेगा, जो एआई आधारित टूल्स की मदद से नेटवर्क की निगरानी और प्रबंधन करेगा। इसमें डिजिटल सेटअप, नेटवर्क की बेहतरी और तकनीकी सहायता शामिल हैं। गोपाल विट्ठल, वाइस चेयरमैन एंड एमडी, भारती एयरटेल ने कहा, एयरटेल ने हमेशा नेटवर्क नई तकनीकों के प्रयोग में अग्रणी रहा है और ग्राहकों को अत्याधुनिक कनेक्टिविटी समाधान देने के लिए अपनी क्षमता को आगे बढ़ाया है।

# संस्कार भारती व संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के विकासखंड पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत एमिलिया पाउडर में स्थापित महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में बुधवार को संस्कार भारती उत्तर प्रदेश एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिभा खोज एवं संस्कृति उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को प्रतिभा खोज सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि इमलिया कोडर के पूर्व प्रधान मंगल प्रसाद, संस्कार भारती के प्रदेश कार्यालय प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह व महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज इमलिया कोड़र के कार्यालय अधीक्षक रघुनंदन तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। अतिथियों के सम्मान में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागी छात्राओं ने थारू जनजातीय नृत्य व गायन की सांस्कृतिक प्रस्तुति दी । कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज इमलिया कोडर की



छात्राओं ने थारू नृत्य प्रेम के भोगी, बैठक गीत नृत्य, धूम मचाई नृत्य तथा थारू गीत पर एकल नृत्य कृष्ण कुमार व थारूगीत पर एकल नृत्य पवन कुमार की प्रस्तुत से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजकुमार इंटर कॉलेज विशुनपुर विश्राम की छात्राओं ने थारू सामुहिक नृत्य अरे हे सूरा हूरा, जोर से बजाये मदरा, एहो रामा सहारा के लोगवा, मदरा के झालर मोर बालमा, उंगली पकड़ - पकड़के गईनी बजारे (थारू सामुहिक नृत्य) तथा एकलव्य विद्या निकेतन विशुनपुर विश्राम की छात्राओं ने पायलिया छन छन पर नृत्य प्रस्तुत किया। एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर के छात्र सतीश कुमार यादव ने एकल गीत प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागी छात्राओं को ग्राम प्रधान भुसहर ऊँचवा धनीराम, राम सुंदर चौधरी ने पुरुस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम अपरान्ह में दो से बजे से लखनऊ से आई कलाकार शेफाली पांडेय एवं शिवानी तिवारी द्वारा लोक गीत व अवधी गीत के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। जिसको सुनकर स्थानीय लोग भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम उपरांत लोक गायिका शेफाली पांडेय एवं शिवानी तिवारी को संस्कार भारती के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्रा, महामंत्री राकेश प्रताप सिंह, जिला मंत्री भानु प्रकाश, अखिलेश तिवारी, हरिद्वार सिंह, शिवम मिश्रा, रेखा त्रिपाठी, सोनू राणा, राज कमल, राम निवास सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# देर रात कसगंजा मोड़ पर विद्युत पोल तोड़कर खाई में गिरी कार





- बेसहारा गोवंश को बचाने के कारण कार अनियंत्रित होने से हुआ हादसा
- देर रात परिवार के साथ पीलीभीत से घर वापस लौट रहा था चालक

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

देर रात परिवार के साथ रिश्तेदारी से लौट रहे कार सवार के सामने कसगंजा मोड पर आवारा गोवंश के आने से अनियंत्रित हुई कार हाईवे के किनारे खड़े विद्युत पोल को तोड़कर खाई में घुस गई। गनीमत रही की हाई टेंशन लाइन कार के ऊपर नहीं गिरी। हादसे में कार लाइन की चपेट में आने से बाल बाल बच गए।एक बच्चा घायल हो गया जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया।

शाहजहांपुर के पुवायां निवासी दलबीर सिंह पत्नी और तीन बच्चों के साथ मंगलवार देर रात पीलीभीत में रिश्तेदारी से घर वापस लौट रहे थे। पूरनपुर वाया मैगलगंज नेशनल हाईवे पर कसगंजा मोड के पास अचानक बेसहारा गोवंशीय पशुओं को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई कार हाईवे के किनारे खड़े विद्युत पोल को तोड़कर खाई में चली गई गई। हादसे के दौरान विधुत आपूर्ति चल रही थी। पोल टूटने से हाई टेंशन लाइन जमीन गिर गई। गनीमत रही की लाइन कार के ऊपर नहीं गिरी। देर रात हुए हादसे से खलबली मच गई।चालक ने बमुश्किल कार में फंसी पत्नी और बच्चों को बाहर निकाला।हादसे में रुप सिंह घायल हो गया।जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया।

# ग्रामीण परिवेश में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है विद्यालय : डॉ.राकेश सिंह

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

नगर के पीलीभीत मार्ग स्थित मदर्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव हर्षो उल्लास के माहौल में मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बरेली रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया।

वार्षिक उत्सव प्रारंभ होते ही विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मां सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, इसके अतिरिक्त विद्यालय के बाल मनुहारों द्वारा मेरा जूता है जापानी तथा छोटे-छोटे तमाशे गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर विद्यालय में उपस्थित सभी गणमान्य दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के छात्र छात्रों द्वारा रावण के अहंकार का अभिनय कर सराहनीय प्रस्तुति कर समां बांधा तथा महाभारत कार्यक्रम के द्वारा द्रौपदी चरित्र को केंद्र में रखते हुए आधुनिक युग में नारियों की विधा का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मुख्य



अतिथि आईजी बरेली रेंज डॉक्टर राकेश सिंह ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि मदर्स पब्लिक स्कूल बीसलपुर ग्रामीण परिवेश में भी विगत वर्षों से निरंतर अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है उनकी सराहनीय कार्य से क्षेत्र के बच्चे विद्यालय से विद्या अर्जन कर निरंतर प्रगति की पथ पर अग्रसर हो रहे हैं। विद्यालय के चेयरमैन राजेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे विद्यालय में शैक्षिक खेल सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जो हमारे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है वार्षिक समारोह के इस अवसर पर सत्र पर्यन्त पाठ्य सहगामी क्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को दस दस हजार रुपए के चेक देकर पुरुस्कृत किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्य तृप्ति पांडे ने वार्षिक समारोह के अवसर पर विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य न केवल हमारे अतीत की उपलब्धियां का जश्न मनाना है बल्कि यह भी कि हम भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें जैसे पेड़ को फलने फूलने के लिए मेहनत और धैर्य की आवश्यकता होती है वैसे ही हमें भी पढ़ाई और जीवन में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए सतत प्रयास करने होंगे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्य तृप्ति पांडे के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्रा अंशिका गंगवार, अनुष्का गंगवार अभ्या गर्ग, अग्रजा ने सामूहिक रूप से किया कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी रोहित जोशी के अलावा नगर के सम्मानित अधिकारी एवं नागरिकों ने उपस्थिति देकर विद्यालय के छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए आशीर्वाद दिया।

## दूसरे पति के साथ मिलकर बेटे को मारकर टांग दिया

जन एक्सप्रेस । मेरठ

सरधना के मोहल्ला गढ़ी खटीकान में एक बालक की हत्या उसकी मां ने अपने दूसरे पति के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने आरोपी मां नसरीन और उसके पति समीर निवासी सियाबाग को गिरफ्तार कर लिया है। बीते सोमवार की देर रात साहिल (11) पुत्र अनीस का शव मकान के अंदर स्टोर में फंदे पर लटका मिला थ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। साहिल के गले और गाल पर खरोच के निशान थे। इससे पुलिस को शक हुआ कि हत्या की गई है। पुलिस ने जांच की और साहिल की मां नसरीन को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता चला कि नसरीन के पहले पति और साहिल के पिता अनीस की तीन साल पहले मौत हो गई थी। पति की मौत के छह माह बाद ही कस्बे के ही समीर पुत्र याकूब के साथ शादी की थी। बताया गया कि अब किसी तीसरे युवक से नसरीन के अवैध संबंध हो गए थे। इस सबके बारे में साहिल को पता था। आरोप है कि नसरीन ने अपने दूसरे पति समीर के साथ मिलकर साहिल की हत्या कर दी

# गाजियाबाद कांड के विरोध में गरजे अधिवक्ता..जुलूस निकालकर सौंपा ज्ञापन, जमकर की नारेबाजी

- तीनों बार एसोसिएशन के अध्यक्ष -महासचिव की अगुवाई में जमा हुए अधिवक्ता

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




बुधवार को जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा के नतृत्व में गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर बीते दिनों पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में जनपद के अधिवक्ताओं का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। तीनों बार एसोसिएशन के अध्यक्ष -महासचिव की अगुवाई में जमा हुए अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, महासचिव आनंद मिश्र की अगुवाई बार से जुड़े अधिवक्ता विकास भवन गेट पर जमा हुए। इसके बाद नारेबाजी करते हुए कचहरी तिराहा होते हुए कचहरी परिसर में पहुंचे। यहां सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक पांडेय, सचिव मोहन गिरी गोस्वामी, सेंट्रल बार एसोसिएशन के महासचिव विवेक अवस्थी भी अपने-अपने बार संगठनों से जुड़े अधिवक्ताओं के साथ प्रदर्शन में शामिल हो गए। अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद कांड को लेकर जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता टनकपुर हाईवे पर पहुंचे। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के हाईवे पर प्रदर्शन करता देख वाहनों के पहिए खुद ही थम गए। हालांकि अधिवक्ताओं ने जाम नहीं लगाया। इसके बाद कचहरी तिराहा होते हुए अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी।

डीएम कार्यालय में अधिवक्ता ज्ञापन देने के लिए पहुंचे। यहां भी जमकर नारेबाजी की गई।

इसकी जानकारी मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्जन सिंह तोमर पहुंच गए। अधिवक्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अशोक बाजपेई, शिव शर्मा, राजीव अवस्थी, महेंद्र मिश्र, अभिषेक, हैदर जाफरी, अनूप कांत सक्सेना समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता थे।

# पांच दिन तक कुकर्म को टालते रहे जिम्मेदार अफसरों तक पहुंचा मामला तो लिखी एफआईआर




> बच्चे से कुकर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> **मुकेश शुक्ला, इंस्पेक्टर बरखेड़ा**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र में 5 साल के बच्चे से कुकर्म की घटना को तहरीर मिलने के पांच दिन तक टरकाते हुए अनभिज्ञता जता रही बरखेड़ा पुलिस ने अधिकारियों के संज्ञान में मामला पहुंचते ही कार्रवाई कर दी। खास बात ये रही कि अभी तक तहरीर न मिलने की बात कही जा रही थी, वहीं अब पूर्व में दी गई तहरीर भी मिल गई और एफआईआर भी दर्ज कर ली गई। पीड़ित को भी कार्रवाई का तब पता चला जब थाने से एक दरोगा ने कॉल कर इसके बारे में जानकारी दी।घटना बरखेड़ा क्षेत्र की है। यहां के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया था कि कि वह निजी वाहन चालक हैं। 15 नवंबर को वह काम से लखीमपुर जनपद के पलिया इलाके में गए थे। उनका पांच साल का पुत्र कक्षा एक का छात्र है। गांव का ही एक युवक बच्चे को चीज खिलाने का लालच देकर मकान से करीब आधा किमी की दूरी पर सूनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर बच्चे की गला दबाकर जान लेने की कोशिश की थी। इसकी सूचना मिलने पर उसी दिन यूपी 112 पुलिस गांव पहुंची थी और दूसरे दिन ही थाना बरखेड़ा में तहरीर दे दी गई थी। मगर उस पर कार्रवाई नहीं हो सकी थी। इस बीच संभ्रांत नागरिकों ने बीच में पड़कर दबाव बनाया और सुलह करा दी थी। एक निजी अस्पताल से बच्चे को दवा दिलाई गई थी। बरखेड़ा पुलिस अभी तक तहरीर न मिलने की बात कह रही थी। वहीं, मामला उजागर हुआ और अफसरों के संज्ञान में पहुंचा तो खलबली मच गई। खुद की गर्दन फंसती देख पुलिस हरकत में आई और पूर्व में ही दी गई तहरीर पर गांव के ही रहने वाले आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बताते हैं कि कार्रवाई न होने के बाद सुलहनामा भी पीड़ित की ओर से थाना बरखेड़ा में दे दिया गया था। इसके बाद एफआईआर दर्ज हुई तो पीड़ित को भी पता नहीं था। पुलिस से ही उसे पूर्व में दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिल सकी है।

# नकली खाद का भंडारण करने वाले पिता पुत्र के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी




जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हाईवे के किनारे सीड गोदाम में पकडी गई नकली डीएपी के मामले में पिता और पुत्र के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।आरोपित आरपीआई का जिलाध्यक्ष है।

पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे के किनारे गांव गजरौला जसी के पास सीड गोदाम में मंगलवार जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल को सूचना मिली कि गोदाम के अंदर नकली उर्वरक बनाने की फैक्ट्री चल रही है। जिला कृषि अधिकारी ने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, अपर जिला कृषि अधिकारी पंकज, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ छापेमारी की थी। गोदाम में इंडियन पोटाश लिमिटेड छपे हुए 88 बैग 4.4 मीट्रिक टन डीएपी बरामद की गई थी। इसके अलावा इंडियन पोटाश लिमिटेड डीएपी छपे हुए छह बैग में पाउडर भरा हुआ था। टीम ने गोदाम से एक जनरेटर भी बरामद किया था। भारी मात्रा में उर्वरक गोदाम की फर्श पर फैला पड़ा हुआ था। डीएपी के बैग से नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जांच में गोदाम बगैर लाइसेंस के पाया गया। पुलिस ने आरोपित जगदीश सिंह और उसके पुत्र अतेंद्रपाल सिंह के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उप परियोजना निदेशक के वयोवृद्ध पिता लापता

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खुटहन। पिलकिछा गांव निवासी व जिले में उप परियोजना निदेशक (आत्मा) कृषि प्रसार के पद पर तैनात डा.रमेश यादव के 85 वर्षीय पिता राजपति यादव पिछले 36 घंटे से लापता हो गए हैं। स्वजनों ने हर संभावित ठिकानों पर तलाश के बाद थाने में गुमशुदगी की तहरीर दिया है। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। स्वजनों ने बताया कि उनका प्रोस्टेट की बीमारी का उपचार चल रहा है। डाक्टरों ने उन्हें पेशाब के लिए नली भी लगाया है। इस हालत में भी वह अक्सर घर से गांव में घूमने चले जाया करते थे। मंगलवार की सुबह दस बजे वे घर से बगैर बताए घूमने निकल गये। एक दुकानदार ने बताया कि वे दोपहर के समय खुटहन चौराहे पर दिखाई दिए थे। उसके बाद वे कहां और कैसे चले गए इसकी कोई जानकारी नही लग सकी। स्वजन किसी अनहोनी घटना की आशंका में परेशान हैं।

### अचानक बीचो-बीच हाईवे पर पलटा ट्रैक्टर ट्राली, कई मजदूर दबकर गंभीर रूप से घायल



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। बीसलपुर रसयांखानपुर मार्ग पर चीनी मील से गन्ना सेंटर लगाने जा रहा टैक्टर ट्राली अचानक बीचो बीच हाइवे पर पलट गया। जिसमे कई मजदूर दबकर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके बाद चारों तरफ अफरातफरी मच गयी। राहागीरों ने बड़ी मुश्किल के बाद टैक्टर ट्राली के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला। जिसके बाद सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। बीसलपुर रसयांखानपुर मार्ग पर गन्ना सेंटर लगाने के लिए एक मजदूरों से भरी टैब्क्टर ट्राली बरसिया क्रय केंद्र पर जा रही थी। तभी गांव अमृता खास से पहले ही टैब्क्टर ट्राली अचानक पलट गई। जिसमे आधा दर्जन लोग दबकर घायल हो गये। सभी घायल मजदूरों को नगर के स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। घायल मजदूर में नीबाडाडी निवासी लालता प्रसाद 45 वर्ष, रमाकांत, रामजीत, परशुराम 30 वर्ष, करनपाल कनपरी निवासी 45 वर्ष, सत्यपाल गुलैंदा गौटिया निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। परशुराम, सत्यपाल, लालता प्रसाद की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### एसओ का पिस्टल लहराने का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर। मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव में हंगामे के बीच 60 प्रतिशत मतदान हुआ। ककरौली में पुलिस पर पथराव किया गया। पुलिस पर मतदाताओं को रोके जाने का आरोप लगाया गया। एसओ ककरौली का पिस्टल तानते हुए वीडियो वायरल होने पर हंगामा हो गया। आरोप लगाया कि महिलाओं पर पिस्टल तानी गई है। वहीं एसओ का कहना था कि सामने पथराव कर रहे युवकों को रोकने लिए पिस्टल तानी थी, महिलाएं साइड में खड़ी थीं। उधर व्यववस्था बिगड़ने पर रुड़कली और जौली में तैनात दो उपनिरीक्षक निलंबित कर दिए गए। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने ककरौली एसओ पर मतदाताओं को पिस्टल दिखाने और मतदान से रोकने का आरोप लगाते हुए एक्स पर पोस्ट की। मीरापुर के ककरौली थाना क्षेत्र के स.।ह्र को चुनाव आयोग तुरंत निलंबित किया जाए, क्योंकि वो रिवॉल्वर से धमकाकर वोटर्स को वोट डालने से रोक रहे हैं। मीरापुर में मतदान सुबह सात से शाम पांच बजे तक चला। ककरौली गांव में मुस्लिम मतदाता सड़क पर आए। पुलिस पर आरोप लगाया कि मतदान से रोका जा रहा है। जाम लगाने की कोशिश की गई। पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को हटाना शुरु किया। इस दौरान कुछ युवकों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। एसएसपी अभिषेक सिंह मौके पर पहुंचे और मतदाताओं को समझा बुझाकर शांत किया। एसएसपी अभिषेक कुमार का कहना है कि ककरौली में थानाध्यक्ष कोतवाली का एक वीडियो वायरल साजिश के तहत वायरल किया जा रहा है। ये वीडियो आधी है। पूर्ण सत्य यह है कि यहां दो पक्षों में झड़प की सूचना पर पुलिस पहुंची थी।

## पुलिस महानिरीक्षक ने कोतवाली में सभी पटल का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। पुलिस महानिरीक्षक ने जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली पहुंचकर वहां का औचक निरीक्षण किया तथा अपराध समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रार्थना पत्रों को शीघ्र ही निपटने तथा वारंटी को पकड़कर जेल रवाना करने के भी निर्देश दिए।

बरेली परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर राकेश कुमार सिंह ने कोतवाली पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान महिला हेल्प डेस्क, मुख्य कार्यालय के अभिलेखों का रखरखाव, मेस, बैरिग, अपराध रजिस्टर, आवास, सीसीटीएनएस कार्यालय का बारी-बारी से निरीक्षण किया। उन्होंने कोतवाली में स्थित शस्त्रागार तथा माल खाने को भी देखा। इसके पश्चात उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कक्ष में बैठकर अपराधों की समीक्षा भी की। जिसमें उन्होंने कोतवाली पुलिस का कार्य संतोष जनक पाने पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने वारंटी तथा अपराधियों के ऊपर शिकंजा कसने के भी कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला, निरीक्षक क्राइम विनोद कुमार शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, उप निरीक्षक आयुष कुमार, निपुण चौधरी, गरिमा सहित सभी उप निरीक्षक मौजूद रहे। इसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक बरेली को रवाना हो गए।

# गैंगस्टर की प्राथमिकी में वांछित मां और बेटी को पुलिस ने भेजा जेल

- संगठित गिरोह बनाकर नेपाल से कर रही थी मादक पदार्थों की तस्करी
- संगठित गिरोह बनाकर नेपाल से कर रही थी मादक पदार्थों की तस्करी

जन एक्सप्रेस । हजारा



पूरनपुर। संगठित गिरोह बनाकर मादक पदार्थ की तस्करी, अवैध क्रियाकलापों से समाज में भय व्याप्त कर अपराध करने वाले आरोपितों के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी में वांछित 25, 25 हजार रुपये की इनामी गैंगस्टर मां बेटी को हजारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया। लंबे समय से दोनों फरार चल रही थी।

नेपाल सीमावर्ती हजारा थाना क्षेत्र के गांव बाजारघाट निवासी पालो कौर पत्नी कक्का सिंह और उसकी पुत्री सुमन कौर शातिर मादक पदार्थ तस्कर हैं। आरोपित संगठित गिरोह बनाकर नेपाल से मादक पदार्थों की तस्करी और आपूर्ति करते हैं। गिरोह के आरोपितों का समाज में भय व्याप्त है। गांव का कोई भी व्यक्ति आरोपितों के विरुद्ध गवाही देने का साहस नहीं जुटा पाता है।दोनों पर कई प्राथमिकी लिखी हुई है। मादक पदार्थ के धंधे से परिवार को आर्थिक और भौतिक लाभ देने के मामले में पिछले माह मां बेटी के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद दोनों वांछित थी। पुलिस लगातार सुरागरसी कर रही थी लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पा रहा था। पुलिस ने दोनों पर 25, 25 हजार की इनाम घोषित किया। बुधवार को थाना पुलिस को सूचना मिली कि दोनों गैंगस्टर अपने घर पर हैं। पुलिस ने दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर हजारा प्रकाश सिंह ने बताया कि मां बेटी पर एक माह पहले गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। वांछित होने पर इनाम घोषित कर दिया। दोनों पर मादक पदार्थों की तस्करी में गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया गया था। मां बेटी का मेडिकल कराकर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक सौरभ कुमार, उप निरीक्षक रविन्द्र पाल, कांस्टेबल ललित कुमार, नितिन कुमार, सरिता यादव शामिल रही।

# गांव गांव में लगाया जाएगा सदस्यता शिविर- अनुराग मिश्र



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने बुधवार को तहसील के निकट सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने सदस्यता अभियान मे आप की सदस्यता ग्रहण किया। अभियान का शुभारंभ प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी ने किया। जिसमें पूर्वांचल प्रांत के प्रभारी अनुराग मिश्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी गांव गली चलायेंगी सदस्यता अभियान। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला उपाध्यक्ष ग़ालिब शेख ने सदस्यता ग्रहण कर रहे सदस्यों को मीठा खिलाकर मुंह मीठा किया। जिला महासचिव विनोद कुमार प्रजापति ने आम आदमी पार्टी का सदस्यता कैंप स्थल पर आप का झंडा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को सौंप कर मनोबल बढ़ाया और कहा कि आने वाले समय में आप पार्टी उत्तर प्रदेश में एक विकल्प होगी। और भाजपा के गलत नीतियों का विरोध किया जाएगा। सदस्यता अभियान कैंप में पदाधिकारी ने शपथ लेते हुए कहा कि आने वाले चुनावों के लिए युवा पूरी तरह से जुड़ जाए। यह अभियान का कारवां रुकेगा नहीं। जिसे बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान की जाएगी।

जिससे अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान सफल हो सके। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह सुनील मौर्य दिलीप कुमार विश्वकर्मा विधानसभा अध्यक्ष शिवाजी मिश्र अच्छे लाल तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों के आय का मुख्य स्रोत रही रत्ना शुगर मील खंडहर में तब्दील

जन एक्सप्रेस । विपिन तिवारी

शाहगंज। तहशील शाहगंज में कभी किसानों का मुख्य स्रोत रही रत्ना शुगर मील आज खंडहर में तब्दील हो गई। विभिन्न राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि मील चालू करने के नाम पर चुनावी मुद्दा बनाकर किसानों का वोट हासिल करते रहे परंतु आज मिल पूर्णता खंडहर में तब्दील हो गया है। यही नहीं मील की जमीन पर भू माफियाओ की नजर पड़ गई और मील की जमीन पर अबैध कब्जे हो रहे हैं।जबकि इसकी स्थापना वाराणसी के व्यापारिक घराने से संबन्ध रखने वाले राय प्रेमचन्द समेत चार अन्य व्यापारिक बन्धुओं ने मिलकर देश की आजादी के पूर्व करीब सन् 1932 में शाहगंज नगर के फैजाबाद मार्ग पर क्षेत्र के किसानों की खुशहाली के दृष्टिगत रत्ना शुगर मील के नाम से चीनी मील को स्थापित किया था,इस शुगर मील की स्थापना से जहां एक ओर क्षेत्र का गौरव बढ़ा, वही दूसरी तरफ आस पास के किसानों के आय का एक नया अवसर प्राप्त हुआ, मील मालिकों द्वारा किसानों के गन्ने को सुगमता पूर्वक मील तक अवागमन हेतु उस समय क्षेत्र के कई मार्गों का भी निर्माण कराया गया था इसका नतिजा यह हुआ की इस क्षेत्र के साथ -साथ सुल्तानपुर, आजमगढ़, और तत्कालीन फैजाबाद अब अम्बेडकर नगर जैसे नजदीकी जिलों से जुड़े हुए किसान भी अपनी सुविधा अनुसार गन्ना लेकर भारी मात्रा में यहां आने लगे, यहां पर सड़क मार्ग के अलावा रेल मार्ग से भी लोगो द्वारा गन्ने की पेराई के लिए पहुंचने लगा, इसका परिणाम यह हुआ की जहां किसान अपनी आय में वृद्धि देख खुशहाल होते गए, वही मील मालिक मालामाल होते गए, आस पास के क्षेत्र के किसानों में गन्ना के फसल की एक क्रांति सी आ गई, लोगों द्वारा गन्ने की खेती व्यापक रूप से किया जाने लगा, और संबन्धित किसानों के गन्ने यहां आने पर बकाया आदि का भुगतान समय से यह सिलसिला निरन्तर चलता रहा, पर दुर्भाग्य से इसी दौरान एक समय ऐसा आया जब वर्ष 1986 में मील मालिकों द्वारा मील घाटे में का हवाला देते हुए रत्ना शुगर मील शाहगंज को उसके मालिकों द्वारा बन्द कर दिया गया, यह खबर सुनकर क्षेत्र के किसानों द्वारा अपने बकाया के भुगतान हेतु आंदोलित हुए तो सरकार ने इसे संज्ञान में लेते हुए अप्रैल 1989 में उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के भुगतान के लिए रत्ना शुगर मील शाहगंज को अपने पास अधिग्रहण कर रत्ना शुगर मील से उत्तर प्रदेश राज्य चीनी मील निगम लिमिटेड कर इसे फिर चालू किया, परंतु पूरानी पड़ी इस मील की मशीनों का नवीनी करण ना होने के कारण यह अधिक दिनों तक नहीं चल सकी, सरकार भी मील के सुचारु रूप से संचालन में सफल नहीं हुई, जिसका दूरगामी प्रतिकूल परिणाम यह हुआ की वर्ष 2009 में तत्कालीन बसपा सरकार ने इस मील का अपने अधिकारियों का एक टीम गठित कर मूल्यांकन करा कर 30 मार्च 2011 को इस क्षेत्र का गौरव रत्ना शुगर मील को 9 करोड़ 75 लाख रुपये में पोंटी चड्ढा की कम्पनी माएलो इंफ्राटेक को महज चंद दामों में बेच दिया अधिकारियों की मिली भगत से, जब की स्थानीय लोगों का कहना था की उस समय इस मील की कीमत 50 करोड़ से अधिक धनराशि की थी, तब से उक्त मील पर क्रेता द्वारा प्राइवेट सुरक्षा गार्ड रखकर अपने संरक्षण में कर लिया गया था, वर्तमान में वहां पर चीनी मील के नाम पर सिर्फ महज कुछ खंडहर बचे है मशीने सभी वहां से हटा दिया गया है,

जबकि बिक्री में भारी वित्तीय अनमियता का आरोप लगाते हुए उसी समय लोगों द्वारा हाई कोर्ट प्रयागराज में मुकदमा दायर कर दिया गया था जो आज भी कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है, आगे देखना यह होगा की क्षेत्रवासियों के इस चीनी मील को एक बार पुनः संचालन का सपना साकार होगा या अधूरा ही रहेगा यह समय के गर्भ में ही है।

# दस घण्टे पड़ी तड़पती रही महिला किसी ने नहीं दिया ध्यान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



कांशीराम कालोनी में जो महिला खून से लथपथ मिली थी वो कमरे की फर्श पर करीब 10 घण्टे तक पड़ी तड़पती रही। महिला के तड़पने की आवाज कमरे के बाहर तक सुनाई पड़ रही थी लेकिन पड़ोसी घटना से अनजान बने रहे। ऐसे में दोपहर के समय जब एक महिला उधर से गुजरी तो कुछ लोगों ने उन्हें रोका और घटना के बारे में बताया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन स्थित कांशीराम कालोनी के ब्लॉक 3 के कमरा नम्बर 34 में रहने वाली महिला पर रात के समय जानलेवा हमला हुआ। उससे पहले हमलावरों ने कमरे में बैठकर दारू और चखने का सेवन किया। ये घटना रात के समय हुई और दोपहर तक महिला कमरे की फर्श पर पड़ी तड़पती रही।

## आहट सुनने के बाद कोई पड़ोसी पास नहीं गया

आहट सुनकर भी कोई पड़ोसी बाहर नहीं निकला। न ही किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। दोपहर करीब 2 बजे कालोनी की रहने वाली मीना बाजार जाने के लिए ब्लाक तीन की तरफ से गुजरी तो वहां कुछ लोग खड़े कानाफूसी करते नजर आए। महिला को देखकर उन लोगों ने 34 नम्बर रूम में किसी वारदात की आशंका व्यक्त की तो मीना ने दरवाजा खटकाया। आवास में पीछे साइड का दरवाजा खुला था, जहां से हमलावरों के भागने का अनुमान है।

## खून से लथपथ जमीन पर कराह रही थी

जानकारी होने पर मीना पीछे वाले गेट से कमरे में पहुंची तो वहां प्रीती नाम की महिला खून से लथपथ जमीन में पड़ी कराहती नजर आई। उनके कपड़े अस्तव्यस्त थे। ऐसे में मीना ने तत्काल 112 नम्बर डायल कर पुलिस और 108 नम्बर डायल कर एम्बुलेंस को मामले की जानकारी दी। जिसके कुछ देर बाद पुलिस और एम्बुलेंस कालोनी पहुंच गई और घायल प्रीती को जिला अस्पताल लेकर पहुंची।

मीना ने बताया कि जहां प्रीती जमीन में पड़ी कराह रही थी, वहीं पर शराब की एक बोतल, 4 गिलास और नमकीन का पैकेट पड़ा हुआ था। जिससे जाहिर होता है कि कमरे में 4 लोग रहे होंगे, जिन्होंने पहले शराब और चखने का सेवन किया। उसके बाद महिला की हत्या के प्रयास किए।

## महिला को धमकी देता था अपराधी किस्म का व्यक्ति

कांशीराम कालोनी की रहने वाली मीना ने बताया कि जब तक प्रीती का हस बैंड अशोक कुमार जीवित था, तब उनके यहां चिरैयागंज मोहल्ले का रहने वाला अपराधी किस्म का एक व्यक्ति आता-जाता था, जिसका भतीजा हिस्ट्रीशीटर है।

हसबैंड की मौत के बाद महिला दिल्ली रहने लगी थी। कांशीराम कालोनी में रहने वाले नरेश के पास अक्सर महिला आती रहती थी, ये बात चिरैयागंज मोहल्ले के रहने वाले अपराधी किस्म के व्यक्ति को बुरी लगती थी। जिस वजह से वह महिला को धमकी भी दे चुका था। बताया गया कि उस व्यक्ति के खौफ की वजह से महिला कमरे से बाहर नहीं निकलती थी।

कांशीराम कालोनी में महिला पर हुए जानलेवा हमले को लेकर शुरुआती जांच में पुलिस के शक की सुई नरेश नाम के उस व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूम रही है, जिसके साथ महिला 2 या 3 दिनों से कमरे में रह रही थी। माना जा रहा कि नरेश से महिला का कुछ विवाद हुआ होगा और उसने किसी वजनदार वस्तु से महिला के सिर पर हमला कर दिया होगा। जिस कारण वह मरणासन्न होकर फर्श पर गिर पड़ी। जिसके बाद नरेश वहां से भाग गया। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कमरे में शराब की एक बोतल और 4 गिलास भी पड़े मिले, साथ में नमकीन का पैकेट भी पड़ा हुआ था। कालोनी वासियों की बात पर यकीन करें रात के समय कमरे में 4 व्यक्ति रहे होंगे। जिन्होंने दारू और चखने का सेवन किया, फिर महिला की हत्या करने के लिए उस पर हमला किया।

## महिला के होश में आने का इंतजार

हालांकि पुलिस इस प्रकरण में महिला के होश में आने का इंतजार कर रही है। इसके साथ ही नरेश का पता लगाने में जुटी हुई है। इन दोनों लोग ही घटना की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सहायता मिल सकेगी।

## अय्याशी का अड्डा बनकर रहे गईं कांशीराम कालोनियां

गरीबो को आवास देने की मंशा से कन्नौज शहर के 6 अलग-अलग स्थानों पर बसपा सरकार में कांशीराम कालोनियों का निर्माण कराया गया था। शहर के मोहल्ला चौधरीसराय, पुरानी पुलिस लाइन, चिरैयागंज, ईदगाह, नगर कोटि और लुधपुरी मोहल्ले में कांशीराम कालोनियां बनी हुईं है। जिनमें करीब 1500 आवास हैं। नगर पालिका की ओर से इन्हें गरीबों में पात्रता के आधार पर वितरित कर दिया गया था। हालांकि कई आवासों का आवंटन नहीं हो पाया था।

इसके बावजूद ताला तोड़कर दबंग, दारूबाजों और अय्याश टाइप के लोगों ने आवासों में कब्जा जमा लिया। यहां जिस्मफरोसी से लेकर कई अवैध काम होते हैं। अपराधी किस्म के लोग भी इन्हीं कालोनियों में छिपे रहते हैं। कालोनी में परिवार के साथ रहने वालों को अपराधी किस्म के लोगों के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किशोरियों और युवतियों की सुरक्षा को लेकर डर का माहौल रहता है। आवंटन के बाद से न तो इन कालोनियों की जांच हुई और न ही कब्जेदारों पर कोई कार्रवाई की गई।

# विदेशी मेहमानों के कलरव से गुंजायमान हुआ पक्षी विहार



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

सर्दी का असर बढ़ना शुरू होने के साथ ही लाख बहोसी पक्षी विहार विदेशी पंछियों के कलरव से गुंजायमान होने लगा है। झील में रंग-बिरंगे विदेशी मेहमानों की मौजूदगी लोगों को आकर्षित करने लगी है। अब चार महीने तक विदेशी पक्षियों का डेरा यहां रहेगा। पक्षी प्रेमी पर्यटकों का पहुंचना भी शुरू हो चुका है।

तिर्वा तहसील क्षेत्र के लाख बहोसी गांव में पक्षी विहार की स्थापना 1986-87 में तत्कालीन सांसद व बाद में दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं स्व.शीला दीक्षित ने की थी। 80 वर्ग किलोमीटर का पक्षी विहार लाख और बहोसी गांव में दो झीलों को मिलाकर बनाया गया है। इसमें बहोसी गांव की 250 हेक्टेयर और लाख गांव की 120 हेक्टेयर जमीन शामिल है। सर्दी शुरू होते ही विदेशी के साथ स्थानीय पक्षी भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराना शुरू कर देते। 70 से अधिक प्रजाति के स्थानीय तो 60 से अधिक विदेशी प्रजातियों के पक्षी आते हैं। सर्दी खत्म होते ही सभी पक्षी वापस चले जाते हैं। हर साल 10 से 12 देशों के पक्षी आते हैं।

## सुविधाओं को बढ़ाने से बढ़ सकता व्यापार

तहसील क्षेत्र में एक मात्र पर्यटक स्थल इस पक्षी विहार में विभाग के अनुसार पिछले साल 2945 लोगों घूमने आए। इनसे टिकट के माध्यम से एक लाख रुपये से अधिक की आय हुई। पक्षी विहार में सुविधाओं के अभाव में पर्यटक विमुख हो रहे हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास सक्सेना ने बताया कि सालाना पांच से छह लाख रुपये आता है वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं बढ़ाई जाए तो व्याधार मिलेगा।

## छह देशों के तीन हजार से ज्यादा पक्षी पहुंचे

क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास सक्सेना के मुताबिक इस साल सर्दी शुरू होते ही छह देशों से करीब 25 प्रजाति के तीन हजार से अधिक विदेशी पक्षी आ चुके हैं। साइबेरिया, चाइना, सेंट्रल एशिया, नार्दन यूरोप, तिब्बत, नार्दन एशिया, सेंट्रल यूरोप, रुस, यूक्रेन समेत करीब 12 देशों से 55 से 70 प्रजाति के पक्षी आते हैं। इस समय में करीब 7500 स्थानीय और 2500 से अधिक विदेशी पक्षी झील में अठखेलियां कर रहे हैं।

# विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणकी कार्ययोजना के कम मे महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं संस्था की व्यवस्था का जायजा लिये जाने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विनोद दीक्षित में स्थित वन स्टाप सेंटर का अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेंटर प्रबंधक विनीता कुमारी, प्राविधिक स्वयं सेवक शुभा तिवारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित पाया गया।

निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा निराश्रित महिला और पुलिस द्वारा रेस्क्यू की जाने वाली पीडिताओं के रहने खाने पीने उनकी काउन्सलिंग एवं सेन्टर की सुरक्षा एवं साफ सफाई आदि की व्यवस्था बारे में जानकारी ली गई। सचिव द्वारा सेंटर में आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिए पल रही योजनाओं की समीक्षा की गई केंद्र पर लंबित प्रकरण में पीड़िता के लिए उपलब्ध सुविधाओं स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सीय सुविधाओं पुलिस सुरक्षा विधिक सलाह में अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। वन स्टाप सेंटर के विषय में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में जागरूकता शिविर आयोजन करने के लिये केन्द्र प्रबन्धक विनीता कुमारी को निर्देशित किया गया सेंटर प्रबंधिका एवं अन्य स्टाफ को संस्था में लायी गयी ऐसी महिला एवं बालिकाओं जिनको विधिक सहायता की आवश्यकता हो उनके मामले को चिन्हित कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे उनको विधिक सहायता दी जा सके। निरीक्षण के दौरान समस्त व्यवस्थायें उचित पायी गयी और वर्तमान में सस्था में 03 पीडिताये निवासरत पायी गयी। वाशरूम की दीवारों के टाईल्स टूटे हुए एवं पानी की लीकेज पायी गयी जिसे शीघ्र दुरुस्त कराने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# दुर्घटनाग्रस्त सड़कों का कराया जाय सर्वे



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी श्री शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 30 प्रतिशत एवं दुर्घटना में मृतकों की संख्या में 32 प्रतिशत कमी आयी है। दुर्घटना बाहुल्य सड़क तिर्वा बेला रोड, एवं छिबरामऊ, तालग्राम गुरूसहायगंज रोड सहित अन्य एक-एक सड़कों का विशेषज्ञों द्वारा सर्वे कराकर एक्सीडेंट फ्री रोड बनाये जाने हेतु बेहतर प्लान तैयार किया जाये।

उन्होनें कहा कि पूर्व के चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर कराये गये सुरक्षात्मक उपायों का सत्यापन किया जाये। अधिक दुर्घटनाओं वाली सड़कों पर यातायात के नियमों का पालन कराया जाये। कोहरे को दृष्टिगत रखते हुये सड़क के किनारे, रोड मार्किंग, रेडियम, रिफ्लेक्टर आदि सुरक्षात्मक उपायों को किया जाये। टैक्ट्रर-ट्राली आदि में रिफ्लेक्टर लगाये जाये। आटो/सवारी वाहन में क्षमता से अधिक सवारियों बैठाने पर लाईसेंस निलंबन जैसी कार्यवाही की जाये।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी करें, कि कोई भी अवयस्क छात्र/छात्रायें विद्यालय में दो पहिया वाहन लेकर नही आयेगें। कहा कि विद्यालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जाए। इसके साथ निर्देश दिये कि विद्यालय में वाहन मानक के अनुसार ही संचालित हो।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 पूरन सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुश्री इज्या तिवारी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रा. वि. बदोसरांय प्रथम में छात्रों को वितरित किए गए गर्म कपड़े



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

बुधवार को विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के प्राथमिक विद्यालय बदोसरांय प्रथम में अधिक उपस्थिति वाले छात्रों एवं निपुण छात्रों को विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक अभिषेक सिंह, प्रधानाध्यापक धर्मराज, सहायक अध्यापिका पूजा देवी, पूनम वर्मा, शबीना इब्राहिम, शिक्षामित्र अर्शिया खातून ने अपनी निज धनराशि से कुल 75 छात्रों को शीतलहर प्रारंभ होने के पूर्व स्वेटर एवं मोजों का वितरण किया। इस मौके पर प्राथमिक षिक्षक संघ के अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि स्टाफ के सहयोग से छात्रों का उपस्थिति प्रतिशत बढ़ाने एवं शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय को निश्चित समयावधि में निपुण बनाने हेतु यह निर्णय लिया गया। प्रत्येक वर्ष इस परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। बताते चलें विद्यालय में कुल 227 छात्र नामांकित हैं एवं प्रत्येक कार्य दिवस में छात्रों को विद्यालय में उपस्थित रहने हेतु अभिभावक संपर्क के साथ साथ निपुण बनाने की दिशा में पूर्ण मनोयोग से प्रयास किया जाता है। पूर्व में प्रमुख सचिव बाल पुष्टाहार विभाग सारिका मोहन द्वारा विद्यालय निरीक्षण के दौरान विद्यालय के भौतिक एवं अध्यापन कार्य से प्रसन्न होकर विद्यालय की तुलना मांटेसरी विद्यालय से की थी।

# आश्वासन बाद भी नहीं बना पीपा पुल, ग्रामीणों में आक्रोश

- कल्याणी नदी के किनारे ग्रामीण एक हफ्ते से दे रहे धरना, मूकदर्शक बना प्रशासन

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के बाजपुर कल्याणी नदी घाट पर पीपा पुल बनाने की मांग को लेकर पिछले एक हफ्ते से ग्रामीणों का प्रदर्शन चल रहा है। पीपा पुल बनाने की मांग पर अड़े ग्रामीणों को प्रशासन की किसी भी आष्वासन पर भरोसा नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा, तब तक वो धरने पर बैठे रहेंगे। ग्रामीणों के इस प्रदर्शन को कई और संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के पारा हाजी गांव के ग्रामीणों का धरना बीते बुधवार से जारी है। कल्याणी नदी के किनारे ही ग्रामीण धरना दे रहे हैं। उनकी मांग कल्याणी नदी पर पीपा पुल बनाने की है। धरनास्थल पर सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर वार्ता भी की थी और आश्वासन दिया था कि खिचड़ी के बाद पुल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा, लेकिन प्रदर्शनकारी ग्रामीण नहीं माने। उनका कहना था कि पहले भी इस तरह के कई आश्वासन दिए जा चुके हैं, लेकिन आज तक पुल निर्माण नहीं शुरू हुआ। इसलिए जब तक पुल पर निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, वो धरना देते रहेंगे। दरअसल तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के बाजपुर ग्राम पंचायत में कल्याणी नदी पर पीपा पुल बनाने की मांग को लेकर पाराहाजी गांव के तमाम महिला-पुरुष पहले भी कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया था, लेकिन मौजूदा सांसद के आष्वासन पर उन्होंने मतदान में हिस्सा लिया था, लेकिन कई माह बीतने के बाद जब पुल निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो वो फिर धरने पर बैठ गए। पिछले एक हफ्ते से ग्रामीण धरने पर हैं। 111 धरना स्थल पर दूसरे संगठन के लोग भी पहुंच रहे हैं। मंगलवार को वहां पहुचे भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने भी अपना सर्मथन दे दिया। धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों के साथ भाकियू के लोग भी धरने पर बैठकर पुल की मांग करने लगे। पुल की मांग को लेकर शुरू किया गया धरना धीरे धीरे उग्र रूप लेने लगा है। धरना दे रहे ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार बाजपुर कल्याणी नदी घाट पर पुल बनाने की मांग अधिकारियों से की जा रही है। इसके बाद भी इस घाट पर पुल का निर्माण नहीं कर जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुल के बन जाने से तहसील रामसनेहीघाट सहित बाराबंकी वह अन्य स्थानों के जाने के लिए सुगम मार्ग हो जाएगा और दूरी भी काम तय करनी पड़ेगी।

# बछड़े के मौत मामले में पशु चिकित्सक ने लोगों को गुमराह कर कराए फर्जी हस्ताक्षर

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। नगर के मोहल्ला पचघरा में पशु चिकित्सक की लापरवाही से नवजात बछड़े की हुई मौत के मामले में विभागीय कर्मचारी पेशबंदी पर उतर आए। बचाव के रास्ते खोजते हुए बुधवार को इस मोहल्ले में पहुंचे पशु चिकित्सालय के कर्मचारी लोगों को गुमराह कर एक कागज पर नाबालिग समेत उनके हस्ताक्षर करा लाए। जिसमें पशु चिकित्सकों द्वारा मौके पर सम्बंधित गाय का इलाज किए जाने की बात लिखी गई थी। इसका खुलासा होने पर सभी ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौपा। जिसमे कर्मचारी द्वारा गलत तथ्य प्रस्तुत कर हस्ताक्षर करा लेने की बात कही गई है।

मालूम हो सोमवार को मोहल्ला पचघरा में निराश्रित गाय ने तड़पते हुए बछड़े को जन्म दिया था। उनकी दशा देख महिलाओं समेत काफी लोग एकत्र हो गए। नागरिकों द्वारा इन जानवरों को देखने का लगातार आग्रह किया गया। पर मनमानी दिखाते हुए चिकित्सक ने अभद्रता करते हुए इलाज करने से साफ मना कर दिया। गुस्साए नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया तो एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा। लेकिन तब तक नवजात बछड़े की मौत हो चुकी थी। इसके विरोध में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा था। मामला तूल पकड़ता देख पशु चिकित्सालय के कर्मचारी मंगलवार को मोहल्ले के कुछ लोगों को गलत तथ्य समझा कर एक कागज पर हस्ताक्षर करा लाए। जिसमे नाबालिग किशोर तक शामिल है। कागज में गाय का इलाज एक दिन पहले ही किये जाने की बात लिखी गई थी। इसका खुलासा होने पर सभी ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। उधर, राजेश नामक कर्मचारी ने खुद को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बताते हुए कहा, कि वह चिकित्सालय अधीक्षक के कहने पर हस्ताक्षर कराने गया था।

# नवाब केस में किशोरी के बयान हुए

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। बहुचर्चित नवाब रेप प्रकरण में पीड़िता को बयान के लिए पॉक्सो एक्ट कोर्ट में मंगलवार को पेश किया गया। पहले दिन बयानों की शुरुआत हुई। कोर्ट में देर से सुनवाई शुरू होने तथा अभियोजन के वकील की तबीयत बिगड़ने से बयान पूरे नहीं कराए जा सके। इसके लिए कोर्ट ने बुधवार 20 नवंबर की तारीख तय की। शहर के एक निजी कॉलेज से सपा नेता रहे नवाब सिंह यादव को किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में अगस्त के महीने में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी जिला जेल में निरुद्ध है। प्रकरण में मुख्य आरोपी समेत तीन पर पुलिस की तरफ से गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई की जा चुकी है। कोर्ट का ट्रायल शुरू हो गया है। इस क्रम में मंगलवार को किशोरी को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय लाया गया। यहां दोपहर बाद बयान की प्रक्रिया शुरू हो सकी। कोर्ट सूत्रों ने बताया कि पहले दिन कुछ बयान दर्ज होने के बाद शासकीय अधिवक्ता की तबीयत बिगड़ गई। इससे कार्यवाही को रोकते हुए अगले दिन की तारीख लगा दी गई।

# लोकनिर्माण विभाग की नई नीतियां जनविरोधी- विजय कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



शासन द्वारा स्वीकृत कार्यो के साथ पांच वर्षों की अनुरक्षण नीति के चलते बाराबंकी कान्ट्रेक्टर एसोसिएशन ने गुरूवार को लोक निर्माण विभाग अयोध्या परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर ठेकेदारों की आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव और महामंत्री विजय कुमार सिंह 'मुन्ना' की अगुवाई में उपस्थित ठेकेदारो ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग की नई नीतियों को जनविरोधी और विभाग के लिए घातक बताया है। वहीं बाराबंकी कान्ट्रेक्टर एसोसिएशन ने अधिशाषी अभियन्ता के माध्यम से छह सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री समेत प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, प्रमुख अभियन्ता व मुख्य अभियन्ता (विकास)/ विभागध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ एवं मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग अयोध्या परिक्षेत्र को भेजा। ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उ.प्र. शासन द्वारा प्रदेश के ग्रामीण मार्गो पर पांच वर्षीय अनुरक्षण लागू किया जा रहा है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के अधिकारी खुद भी असमंजस में हैं। जिसका ठेकेदारों ने तकनीकी आधार पर विरोध किया है। अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा पांच वर्षों के अनुरक्षण की शर्ते यदि ठेकेदारों पर थोपी जाती है तो विभाग को ठेकेदारों का पंजीकरण दो वर्षो बजाए पांच वर्ष के लिए किया जाना आवश्यक है। महामंत्री विजय कुमार सिंह 'मुन्ना' ने कहा कि शासन द्वारा मनाही के बावजूद लोकनिर्माण विभाग के कुछ खण्डों में प्रत्याशा में बिना वित्तीय स्वीकृत कार्यों की निविदा को लगाकर ठेकेदारों की धरोहर धनराशि फंसा दिया जाता है। वित्तीय बिड को कार्य पर स्वीकृति प्राप्त होने पर ही खोला जाता है अन्यथा दो-तीन माह विविदा पर विचार न करके उसे निरस्त करने का भी कार्य किया जाता है। पंजीकरण का नवीनीकरण के पूर्व विभाग ग्रामीण मार्गो पर नवीनीकरण एवं विशेष मरम्मत के कार्य जोकि ठेकेदार द्वारा कराए जाते है जिसका निर्माण कंक्रिस्ट वाली सड़कों पर किया जाता है। वर्तमान समय में ओवर लोड ट्रकों के अवागमन से सड़कों का क्षतिग्रस्त होना आवश्यक सम्भावी है। वहीं ग्रामीण मार्गो पर जल निकासी कोई प्रबंध न होने तथा बरसात में पेटेड मार्ग के क्षतिग्रस्त होने सम्बंधी परेशानियों के निराकरण की मांग की है। इस दौरान भरतलाल सिंह, अजय मानु सिंह, अजय कुमार सिंह, अनुपम सिंह राठौर, कृष्ण प्रताप सिंह, विनय कुमार सिंह, मृत्युजंय शर्मा, सत्यवान वर्मा, यशपाल सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता, राजेश वर्मा, राम नयन, राम बक्श रावत, राज करन सिंह, लाल बहादुर, देशराज, धन्नू तिवारी, बराती वर्मा, विजय सिंह, सर्वेश सिंह, आदि शामिल रहे।

# बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आगामी बोर्ड परीक्षा 2025 केन्द्र निर्धारण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा केन्द्र निर्धारण में शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाये। आपत्तियों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूर्ण करे। जो विद्यालय मानक के अनुरूप है उन्ही विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जाये। केन्द्र बनाये जाने वाले विद्यालयों के सुरक्षित चाहरदीवारी, प्रत्येक कक्ष में सी0सी0टी0वी0 कैमरा आदि व्यवस्था अनिवार्य रूप से होने चाहिए है। बोर्ड परीक्षा नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करें ।

उन्होने कहा कि वर्ष 2025 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की हाईस्कूल में 24416 व इण्टरमीडिएट में 24783 कुल संख्या 49199 है। वर्ष 2024 में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 51784 थी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा वर्ष 2025 में 75 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया है। तथा जनपदीय समीति द्वारा वर्ष 2025 में 99 परीक्षा केन्द्रों को प्रस्तावित किया गया है। -परीक्षा 2025 केन्द्र निर्धारण के संबधं में कुल 114 आपत्तियां प्राप्त हुई है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 पूरन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो ढाबा संचालको में चले ईंट पत्थर

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

बाइपास रोड पर अगल-बगल में वेज और नानवेज ढाबा संचालित हैं। वेज ढाबा हिन्दू का है, जबकि नानवेज ढाबे का संचालन मुस्लिम का है। यहां ट्रक खड़ा कराने को लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौज हो गया। देखते ही देखते हाथापाई हो गई और ईंट-पत्थर चलने लगे। जिसमें कुछ लोग चोटिल हो गए। एक पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है।

सदर कोतवाली की पाल चौराहा चौकी क्षेत्र के बाइपास रोड पर सूबेदार पेट्रोल पम्प के सामने संचालित दो ढाबा मालिकों और कर्मियों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूसे और ईंट-पत्थर चले। जिसक विडियो भी सामने आया है। जिसमें कुछ लोग चोटिल हो गए हैं। घटना को लेकर गौरव तिवारी ने सदर कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पड़ोस में न्यू कन्नौज राजा ढाबा संचालित है। जिनसे उनकी व्यापारिक प्रतिस्पर्धा रहती है।

इसी से खुन्नस खाकर ढाबा संचालक इल्जाम और उनके समर्थक देर शाम अचानक से आ गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।

उन्होंने महिलाओं से भी धक्कामुक्की और अभद्रता की। पुलिस ने चोटिल गौरव तिवारी, गौरव द्विवेदी और विपिन दुबे को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। जिसके आधार पर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

बाइपास रोड पर गौरव तिवारी का नमस्कार ढाबा संचालित है, जोकि शाकाहारी है। इसी के बगल में इल्जाम और इंतजार का न्यू कन्नौज राजा ढाबा संचालित है, जहां नानवेज मिलता है। गौरव तिवारी अपने परिवार के साथ ही नमस्कार ढाबा की दूसरी मंजिल पर रहते हैं, जबकि इल्जाम और इंतजार पास के ही गांव अहमदपुर रौनी के निवासी हैं।

# ईवी बैटरी पर जीएसटी में कटौती हो और चार्जिंग दरें हों कमः ईवी निर्माता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में ईवी उद्योग ने इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों पर जीएसटी कम करने की मांग फिर से उठाई है, ताकि उन्हें और ज्यादा किफायती बनाया जा सके। और साथ ही देश भर में इसे अपनाने को बढ़ावा मिले। उद्योग यह भी चाहता है कि ईवी चार्जिंग सर्विस की दरें कम की जाएं ताकि ईवी को खरीदारों के लिए ज्यादा आकर्षक बनाया जा सके। ईवी बैटरियों पर इस समय जीएसटी दर 18 प्रतिशत है। उद्योग चाहता है कि नजदीकी भविष्य में जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाए। भारत में ईवी चार्जिंग के लिए भी इसी तरह की दरें लागू हैं। ईवी बैटरियों पर जीएसटी दर कम करने और चार्जिंग दरों को कम करने का प्रस्ताव काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक-सीईओ और फिक्की इलेक्ट्रिक व्हीकल कमेटी की अध्यक्ष सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान पेश किया। उन्होंने सभी क्षेत्रों में ईवी की बिक्री बढ़ाने में मदद करने के लिए पीएम ई-ड्राइव फंड को बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। मोटवानी ने यह भी कहा कि ईवी बैटरियों और चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने की औपचारिक सिफारिश को विचार के लिए जीएसटी परिषद के सामने रखा जाएगा। ईवी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जीएसटी दरों को कम करने की जरूरत के बारे में बताते हुए, मोटवानी ने कहा कि टैक्स को युक्तिसंगत बनाने से ईवी को ज्यादा खरीदारों के साथ मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, फिलहाल चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी अभी भी 18 प्रतिशत है, जिसे हम 5 प्रतिशत तक कम करने का अनुरोध करेंगे। ताकि उपभोक्ताओं के लिए चार्जिंग ज्यादा किफायती हो जाए। जबकि ईवी पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है, बैटरी पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। इसलिए अनुरोध है कि इसे घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए ताकि जब उपभोक्ता रिप्लेसमेंट बैटरी खरीदें, तो यह ज्यादा किफायती हो।÷ मोटवानी ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहनों की समीक्षा करने की जरूरत पर भी जोर दिया। इस साल अक्तूबर में, केंद्र ने भारत में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने और ईवी मैन्युफेक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में मदद करने के लिए 10,900 करोड़ रुपये के आउटले (परिव्यय) के साथ ईवी-इंसेंटिव योजना शुरू की। मोटवानी ने कहा, हमारा मानना है कि चूंकि मांग बढ़ रही है, इसलिए शायद प्रोत्साहन राशि की समीक्षा की जानी चाहिए। ताकि पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत बजट को समग्र रूप से बढ़ाया जा सके। और यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगले दो वर्षों में बेचे जाने वाले वाहनों की कुल संख्या प्रोत्साहन के लिए पात्र हो।

### भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी हो रही है, जबकि अन्य बाजारों में हाल के महीनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में गिरावट आई है। इस साल की पहली छमाही में भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 2023 की इसी अवधि की तुलना में 19 प्रतिशत तक बढ़ गई। अब इसका लक्ष्य एक कैलेंडर वर्ष में 10 लाख बिक्री का आंकड़ा पार करना है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि केंद्र का लक्ष्य इस दशक के आखिर तक कुल वाहन बिक्री का लगभग 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों से हासिल करना है।

# आपको स्वस्थ रखने में कम नहीं है पैरामेडिकल स्टाफ की भूमिका

**जन एक्सप्रेस। विशेष**

चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों को अक्सर अग्रणी माना जाता है, लेकिन इस क्षेत्र के दूसरे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं - पैरा-मेडिकल स्टाफ और काउंसलर। यह समूह न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि मरीजों की देखभाल और उनके मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



**आकांक्षा उपाध्याय**
साइकोलिजट/मेडिकल सोशल वर्कर (काउंसलर) एसजीपीजीआई

### पैरा-मेडिकल स्टाफ: स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़

पैरा-मेडिकल स्टाफ, जैसे नर्स, लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट और अन्य सहायक कर्मचारी, चिकित्सा क्षेत्र का आधार हैं। यह टीम मरीजों की डायग्नोस्टिक जांच, दवाइयों के वितरण, और उनकी दैनिक देखभाल सुनिश्चित करती है।

### महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्र

- मरीजों के उपचार के दौरान निरंतर देखभाल।
- सर्जरी और मेडिकल प्रोसिजर्स में डॉक्टरों की सहायता।
- रोगों की जांच और निदान के लिए लैब रिपोर्ट तैयार करना।
- आपातकालीन सेवाओं में तत्परता।

*इन सभी कार्यों के बावजूद, पैरा-मेडिकल स्टाफ को वह मान्यता और सराहना नहीं मिलती, जिसके वे हकदार हैं। उनकी जिम्मेदारी और दबाव को देखते हुए, यह जरूरी है कि उन्हें समान मान्यता दी जाए।*

### मनोवैज्ञानिक सहायता

- मरीजों और उनके परिवारों को बीमारी या किसी गंभीर स्थिति के मानसिक दबाव से उबरने में मदद करना।
- क्रॉनिक बीमारियों और पोस्ट-ट्रॉमैटिक स्ट्रेस में मार्गदर्शन।
- स्वास्थ्य कर्मियों, जैसे डॉक्टर और नर्स, को भी भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में सहायता प्रदान करना।

*कोविड-19 महामारी ने इस तथ्य को उजागर किया कि मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। काउंसलर ऐसे समय में फ्रंटलाइन वॉरियर्स की तरह काम करते हैं।*

### काउंसलर: मानसिक स्वास्थ्य में योगदान

चिकित्सा सेवाओं में काउंसलर की भूमिका धीरे-धीरे महत्वपूर्ण होती जा रही है।

### समान योगदान, समान मान्यता की आवश्यकता

चिकित्सा सेवाओं में डॉक्टरों और पैरा-मेडिकल स्टाफ के योगदान के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। पैरा-मेडिकल स्टाफ और काउंसलर का काम अत्यधिक चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण है।

### मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलन

चिकित्सा सेवाओं में यह सुनिश्चित करना कि मानसिक स्वास्थ्य को उतना ही महत्व दिया जाए जितना शारीरिक स्वास्थ्य को दिया जाता है।

### उचित वेतन और सुविधाएं

पैरा-मेडिकल स्टाफ और काउंसलर को डॉक्टरों के समान वेतन और सुविधाएं प्रदान करना चाहिए।

### प्रशिक्षण और प्रमोशन

इनके लिए नियमित ट्रेनिंग और प्रोफेशनल ग्रोथ के अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।

**निष्कर्ष** चिकित्सा क्षेत्र के हर पहलू में पैरा-मेडिकल स्टाफ और काउंसलर का योगदान उतना ही आवश्यक है जितना डॉक्टरों का। समाज और सरकार को इस दिशा में गंभीरता से कदम उठाने चाहिए ताकि इन्हें उनकी मेहनत और योग्यता के अनुरूप मान्यता और सम्मान मिल सके।



## क्या केंद्रीय बजट में दिखाई देगी जी-20 की आम सहमति? कांग्रेस नेता ने वित्त मंत्री से पूछा सवाल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को सवाल उठाया कि क्या भारत में जी20 की घोषणापत्र में नेताओं द्वारा की गई सहमति के अनुसार अल्ट्रा-हाई नेटवर्थ (यूएचएनआई) व्यक्तियों पर प्रभावी रूप से कर लगाया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मंगलवार को अपनाए गए जी20 रियो डी जेनेरियो नेताओं के घोषणापत्र के पैरा 20 में लिखा था कि हम अल्ट्रा-हाई नेटवर्थ व्यक्तियों पर प्रभावी रूप से कर लगाने के लिए सहयोगात्मक रूप से काम करेंगे।

### निर्मला सीतारमण से पूछे सवाल

इसके साथ ही कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले केंद्रीय बजट 2025-26 को 75 दिनों से भी कम समय में संसद में पेश करेंगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए पूछा कि क्या यह सहमति बजट में दिखाई देगी? उन्होंने कहा कि हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 334 अरबपति हैं, जिनमें से प्रत्येक की कुल संपत्ति एक बिलियन डॉलर से ज्यादा है और यह संख्या बढ़ रही है। बता दें कि कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार पर आरोप लगाती रही है कि यह अमीरों के लिए काम कर रही है और इसके शासन में अमीर और अमीर होते जा रहे हैं। हालांकि, भाजपा इन आरोपों को नकारते हुए कहती है कि उसकी सरकार गरीबों के उत्थान के लिए काम कर रही है।

## बिहार सरकार ने सीएम नीतीश कुमार की गाड़ी का काटा चालान, पहले भी कटा चालान, मगर नहीं चुकाई राशि



विपक्ष की मानें तो यह पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री की गाड़ी यातायात के नियमों का उल्लंघन करती पाई गई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

पटना समेत बिहार के सभी जिलों में आम लोग धड़ल्ले से यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाए पाये जाते हैं। यातायात पुलिस उनका चालान भी काटती है। अब एक खास शख्स की गाड़ी का चालान कटा है जो काफी चर्चे में है। वह खास कोई और नहीं बल्कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है। उनकी गाड़ी से नियम तोड़ा गया है। वह प्रदूषण का। मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार रोहतास गए थे। करगहर के कुसही गांव में पश्चिम चंपारण में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के पिता की पुण्यतिथि में शामिल होने सरकारी गाड़ी से गए थे।

### सीएम नीतीश कुमार इस गाड़ी में मौजूद नहीं थे

इसी दौरान पाया गया कि सीएम नीतीश कुमार की गाड़ी (क्र01ष्टरु0077) पॉल्यूशन सर्टिफिकेट फेल है। उसे दुरुस्त नहीं करवाया गया है। इस कारण उनकी गाड़ी चालान कट गया। इस गाड़ी का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट 2 अगस्त 2024 को सामाप्त हो गया है। बावजूद अभी तक सर्टिफिकेट नहीं बनवाया गया है। हालांकि रोहतास टोल पर ऑनलाइन चालान कटते वक्त सीएम नीतीश कुमार इस गाड़ी में मौजूद नहीं थे। वह दूसरी गाड़ी में बैठे थे।

### इससे पहले 23 फरवरी को कटा था चालान

विपक्ष की मानें तो यह पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री की गाड़ी यातायात के नियमों का उल्लंघन करती पाई गई। इससे पहले 23 फरवरी 2024 को गाड़ी का सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चालान काटा गया था, लेकिन अब तक इसका चालान नहीं भरा गया है। अब पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं होने गाड़ी का चालान कट गया।

### चालान कटने पर विपक्ष ने हमला बोला

इधर, सीएम नीतीश कुमार की सरकारी गाड़ी के चालान कटने पर विपक्ष ने हमला बोला है। राष्ट्रीय जनता दल ने कहा कि मुख्यमंत्री के गाड़ी का चालान नहीं कटना यह बताता है कि राज्य में नियम सिर्फ आम जनता के लिए ही लागू है।

## पी चिदंबरम की पोस्ट से मणिपुर कांग्रेस में नाराजगी खरगे को पत्र लिखकर कार्रवाई करने का किया अनुरोध

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**



देश के पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम इन दिनों चर्चा में चल रहें हैं। हाल ही में मणिपुर को लेकर किया गया उनका पोस्ट मणिपुर कांग्रेस के नेताओं की नाराजगी का कारण बना हुआ है। इसी सिलसिले में मणिपुर कांग्रेस ने बुधवार को पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के विवादास्पद पोस्ट की निंदी की है। इसके साथ ही राज्य कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर पी चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खगरे को लिखे पत्र में कहा गया कि हम मणिपुर संकट के बारे में चिदंबरम के पोस्ट की पूर्ण रूप से निंदा करते हैं। इसके साथ ही कांग्रेस नेताओं ने राज्य की एकता और अखंडता के लिए अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बता दें कि मणिपुर में बढ़ते हिंसा के बीच वरिष्ठ कांग्रेस पी चिदंबरम ने एक्स पर पोस्ट कर कहा था कि मैतेयी, कुकी-जो और नगा एक राज्य में तभी साथ रह सकते हैं जब उनके पास क्षेत्रीय स्वायत्तता हो। पूर्व वित्त मंत्री के पोस्ट पर मणिपुर कांग्रेस के नेता और पूर्व सीएम ओकराम इबोबी सिंह ने विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जब हमने उनका पोस्ट देखा मैने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह बयान चिदंबरम की निजी राय हो सकती है लेकिन इससे राज्य में बहुत गलतफहमी पैदा हो सकती है।

## मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध तीन दिन के लिए बढ़ा, राज्य में फैले तनाव को लेकर सरकार का फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर में फैले तनाव के बीच राज्य सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को तीन दिन के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ाने का फैसला किया है। निर्देश के मुताबिक इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थूओबाल, चूराचांदपुर और कांगपोकपी में अगले तीन दिन तक मोबइल इंटरनेट बंद रहेगा। मणिपुर सरकार ने राज्य में अशांति के चलते बंद की गई ब्रॉडबैंड सेवाओं को मंगलवार को तीन दिन बाद बहाल कर दिया था। गृह आयुक्त एन अशोक कुमार ने कहा था कि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। आदेश में कहा गया कि इंटरनेट प्रतिबंध ने महत्वपूर्ण कार्यालयों, संस्थानों और घर से काम करने वाले लोगों के कामकाज को प्रभावित किया है। लोगों की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं के मामले में सशर्त निलंबन हटाने का विचार किया है। वहीं मोबाइल इंटरनेट डाटा पर प्रतिबंध जारी रखने का फैसला किया है।

## महाराष्ट्र-झारखंड में मतदान के बीच कांग्रेस का फैसला एग्जिट पोल की चर्चा में हिस्सा नहीं लेगी पार्टी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। बता दें 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में एक ही चरण में वोटिंग हो रही है, वहीं झारखंड में दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। वहीं इन सबके बीच एक बड़ी खबर सामने आयी है, जिसमें न्यूज एजेंसी एएनआई को कांग्रेस के सूत्रों ने बताया है कि, कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज आने वाले एग्जिट पोल की चर्चा में हिस्सा नहीं लेगी।

### महाराष्ट्र और झारखंड में मतदान की गति

महाराष्ट्र और झारखंड में मतदान की गति की बात करें, तो महाराष्ट्र में उम्मीद के अनुरूप कम मतदान प्रतिशत दर्ज हुआ है। वहीं झारखंड में मतदान की गति महाराष्ट्र के अपेक्षाकृत बेहतर है। महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीट पर शाम छह बजे तक वोटिंग होगी, जबकि झारखंड की 38 में से कुछ सीटों पर शाम 4 बजे तक ही मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतों की की गिनती 23 अक्तूबर को होगी। इसके साथ कई राज्यों में विधानसभा और लोकसभा सीटों पर उपचुनाव भी हो रहे हैं।

### महाराष्ट्र में मतदान की धीमी गति पर नेता चिंतित

महाराष्ट्र में मतदान की धीमी गति पर तमाम नेता-राजनेता चिंतित दिखाई दिए हैं। इस कड़ी में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले पांच वर्षों में मत प्रतिशत कम रहा है और उन्होंने मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए घरों से निकलने का आग्रह भी किया।

### झारखंड के मंत्री की जनता से अपील

इधर झारखंड के मंत्री और जामताड़ा से उम्मीदवार इरफान इंसारी ने कहा, मैं आप सभी से आग्रह करना चाहूंगा कि घर से बाहर निकलें और मतदान करें। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि, हम संथाल परगना की सभी सीटें भारी मतों के अंतर से जीतने जा रहे हैं। बता दें कि झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को हुआ था।

## वोट के बदले नकदी मामले में ईडी ने अहमदाबाद से एक युवक को पकड़ा, दुबई भागने की फिराक में था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के वोट के बदले नकदी मामले में ईडी ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से एक युवक को पकड़ा है। आरोपी युवक दुबई भागने की फिराक में था। अधिकारियों ने बताया कि नागनी अकरम मोहम्मद शफी को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने रोका। वह कथित वोट के बदले नकदी मामले में दुबई भागने की कोशिश कर रहा था। उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। उसे ईडी के सुपुर्द करने प्रक्रिया चल रही है। सात नवंबर को मालेगांव छावनी पुलिस स्टेशन नासिक में मर्चेंट को-ऑपरेटिव बैंक (नैमको बैंक) में 14 नए खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी रकम जमा करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जयस लोटन मिसाल की शिकायत पर चाय और कोल्ड ड्रिंक एजेंसी चलाने वाले सिराज अहमद हारुन मेमन और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर हुई। शिकायतकर्ता ने कहा था कि मेमन ने उसके पहचान दस्तावेजों का उपयोग बैंक खाते और फर्जी संस्थाएं खोलने के लिए किया था।

## सबूत बदलने के मामले में एंटनी राजू के खिलाफ फिर चलेगा मुकदमा: सुप्रीम कोर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केरल के पूर्व मंत्री एंटनी राजू के खिलाफ एक पुराने मामले में निचली अदालत में फिर से कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया। यह मामला 1990 में नशीले पदार्थों की बरामदी से जुड़ा है। आरोप है कि राजू ने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की थी। जस्टिसस सी.टी.रविकुमार और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट का यह फैसला कानूनी रूप से सही था कि राजू के खिलाफ निचली अदालत में फिर से कार्यवाही की जाए। शीर्ष कोर्ट ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह इस मामले की सुनवाई एक साल के भीतर पूरी करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि राजू को 20 दिसंबर या फिर उसके बाद किसी भी तारीख को निचली अदालत में हाजिर होना होगा। राजू जनादिपथ्य केरल कांग्रेस के सदस्य हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने 1990 में नशीली दवाओं की बरामदगी के मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ की थी।

## काजीरंगा नेशनल पार्क में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, जल्द से जल्द करें पूरा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि एनएचएआई काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में लगभग 34 किमी के प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर को जल्द से जल्द पूरा करेगा और इसके साथ ही अन्य हितधारक वन्यजीव-अनुकूल उपाय के लिए पूरा समर्थन प्रदान करेंगे। पीठ ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि असम राज्य और एमओआरटीएच काजीरंगा अभयारण्य के दो हिस्सों को विभाजित करने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं ताकि वन्यजीवों को जंगल के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक आसानी आना जाना हो सके। पीठ ने कहा, हमें उम्मीद है कि एनएचएआई जल्द से जल्द परियोजना को पूरा करेगा और अन्य हितधारकों से भी उम्मीद है कि वे उक्त परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग प्रदान करेंगे। शीर्ष अदालत असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने ध्यान दिया कि शीर्ष अदालत के 13 मार्च के आदेश के अनुसार, असम राज्य और कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) ने मामले में अपने-अपने हलफनामे दायर किए हैं। पीठ ने यह भी ध्यान दिया कि राज्य के हलफनामे के अनुसार, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने लगभग 20 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्जन के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। पीठ ने केएएसी के हलफनामे का भी हवाला दिया, जिसमें राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से लगे क्षेत्रों में खनन गतिविधियों के मुद्दे पर चर्चा की गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि हलफनामे के अनुसार, राष्ट्रीय उद्यान के दक्षिणी भाग की सीमा से लगे क्षेत्रों में खनन गतिविधियां पहले ही बंद कर दी गई हैं।

## आरोप लगाने वाला जेल में, यह दिखाता है भाजपा कितनी गिर गई: सुप्रिया मामले में शरद पवार का बयान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र का भविष्य तय करेंगे। इसके अलावा उन्होंने नाना पटोले और सुप्रिया सुले के कथित %वॉयस नोट% के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने के आरोपों के बाद पार्टी की ओर से मंगलवार को नाना पटोले और सुप्रिया सुले पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। दरअसल, भाजपा ने आरोप लगाया था कि राज्य विधानसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए बिटकॉइन को भुनाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा ने दावा किया था कि इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने पर गंभीर सवाल खड़ा होता है। हालांकि, सुप्रिया सुले और नाना पटोले ने आरोपों का खंडन किया है।

### आरोप ध्यान देने लायक नहीं

शरद पवार ने यह भी कहा कि उनकी बेटी और लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले तथा कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले के खिलाफ भाजपा के आरोप ध्यान देने लायक नहीं हैं। आरोप लगाने वाला व्यक्ति जेल में है। यह दिखाता है कि भाजपा कितनी गिर गई है।

### 'एमवीए को बहुमत मिलना चाहिए'

पुणे जिले के बारामती शहर में वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान शरद पवार ने कहा कि सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह महाराष्ट्र का भविष्य तय करेगा। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे घरों से बाहर निकलें और मतदान करें। यह अच्छी बात नहीं है कि महाराष्ट्र में मतदान प्रतिशत पूर्वोत्तर के छोटे राज्यों से कम है। चुनाव परिणामों को लेकर अपने आकलन के बारे में पूछे गए सवाल पर शरद पवार ने कहा कि एमवीए को बहुमत मिलना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)